नई दिल्ली RNI NO. DELHIN/2010/37009

वर्षः 12

अंकः 29

सोमवार, 15-21 अगस्त 2022

मूल्यः 5 रु प्रति

रु 250 वार्षिक

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 78वीं जयंती पर राहुल गांधी और प्रियंका ने दी श्रद्धांजलि 03

गुजरात मॉडल की बात करने वाले मोदी को भी अब योगी मॉडल ही भाता है 08

# NCR समाचार

'पुतिन का दिमाग' कहे जाने वाले रूसी राष्ट्रवादी विचारक डुगिन की बेटी की कार धमाके में मौत 10

न्यायालय ने एआईएफएफ मामले की सुनवाई टाली, केंद्र ने कहा फीफा से बातचीत जारी 11



इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in

BY C.R.O. TEAM

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

'शेरशाह' का जलवा बरकरार, मिले सबसे ज्यादा नामांकन, रणवीर सिंह की 83 भी लिस्ट में 12

# नीतीश पीएम पद के लिए हो सकते हैं मजबूत उम्मीदवार, तेजस्वी ने गिनाई इसकी वजह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि अगर विपक्ष 2024 के आम चुनाव में प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी के सिलसिले में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम पर सहमति जताता है, तो वह एक 'मजबूत उम्मीदवार' के तौर पर उभर सकते हैं।



हाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का साथ छोड़कर दूसरी बार राजद नीत महागठबंधन के साथ आने वाले कुमार के बारे में यादव ने कहा उनको जमीनी स्तर पर अपार समर्थन हासिल है। जनता दल (यूनाइटेड), राजद, कांग्रेस और अन्य दलों के एकजुट होने के बाद महागठबंधन के सत्ता में आने को तेजस्वी यादव ने ''विपक्षी एकता के लिए शुभ संकेत'' बताया। यादव ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, ''यह संकेत देता है कि अधिकतर विपक्षी दल देश के सामने मौजूद बड़ी चुनौती को समझते हैं। इसमें भाजपा का आधिपत्य भी शामिल है, जिसमें वह पैसे, मीडिया और (प्रशासनिक) मशीनरी के दम पर भारतीय समाज से विविधता और राजनीतिक विमर्श को खत्म करने पर तुली है।'' उन्होंने कहा कि यह राज्यों के स्तर पर क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व, सामाजिक न्याय और विकास के मुद्दों का भी सवाल है।

यादव ने कहा, ''भाजपा सहकारी संघवाद की बात करते हुए लगातार क्षेत्रीय असमानताओं को नजरअंदाज करने की कोशिश कर रही है। बिहार पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, इस बात से कोई भी इनकार नहीं कर सकता। लेकिन क्या हमें केंद्र से कुछ मिला है? बिल्कुल नहीं।''बिहार के उपमुख्यमंत्री यादव ने यह भी कहा कि भाजपा का यह आरोप बेकार और बेमानी है कि महागठबंधन सरकार की वापसी के बाद 'जंगल राज' लौट आएगा। उन्होंने कहा कि यह एक घिसा-पिटा विमर्श और बेवजह हल्ला मचाने का एक अनोखा उदाहरण है। उन्होंने कहा, ''लोग ध्यान भटकाने और गुमराह करने वाले इन हथकंडों को समझते व देखते हैं। यह सोशल मीडिया का जमाना है जहां विमर्श मुख्यधारा का मीडिया नहीं तय करता।'' यादव ने कहा कि क्षेत्रीय दलों और अन्य प्रगतिशील राजनीतिक समूहों को अपने छोटे-मोटे नफा-नुकसान से परे देखना होगा और गणतंत्र को बचाना होगा। उन्होंने कहा कि यदि हमने अब गणतंत्र को बर्बाद होने से नहीं बचाया तो इसे दोबारा स्थापित करना बहुत मुश्किल होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या कुमार 2024 के चुनावों के लिए प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने के लिए सबसे उपयुक्त हैं और क्या वह विपक्ष के उम्मीदवार हो सकते हैं, इस पर यादव ने कहा, ''मैं यह प्रश्न माननीय नीतीश जी पर छोड़ता हूं। मैं पूरे विपक्ष की ओर से बोलने का दावा नहीं कर सकता, हालांकि, यदि विचार किया जाए, तो आदरणीय नीतीश जी निश्चित रूप से एक मजबूत उम्मीदवार हो सकते हैं।'' यादव ने कहा कि पिछले 50 वर्ष से वह (नीतीश)एक सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता रहे हैं। उन्होंने जेपी (जयप्रकाश) और आरक्षण आंदोलनों में भाग लिया। राजद नेता ने कहा, ''उनके (कुमार) पास 37 से अधिक वर्ष का व्यापक संसदीय और प्रशासनिक अनुभव है और उन्हें जमीनी स्तर पर व अपने साथियों के बीच अपार समर्थन प्राप्त है।''

जद(यू) के भाजपा से नाता तोड़ने के बाद कुमार के प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने की चर्चा को बल मिला है। यादव से उन टिप्पणियों के बारे में पूछा गया जो उन्होंने कुमार के भाजपा के साथ रहते हुए उनके खिलाफ की थीं, तो उन्होंने कहा, ''यदि कोई ऐतिहासिक, राष्ट्रीय, समकालीन और क्षेत्रीय दृष्टिकोण से हमारे बीच समानता और अंतर को देखेगा तो पाएगा कि हमारे विचारों और उद्देश्यों में समानता रही है।'' उन्होंने कहा, ''हम समाजवादी आंदोलनों के एक ही विचार से उभरे हैं और मोटे तौर पर समान मूल्यों को साझा करते हैं। कभी-कभी कुछ मुद्दे होते हैं, लेकिन कोई भी ऐसा मुद्दा नहीं होता, जिसका समाधान नहीं किया जा सकता।'' उन्होंने कहा, ''हमने एक जवाबदेह विपक्ष की हैसियत से पिछली सरकार के खिलाफ टिप्पणियां की थीं। मेरे और मेरी पार्टी के सहयोगियों के सभी बयान यह सुनिश्चित करने के लिए थे कि सरकार लोगों की चिंताओं और आवाजों को सुनें।'' यादव ने भाजपा के इस आरोप को बेकार और बेमानी करार दिया कि महागठबंधन सरकार की वापसी के बाद बिहार में ''जंगल राज'' लौट आएगा।

यादव ने कहा, ''गेंद मीडिया के पाले में भी है। इधर-उधर की बात करने के बजाय उन्हें खुद अपने बारे में सोचना चाहिए। अगर भाजपा कहती है कि बारिश होने जा रही है, तो मुख्यधारा के मीडिया वाले हमसे पूछने लगते हैं कि क्या बारिश होने वाली है, इसके बजाय उन्हें खुद पता लगाना चाहिए कि ऐसा होने वाला है या नहीं।'' दस लाख नौकरियों के अपने वादे और इस बारे में चर्चाओं पर यादव ने कहा, ''हमने सबसे पहले, प्राथमिकता के आधार पर मौजूदा रिक्तियों को भरने का फैसला करके गंभीरता से इसकी शुरुआत की है।

# हिरासत में लिए गए टिकैत

## बोले- सरकार के इशारे पर काम कर रही पुलिस, अंतिम सांस तक जारी रहेगा संघर्ष

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** देश में बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शन में हिस्सा लेने जा रहे किसान नेता राकेश टिकैत को रविवार को दिल्ली में प्रवेश की कोशिश करने पर गाजीपुर बॉर्डर पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता और संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के अहम चेहरे टिकैत को गाजीपुर बॉर्डर पर दोपहर के आसपास रोक लिया गया। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) दीपेंद्र पाठक ने कहा, '' उसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया और मधु विहार थाने ले जाया गया, जहां पुलिस ने उनसे लौट जाने का अनुरोध किया। '' उन्होंने बताया कि टिकैत ने पुलिस के अनुरोध को स्वीकार कर लिया और ''उन्हें वापस भेज दिया गया।'' सूत्रों ने बताया कि टिकैत को इसलिए हिरासत में लिया गया, क्योंकि दिल्ली पुलिस राष्ट्रीय राजधानी में'अनावश्यक भीड़भाड़' रोकने का प्रयास कर रही है। टिकैत ने ट्वीट किया, '' सरकार के इशारे पर काम कर रही दिल्ली पुलिस किसानों की आवाज को नहीं दबा सकती। यह गिरफ्तारी एक नई क्रांति लेकर आएगी। यह संघर्ष अंतिम सांस तक जारी रहेगा। न रुकेंगे, न थकेंगे और न ही झुकेंगे।'' दिल्ली के मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता गोपाल राय ने टिकैत को हिरासत में लिये जाने की निंदा की। उन्होंने ट्वीट किया, ''जंतर-मंतर पर होने जा रहे रोजगार आंदोलन में हिस्सा लेने आ रहे किसान नेता राकेश टिकैत को पुलिस ने बॉर्डर पर ही रोक दिया। यह बहुत ही निंदनीय है।'' एसकेएम और अन्य किसान संगठन सोमवार को 'महापंचायत' आयोजित करेंगे और वे बाहरी जिले के क्षेत्राधिकार से गुजरेंगे, जिसमें गाजियाबाद में गाजीपुर बॉर्डर शामिल है।

# सीबीआई ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ जारी नहीं किया लुकआउट नोटिस, जांच अधिकारी ने कही यह अहम बात

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में दर्ज प्राथमिकी में नामजद आठ निजी व्यक्तियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आबकारी विभाग के तीन पूर्व अधिकारियों सहित प्राथमिकी में नामजद चार लोक सेवकों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी नहीं किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई को अब तक लोक सेवकों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करने की आवश्यकता महसूस नहीं हुई है, क्योंकि वे सरकार को सूचित किए बिना देश नहीं छोड़ सकते। एजेंसी ने प्राथमिकी में कुल नौ निजी व्यक्तियों को आरोपी बनाया है, जिनमें मनोरंजन एवं इवेंट मैनेजमेंट कंपनी ओनली मच लाउडर के पूर्व सीईओ विजय नायर, पर्नोड रिकार्ड के पूर्व कर्मचारी मनोज राय; ब्रिंडको स्पिरिट्स के मालिक अमनदीप ढाल; इंडोस्पिरिट के एमडी समीर महेंद्रू और हैदराबाद के अरुण रामचंद्र पिल्लई शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मनोज राय के खिलाफ अब तक कोई लुक आउट सर्कुलर जारी नहीं किया गया है। इससे पहले सिसोदिया ने दावा किया कि सीबीआई ने आबकारी नीति मामले में उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। उन्होंने इस कदम को नौटंकी करार दिया। सिसोदिया के तीन करीबी सहयोगियों को भी प्राथमिकी में आरोपी के रूप में नामजद किया गया है। इनमें गुड़गांव में बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक अमित अरोड़ा, दिनेश अरोड़ा और अर्जुन पांडे शामिल हैं। सिसोदिया आबकारी नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी में नामजद 15 लोगों में शामिल हैं।सीबीआई ने शुक्रवार को इस मामले की जांच के सिलसिले में सिसोदिया के घर समेत 31 ठिकानों पर छापेमारी की थी।





## भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मॉल रोड का किया दौरा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारियों शुरू कर दी हैं। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को शिमला के मॉल रोड का दौरा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, अभिनेता अनुपम खेर समेत कई भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हम लोग पुरानी यादों को ताजा कर रहे हैं। समाचार एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हम सब लोग यहां पुराने दिनों को याद कर रहे हैं और शिमला के वातावरण में जिस तरह से हम लोगों को पलने और बढ़ने का मौका मिला...ऐसी यादों को फिर ताजा करने के लिए हम यहां आए हैं। ऐसी जगह आकर बहुत अच्छा लगता है।

# गृह मंत्री अमित शाह ने चंद्रशेखर राव को बताया किसान विरोधी

## बोले- हमारी सरकार बनी तो MSP पर खरीदेंगे चावल

एजेंसी

**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को के चंद्रशेखर राव (केसीआर) सरकार पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने नलगोंडा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजगोपाल रेड्डी जी का भाजपा में प्रवेश एक नेता का भाजपा ज्वाइन करना नहीं है बल्कि केसीआर की सरकार को उखाड़ कर फेंक देने की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि केसीआर मजलिस के डर से तेलंगाना विमोचन दिन नहीं मनाते। मैं बताना चाहता हूं कि अगले चुनाव में भाजपा का मुख्यमंत्री आने वाला है और भाजपा का मुख्यमंत्री आने के बाद हर सितंबर में यहां पर तेलंगाना विमोचन दिन मनाने का कार्यक्रम भाजपा करने वाली है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 2014 से तेलंगाना में शिक्षक भर्तियां बंद हैं, भर्ती अगर चालू हैं तो वो केसीआर के घर में चालू है, बाकी कहीं भर्ती नहीं होती है। केंद्र सरकार की पीएम फसल बीमा योजना का लाभ तेलंगान के किसानों को केसीआर नहीं दे रही है। केसीआर सरकार को किसान विरोधी बताते हुए अमित शाह ने कहा कि बीमा योजना से किसानों को बाढ़ के दौरान मुआवजा मिलता। उन्होंने कहा कि केसीआर सरकार किसानों से एमएसपी पर चावल खरीदने को तैयार नहीं है। अगर भाजपा को तेलंगाना में सरकार बनाने का मौका दिया जाता है तो हम चावल खरीदने का वादा करते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पेट्रोल के दाम दो बार घटाए लेकिन केसीआर सरकार ने पेट्रोल पर वैट कम नहीं किया है। इससे तेलंगाना में महंगाई में तेजी आई है।



## संक्षिप्त समाचार

### शिवसेना के बागी विधायकों पर बरसे आदित्य ठाकरे, पूछा- हमारी पीठ पर छुरा घोंपकर क्या मिला ?



**मुंबई।** शिवसेना के विधायक एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने कहा है कि पार्टी ने हर तरीके से विधायकों की मदद की, ऐसे में बगावत करने वाले विधायकों को पार्टी नेतृत्व की पीठ पर 'छुरा घोंपकर' क्या हासिल हुआ। आदित्य ने जलगांव में शनिवार को एक रैली में यह बात कही। जलगांव शिवसेना से बगावत करने वाले नेता एवं वर्तमान में मंत्री गुलाबराव पाटिल का विधानसभा क्षेत्र है। अपने संबोधन में आदित्य ने कहा, ''हमने उन्हें टिकट दिया, वे निर्वाचित हों, इसके लिए सभी प्रयास किए और हर संभव तरीके से उनकी मदद की। उन्होंने हमारे पीठ में छुरा क्यों घोंपा? धोखा देकर उन्हें क्या हासिल हुआ?'' आदित्य ने कहा, ''उन्हें जो भी मिला, अपने लिए मिला। उन्होंने जनता को कुछ भी वापस नहीं लौटाया।'' गौरतलब है कि इस वर्ष जून में शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे और 39 विधायकों ने पार्टी से बगावत कर दी थी, जिससे राज्य की उद्धव ठाकरे नीत महाविकास आघाडी सरकार गिर गई थी। 30 जून को शिंदे को मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता देवेंद्र फडणवीस को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई थी। शिंदे सरकार में गुलाबराव पाटिल के पास जलापूर्ति विभाग है।

# क्या केशव प्रसाद मौर्य होंगे उत्तर प्रदेश भाजपा प्रमुख ?

एजेंसी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई को नया अध्यक्ष मिलने वाला है। जल्द ही इसका ऐलान हो सकता है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के इस्तीफे के बाद जातीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए नया चेहरा तलाश किया जा रहा है। ऐसे में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का नाम सबसे आगे चल रहा है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि केशव प्रसाद मौर्य प्रदेशाध्यक्ष बन सकते हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के नाम की अटकलों के बीच केशव प्रसाद मौर्य का एक ट्वीट सामने आया है। जिसके राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट किया कि संगठन सरकार से बड़ा है ! पिछले 5 महीने से पार्टी नए अध्यक्ष को लेकर मंथन कर रही है। भाजपा चाहती है कि किसी ऐसे व्यक्ति को प्रदेशाध्यक्ष बनाया जाए, जो 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर संगठन को मजबूत कर सके। भाजपा सूत्रों ने बताया कि पार्टी किसी ऐसे चेहरे की तलाश कर रही है जो लोकप्रिय हो। इसके साथ ही जातीय समीकरणों को भी ध्यान में रखा जा रहा है। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाद केशव प्रसाद मौर्य नंबर-2 पर हैं। भले ही केशव प्रसाद मौर्य को विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन उनकी लोकप्रियता और पार्टी में पकड़ के चलते उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया गया।



# यमुना नगर की मासिक गोष्ठी जिला अध्यक्ष ऋतु रानी अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित की गई





शालू चौहान / एनसीआर समाचा

हरियाणा जिला यमुना नगर की मासिक गोष्ठी जिला अध्यक्ष ऋतु रानी अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। मकाम के संस्थापक नरेश नाज के सानिध्य में प्रांतीय अध्यक्ष डॉ ज्योति राज (राष्ट्रपति अवॉर्डी) मुख्य अतिथि शारदा मित्तल, राष्ट्रीय सचिव, मकाम डॉ उमा गर्ग, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन प्रेरणा जी ने किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत ममता शर्मा मेहर ने सरस्वती वंदना गा कर की। कविताओं की सुंदर प्रस्तुति कुछ इस प्रकार रहीः जिला अध्यक्ष ऋतु रानी ने गुलाब के जैसे किरदार को दर्शाती अपनी हरियाणवी कविता साँझा की, गुलाबों का किरदार, मैं छोरी हरियाणा की मेरा नाम से गुलाबो, सारे गांव में सारे हरियाणा में औरते और विदेशों में मैं सब ते सुथरी लागू सु। डॉ मेजर मंजु चावला ने अपनी कविता के माध्यम से जिंदगी के भाव, कविता के माध्यम से प्रस्तुत किए, सच्ची जिंदगी तुम्हारी है, नतमस्तक सब करते हैं, तुम सब पर गर्व करते हैं, देश पे जीने मरने वालों, सच्ची जिंदगी तुम्हारी है।

एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

कार्यालयः
12/276 , संगम विहार
नई दिल्ली-62

फोनः
8888883968,
9811111715

एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में

**आवश्यक सूचना**

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान जालोर जिले में महिलाओं एवं बच्चियों ने श्री कृष्ण मुर्ति स्थापित की

राजस्थान जालोर जिले के नरसाणा ग्राम के वार्ड 4 में श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर तैयारियां हुई शुरू यंहा शुक्रवार की शाम को ही महिलाओं एवं बच्चियों द्वारा कृष्ण मुर्ति स्थापित की गई जो कि रविवार तक रहेगी इस दौरान देर रात तक महिलाओं एवं बच्चियों द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चियों द्वारा नाचने गाने के साथ धूमधाम से इस कार्यक्रम को शांतिपूर्वक सफल किया।

### पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पटना मेट्रो रेल परियोजना के भूमिगत कार्य का किया गया शुभारंभ

पटना में माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पटना मेट्रो रेल परियोजना के भूमिगत कार्य का शुभारंभ किया गया। सरकार की कोशिश है कि निर्बाध गति से निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूर्ण हो। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने सभी पटना व बिहारवासियों को पटना मेट्रो के इस शुभारंभ की बधाई दी। डिप्टी सीएम ने कहा, बिहार का चहुँमुखी विकास कैसे हो तथा हमारा बिहार विकसित राज्य की श्रेणी में कैसे आए, हम लोगों का पूरा ध्यान इसी पर केंद्रित है। जिनको ध्यान भटकाना है वो अपना काम करते रहे। आदरणीय नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार अपना कार्य करती करेगी। हमारा ध्यान भटकने वाला नहीं है।

### मसूदा विधासभा कांग्रेस युवा नेता ने राजस्थान CM के सलाहकार निरंजन आर्य से मुलाकात कर विकास कार्य पर की चर्चा

**घनश्याम दास:**

अजमेर मसूदा के कांग्रेस नेता सम्पत लाल गर्ग ने आज मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के मुख्य सलाहकार निरंजन आर्य से मुलाकात कर क्षेत्र में पड़े चिकित्सा विभाग में खाली पदों को भरने की मांग की। जिस पर आर्य ने चिकित्सा विभाग के अधिकारीयों को रिक्त पदों को भरने के निर्देश दिए। युवा नेता गर्ग ने भिनाय उपखंड की ग्राम पंचायत गूढा खुर्द के निकट अजमेर से भीलवाड़ा जिला की सीमा पर सांगरिया के बीच खारी नदी पर पुलिया की भी मांग की। जिस पर आर्य ने अति शीघ्र पुलिया के प्रोजेकट को पास करने का आश्वासन दिया।

### मध्य प्रदेश के ग्राम साडरा में गन्दा पानी पीने से 28 बच्चे हुए बीमार

लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम साडरा स्कूल में पानी में जहरीला पदार्थ होने से कई 28 बच्चे बीमार हो गए, जिसमें से 4 बच्चों को ज्यादा उल्टियां होने की वजह से उनकी हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। सभी पीड़ितों को सिविल अस्पताल लांजी में लाकर भर्ती कराया गया हॉकी जहां उनका इलाज जारी है। खबर मिलने पर साडरा के शासकीय स्कूल में निरीक्षण करने हेतु लांजी एसडीएम ज्योति ठाकुर, कथा लांजी थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान मौके पर पहुंचे और उनके साथ ग्राम पंचायत साडरा तथा जनपद पंचायत लांजी की टीम भी मौजूद रहे। उसके पश्चात लांजी एसडीएम ज्योति ठाकुर तथा शंकर सिंह चौहान लांजी सिविल हॉस्पिटल पहुंचकर बच्चों की हालत के विषय में जानकारी ली।

### शिखा श्रीवास्तव ने बताया राजू श्रीवास्तव की हालत में हो रहा सुधार, मीडिया से की अफवाह न फैलाने की अपील

दिल का दौरा पड़ने के बाद राजू श्रीवास्तव को एम्स-दिल्ली में भर्ती कराया गया। बुधवार रात उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। राजू की बिगड़ती हालत ने उन प्रशंसकों के बीच चिंता बढ़ा दी थी जो चमत्कार होने की प्रार्थना कर रहे थे। उनकी पत्नी शिखा श्रीवास्तव ने अब अपने पति के स्वास्थ्य पर एक अपडेट साझा किया है और मीडिया को जानकारी दी है कि राजू की हालत स्थिर है और डॉक्टर उनका अच्छा इलाज कर रहे हैं। शिखा ने एक मीडिया एजेंसी से बात करते हुए कहा, "उनकी हालत में सुधर है। डॉक्टर उसका अच्छा इलाज कर रहे हैं। राजू जी एक फाइटर हैं और वह हम सभी के बीच वापस आएंगे। हमें आपकी प्रार्थनाओं की जरूरत है।" उन्होंने मीडिया और प्रशंसकों से राजू के स्वास्थ्य के बारे में अफवाहें न फैलाने का भी अनुरोध किया क्योंकि इससे परिवार की मानसिक स्तिथि पर असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि, राजू के परिवार को ऐसे नाजुक समय में नकारात्मक ऊर्जा नहीं चाहिए। उन्होंने प्रशंसकों से राजू के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करने का अनुरोध किया और कहा कि वह जल्द ही वापस आ जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि, डॉक्टर अपना बेस्ट कर रहे हैं और राजू भी उन्हें रिस्पॉन्स दे रहें है। उन्होंने कहा, "वह लड़ रहे हैं।

# बेटे को इंसाफ नहीं मिला तो प्रदर्शन करना शुरू करूंगी : मूसेवाला की मां

एजेंसी

**मानसा।** दिवंगत पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की मां ने रविवार को कहा कि अगर उनके बेटे को जल्द न्याय नहीं मिला तो वह अपने पति के साथ प्रदर्शन करेंगी। उन्होंने कहा कि घटना को हुए तीन महीने से अधिक समय बीत चुका है लेकिन, असली अपराधी अभी तक जेल नहीं भेजे गये हैं। अपने पति बलकौर सिंह के साथ अपने घर पर गायक के प्रशंसकों को संबोधित करते हुए चरण कौर ने कहा कि उनके बेटे की हत्या को काफी समय हो गया है, लेकिन असली अपराधी अभी तक जेल नहीं भेजे गये हैं। सिद्धू मूसेवाला के नाम से मशहूर शुभदीप सिंह सिद्धू की पंजाब के मानसा जिले में 29 मई को गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। मूसेवाला की कथित तौर पर हत्या करने वाले छह आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है, दो पुलिस मुठभेड़ में मारे गए हैं जबकि एक अभी भी




फरार है। कौर ने कहा कि हमने सरकार और पुलिस के साथ पूरा सहयोग किया लेकिन अभी तक हमें न्याय नहीं मिला है। उन्होंने कहा, तीन महीने से अधिक समय बीत चुका है, हमने सरकार और प्रशासन को पर्याप्त समय दिया है, लेकिन वे हमारी भलमनसाहत का गलत फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने दो दिनों तक अपने बेटे का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया होता, तो प्रशासन ने जरूर पुख्ता कदम उठाये होते। कौर ने चेतावनी देने के लहजे में कहा कि अगर उनके बेटे को जल्द न्याय नहीं मिला, तो वह और उनके पति प्रदर्शन शुरू कर देंगे। आठ जून को अंतिम अरदास में गायक के पिता ने कहा था कि जब तक गायक को न्याय नहीं मिल जाता वे चैन से नहीं बैठेंगे। लॉरेंस-बिश्नोई गिरोह का सदस्य, कनाडा स्थित गोल्डी बराड़ ने मूसेवाला की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मूसेवाला की हत्या पिछले साल हुई युवा अकाली नेता विक्की मिद्दुखेड़ा की हत्या के प्रतिशोध में की गई।

# स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी को लगा बड़ा झटका, बेंगलुरु शो हुआ रद्द

एनसीआर समाचार



दूसरी बार, स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी का एक शो बेंगलुरु में रद्द कर दिया गया है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) पी कृष्णकांत ने शनिवार को कहा कि, शुक्रवार को अंतिम समय में कार्यक्रम रद्द कर दिया गया, क्योंकि आयोजकों ने अनुमति नहीं मांगी थी। एक हिंदुत्व संगठन द्वारा शहर के पुलिस आयुक्त सीएच प्रताप रेड्डी द्वारा याचिका दायर किए जाने के बाद रद्द किया गया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि फारुकी ने अपने शो में भगवान राम और देवी सीता के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करके हिंदू भावनाओं को आहत किया था। कॉमेडियन फारुकी ने अपने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, उनका हैदराबाद शो शनिवार को तय समय पर ही होगा। एक साल से भी कम समय में यह दूसरी बार है जब कर्नाटक की राजधानी में फारुकी का शो रद्द किया गया है। नवंबर 2021 में पुलिस ने उनके शो को कैंसिल कर दिया था। रद्द किए गए दोनों शो का शीर्षक एक ही था, ₹डोंगरी टू नोव्हेयर₹। कॉमेडियन फारुकी ने अपनी एक पोस्ट में लिखा था, "नफरत जीत गई, कलाकार हार गया, मैं कर रहा हूँ, अलविदा। कुछ दिनों बाद, फारुकी ने लॉक अप नाम के एक रियलिटी शो में भाग लिया, जहाँ होस्ट अभिनेत्री कंगना रनौत थीं। फ़ारुकी ने रियलिटी शो को 18 लाख से अधिक वोटों से जीता।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी का महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया

खरवेन्द्र शर्मा / एनसीआर समाचार

मध्य प्रदेश श्योपुर देश व प्रदेश में भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है। बता दें कि श्योपुर जिले की विजयपुर तहसील में भी मथुरा वृंदावन की तर्ज पर जगह-जगह मंदिरों पर भगवान श्री कृष्ण की मनमोहक झांकियां लगाई गई एवं इसी क्रम में विजयपुर नगर के किला में स्थित भगवान मदन मोहन जी के मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर भजन कीर्तन एवं झांकियों के साथ साथ फूल बंगला एवं छप्पन भोग भी सजाए गए। एवं इसी प्रकार पूरे जिले भर में बड़े ही धूम धाम और हर्षोल्लास के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। और



जगह-जगह मंदिरों तथा घरों में श्री राधा कृष्ण के स्वरूप में नन्ने मुन्ने बच्चों को झाकियों के लिए सजाया गया, जिससे इन छोटे छोटे नन्हे मुन्ने भगवान स्वरूप बच्चों ने सभी का मनमोह लिया। तथा पूरे नगर भर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जगह जगह प्रसादी वितरण की व्यवस्था भी रखी गई। एवं जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

# बारिश के बीच देश भक्ति में लीन हुआ सीतामऊ नगर, छात्र देते रहे रंगारंग प्रस्तुतियां

एनसीआर समाचार

मंदसौर में 76वें स्वतंत्रता दिवस पर सीतामऊ नगर पूरी तरह देश भक्ति में लीन होता हुआ नजर आया। नगर के प्रमुख चौराहों और सरकारी कार्यालयों पर विशेष साज-सज्जा प्रशासन की ओर से की गई। सुबह स्कूली छात्रों के साथ जनप्रतिनिधि अधिकारीगण मोड़ी माताजी मंदिर से शुरू हुई प्रभातफेरी को नगर भृमण कर श्रीराम विद्यायल पहुचे जहां पर झंडावंदन के पश्चात एनसीसी परेड ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान हल्की बारिश भी शुरू हुई लेकिन बच्चो में देश भक्ति का जज़्बा



कम नहीं हुआ। नन्हे- मुन्हे छात्र बारिश के दौरान भी कार्यक्रम स्थल पर प्रस्तुतियां देते हुए नजर आए। वहीं कार्यक्रम स्थल पर मौजूद अधिकारी जनप्रतिनिधि ओर नगर के लोग गिरती बारिश में बच्चों का हौसला अफजाई करते रहे। एसडीएम संदीप शिवा, एसडीओपी निकितासिंह, तहसीलदार वैभव जैन, थाना प्रभारी दिनेश प्रजापति सहित कई अधिकारी बारिश में मंच छोड़कर बच्चों के साथ मैदान में उतर आए, ताकी बारिश के बावजूद भी बच्चों का देश भक्ति का हौसला कम न हो। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी संदीप शिवा, एसडीओपी निकिता सिंह, थाना प्रभारी दिनेश प्रजापति, तहसीलदार वैभव जैन जनपद अध्यक्ष रुकमणबाई, नगर परिषद अध्यक्ष मनोज शुक्ला, जनपद उपाध्यक्ष जितेन्द्रसिंह कोटड़ामाता सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि पदाधिकारी शिक्षकगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सीतामऊ एसडीएम संदीप शिवा और थाना प्रभारी दिनेश प्रजापति को उत्कृट कार्यो हेतु मंदसौर प्रभारी मंत्री के आयोजन में सम्मानित होने जाना था बावजूद अधिकारीगण अंतिम समय तक सीतामऊ में कार्यक्रम स्थल पर रुककर बच्चों का हौसला अफजाई करते रहे।

# ब्यावरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, महिलाओं एवं बालिकाओं पर घटित अपराधों के आरोपियो की हुई गिरफ्तारी

एनसीआर समाचार

मध्य प्रदेश महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध घटित अपराधों में त्वरित संज्ञान लेकर कार्यवाही के तहत वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में ब्यावरा शहर पुलिस टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं पर घटित अपराधों के आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु जिले में जारी अभियान के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। थाना ब्यावरा शहर पर 8 अगस्त को फरियादिया ने थाने पर रिपोर्ट किया कि आरोपी जितेंद्र सोंधिया निवासी ग्राम लोहारी द्वारा रात्रि में पीड़िता के पति की अनुपस्थिति के मौके का फायदा उठाकर उसके घर में घुसकर




पीड़िता को डरा धमकाकर जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ बलात्कार किया पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना ब्यावरा शहर मे अपराध क्रमांक 456/2022 धारा 376, 456, 506 IPC का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया। पीड़िता का मेडिकल कराया गया, जिसके बाद पीड़िता के 164 सीआरपीसी के कथन माननीय न्यायालय के समक्ष करते गए।आरोपी की तलाश की गई। आरोपी घटना दिनांक से ही फरार था जो 17 अगस्त को आरोपी जितेंद्र सोंधिया, सोंधिया निवासी लुहारी को विधिवत गिरफ्तार किया। आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया। बाद आरोपी को माननीय न्यायालय के आदेश से न्यायिक हिरासत में जिला जेल राजगढ़ दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राजपाल सिंह राठौर, उप निरीक्षक कोमल वर्मा गुप्ता, प्रधान आरक्षक चालक संजय बाथम, महिला आरक्षक निशा यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जम्मू कश्मीर में तेज बारिश के कारण आई बाढ़, वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा पर लगाई रोक

एनसीआर समाचार

जम्मू कश्मीर के माता वैष्णो देवी मंदिर में कल रात भारी बारिश के कारण बाढ़ आई जिसके बाद ये यात्रा रोकी गई थी. वहीं, अब स्थिति नियंत्रण में होने के बाद ये यात्रा दोबार शुरू कर दी गई है, माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग ने स्थिति नियंत्रण होने की जानकारी दी, उन्होंने कहा कि वो लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है। साथ ही सीईओ अंशुल गर्ग ने बताया कि, यात्रा के ट्रैक पर इस वक्त पानी नहीं भरा है। हालांकि, एहतियात के तौर पर कटरा से भवन तक की यात्रा को रोका गया है। वहीं, भवन से कटरा जाने वाले यात्रियों को जाने दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि, श्राइन बोर्ड के कर्मचारी, पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारियों की कड़ी निगरानी में श्रद्धालु सांझीछत और फिर कटरा की ओर आ रहे है। 26 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। दरअसल शुक्रवार भारी बारिश के चलेत कटरा से भवन तक की यात्रा को रोकने का निर्णय लिया गया था, बता दें कि 26 हजार 913 श्रद्धालुओं ने इस यात्रा के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। सीईओ अंशुल गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक की यात्रा में किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। वहीं यात्रियों को पीए सिस्टम के जरिए आराम देने की कोशिश की गई, यात्रियों को हर आधे घंटे में आगे के अपडेट दिए जा रहे है।

# उत्तर प्रदेश बदायूं में लगातार बंदरों के हमले के शिकार हो रहे लोग, अधेड़ व्यक्ति हुआ घायल

एनसीआर समाचार

उत्तर प्रदेश बदायूं सहसवान में मोहल्ला सैफुल्ला गंज निवासी प्रकाश पुत्र भूपाली उम्र 57 वर्ष सैफुल्ला गंज स्थित अपने खेत पर थे तभी बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया और गुप्तांग पर हमलावर हो गए। बमुश्किल आस-पास खेतों पर काम कर रहे लोगों ने उन्हें बचाया और सहसवान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर उनका उपचार कराया। बताते चलें कि इसी तरह मोहल्ला नयागंज में भी एक 45 वर्षीय व्यक्ति की भी बंदरों के हमले से दो मंजिल छत से गिरकर मौत हो गई थी। इसी तरह 2 दिन पहले हर प्यारी मोहल्ला सैफुल्ला गंज की भी बंदरों के हमले से मौत हो गई



थी। आज जिस अधेड़ पर हमला हुआ है वह हर प्यारी के घर के ठीक सामने रहता है। बरहाल नगर पालिका परिषद एवं वन विभाग को चाहिए कि बंदरों को यहां से बहार छुड़वाने के लिए कार्य करें जिससे आम जनता में जो भय बना हुआ है वह न रहे। अब देखना है इस ओर प्रशासन क्या ध्यान देता है।

# IRCTC के शेयर में आया भारी उछाल, पिछले दो सत्रों में आई लगभग 12 फीसदी की तेजी

एनसीआर समाचार

आईआरसीटीसी के शेयर की कीमत पिछले दो दिनों से ऊपर की ओर बढ़ रहे है, पिछले दो सत्रों में लगभग 12 फीसदी की तेजी आई है। भारतीय रेलवे का पीएसयू स्टॉक गुरुवार को 671.65 के स्तर से बढ़कर 714.15 के स्तर पर पहुंच गया। शुक्रवार को यह और बढ़ गई और स्टॉक ने इंट्राडे हाई को छू लिया। शुक्रवार सत्र में लगभग 5 प्रतिशत इंट्राडे का लाभ दर्ज करते हुए इसने 752.75 के स्तर को पार कर लिया। इसलिए पिछले दो सत्रों में IRCTC के शेयर की कीमत 671.65 से बढ़कर 752.75 हो गई है, जो इस छोटे से समय में लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शेयर बाजार के




जानकारों के मुताबिक, IRCTC के शेयर की कीमत 750 रुपये के स्तर पर 200 डीएमए ब्रेकआउट देने वाली है। उन्होंने कहा कि, एक बार जब यह इस स्तर से ऊपर बढ़ जाता है तो शेयर में और तेजी की संभावना हो सकती है। हालांकि, बुनियादी बातों के नजरिए से, IRCTC ने Q1FY23 में तिमाही संख्या का वादा किया है और बाजार भारतीय रेलवे के पीएसयू द्वारा अपने यात्री डेटा बेस को बेचने के बारे में चर्चा कर रहा है, जिससे उन्हें एक और राजस्व उत्पन्न करने में मदद मिल सकती है जिससे कंपनी अपने मार्जिन में सुधार कर सकेगी। IRCTC ने डिजिटल डेटा मुद्रीकरण हेतु सलाहकार नियुक्त करने के लिए IRCTC फ्लोट टेंडर नामक एक समाचार रिपोर्ट के में कहा, ₹एक वाणिज्यिक इकाई के रूप में कंपनी हमेशा नए क्षेत्रों के लिए व्यापार अवसरों की खोज में रहती है। वहीं अन्य व्यावसायिक निविदाओं के रूप में यह निविदा भी केवल एक सलाहकार नियुक्त करने के लिए मंगाई जाती है। सलाहकार मुद्रीकरण गतिविधियों पर आईआरसीटीसी और भारतीय रेलवे का मार्गदर्शन करते हैं। LT अधिनियम 2000 और इसके संशोधनों सहित विभिन्न अधिनियमों का पालन करते हुए डिजिटल परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण मूल्य पर सलाह देगा।

# पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सरकारी स्कूलों की दीवारों की मरम्मत के लिए 423 करोड़ रुपये आवंटित किए

ज्ञान चंद / एनसीआर समाचार



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब में सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार के लिए चालू वित्त वर्ष के दौरान सभी सरकारी स्कूलों की दीवारें ठीक की जाएंगी। शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा जसप्रीत तलवार, डीजीएससी प्रदीप अग्रवाल, डीपीआई कुलजीत सिंह माही के साथ बैठक की गई है और पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षा को प्राथमिकता क्षेत्र के रूप में रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस बार पंजाब में सरकारी स्कूलों की दीवारों की मरम्मत के लिए 423 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। पंजाब राज्य में बनने वाले स्कूल ऑफ एमिनेंस की प्रगति का जायजा लेते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री ने अधिकारी को इस संबंध में प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि इन स्कूलों को जल्द से जल्द शुरू किया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में एमसीडी की गाड़ियां कर रही लापरवाही, लोगों में बढ़ा बीमारियों का खतरा

उत्तरी पूर्वी दिल्ली एमसीडी में एकीकरण होने के बाद गली नंबर 4 नियर जामा मस्जिद कबीर नगर वार्ड नं इ 49 में जगह-जगह कूड़े के ढ़ेर लगे रहते हैं। इलाके में अब कूड़े की गाड़ी कई कई दिंनो में आती है, वहीं एमसीडी एसआई प्रेम पाल और और तेज़ सिंह को लेकर इलाके के लोगों का कहना है कि एमसीडी वालो का फोन नही मिलता, या फिर वे उठाते नही अगर बात करते है तो गाड़ी भेजने को बोल कर फ़ोन काट देते है। साथ ही सफ़ाई कर्मचारियों का कहना है कि हमारे पास गाड़ी नही है। ऐसे अब इलाके में साफ-सफ़ाई का पूरा काम कूड़ा उठाने वाली गाड़ी के कर्मचारी भी करते हैं, जिसके बाद अब पैसे लेकर प्राइवेट गाड़ी कूड़ा उठाने का काम कर रही है, जिसके कारण लोगों का घरों से निकला मुश्किल हो गया है साथ ही डेंगू और मलेरिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। ऐसे में यहाँ एमसीडी अधिकारियों को ध्यान देने की जरूरत है। साजिद खान के कार्यकाल को याद कर जनता का कहना है कि जब तक साजिद खान का कार्यकाल रहा है इलाके में सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान दिया जाता था।

### हिमाचल प्रदेश में 18th राज्यस्तरीय वूशु प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

हिमाचल प्रदेश में 18 अगस्त 2022 से 18th राज्यस्तरीय वूशु प्रतियोगिता शुरू हुआ था। 19 अगस्त 2022 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ इसमें लगभग 100 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया और जिला सोलन के सभी खिलाड़ियों ने बहुत ही उम्दा प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक 6 सिल्वर पदक और दो कांस्य पदक प्राप्त कर पूरे हिमाचल में जिला सोलन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 75 किलो भार वर्ग में देवेंद्र सिंह स्वर्ण पदक; 85 किलो भार वर्ग में हरदेव सिंह 90 किलो से अधिक धार में रोहित मेहता ने स्वर्ण पदक के साथ विजई रहे और रजत पदक में हरप्रीत लखविंदर, सुभाष चंद, करण दीप सिंह, रविंदर कुमार, रणवीर कौर, विजय रहे और कांस्य पदक वैभव मेहता, सुखप्रीत सिंह, विजय रहे समापन समारोह के दौरान गणमान्य व्यक्ति पदम अजय ठाकुर वूशु स्टेट महासचिव पी एन आजाद, कोषाध्यक्ष पूर्ण चंद्र ठाकुर, जिला खेल बुशु संघ सोलन के सभी सदस्य उपस्थित रहे, प्रधान आनंद ठाकुर जनरल सेक्टरी श्याम लाल ठाकुर कोषाध्यक्ष व एमडी नव आदर्श पब्लिक स्कूल हरदेव सैनी, मनीष मेहता, मनोज कुमार, रमन चंदेल, रणवीर राणा, जितेंद्र राणा, बलविंदर ठाकुर, गुरनाम सिंह ठाकुर, व जिला खेल युवा संघ चंबा से प्रदीप धीमान, उपस्थित रहे सभी खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता जोकि कश्मीर में होने जा रही है।

### पुलिस क्षेत्राधिकारी सीपी सिंह की देखरेख में तहसील में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया

उत्तर प्रदेश बदायूं सहसवान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप तहसील परिसर में तेजतर्रार उप जिलाधिकारी विजय कुमार मिश्रा व पुलिस क्षेत्राधिकारी सीपी सिंह की देख-रेख में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस में 29 शिकायतें आई जिनमें 3 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, बाकी शिकायतें को उन्से संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया और कहा गया कि इन शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह के अंदर किया जाए। उप जिलाधिकारी ने कहा कि आज मेरा तहसील सहसवान में पहला संपूर्ण समाधान दिवस है उन्होंने सभी का परिचय लिया और कहा की शिकायत को ध्यान से पढ़ने के बाद उसका समाधान करें, किसी भी कीमत पर कहीं कोई गलती ना होने पाए। गलती होने पर किसी को बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सहसवान विजय कुमार मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी सीपी सिंह, तहसीलदार शिवकुमार शर्मा, चकबंदी अधिकारी अमित सिंह व खंड विकास अधिकारी देहगवां मुनव्वर खां व सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### राजस्थान में जांगल बने भारतीय जनता पार्टी विस्तारक, संपूर्ण भारत में चल रहे पार्टी का विस्तारक अभियान

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशन में संपूर्ण भारत में चल रहे पार्टी का विस्तारक अभियान के तहत पार्टी का विस्तार करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को पूर्ण कालिक विस्तारक के रुप में जिम्मेदारी सौंप कर पार्टी का विस्तार उन सभी लोगों तक पहुंचाने का कार्य करेगी जो अभी तक पार्टी की पहुंच से दूर है। इसके लिए हाल ही राजस्थान भाजपा ने अपनी प्रत्येक विधानसभा स्तर पर विस्तारकों की नियुक्ति की है जिनको 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर जो हाल ही नंदगांव गौशाला परिसर जालोर में संपन्न हुआ है। शामिल कर शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रषिक्षण दिया गया है। इससे पूर्व भी जांगल ने भाजपा युवा मोर्चा में विभिन्न पदों पर रहते हुए पार्टी के लिए कार्य किया है। जिनमें भाजपा युवा मोर्चा मण्डल उपाध्यक्ष, पूर्व में अशोक सैनी की टीम में जांगल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रुप में काम कर चुके हैं, वर्तमान में भाजपा युवा मोर्चा जयपुर देहात उत्तर की टीम में जिला कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे है। इस बीच प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया एवं प्रदेश संगठन महामंत्री श्री चंद्रशेखर ने जांगल को अलवर जिले की बहरोड़ विधानसभा का विस्तारक नियुक्त किया है।

### बदायूं मेरठ हाईवे पर धू-धू कर जली पिकअप गाड़ी, बाल-बाल बचे दो लोग

उत्तर प्रदेश बदायूं सहसवान लड्डन मियां के पेट्रोल पंप के पास एक पिकअप गाड़ी दिल्ली मेरठ हाईवे पर सहसवान से गुन्नौर की ओर जा रही थी जो कि लड्डन मियां के पेट्रोल पंप के पास धू-धू कर जलने लगी। इसमें कई लोग बैठे थे गनीमत रही की ड्राइवर ने जल्दी से गाड़ी साइड में लगाई और खिड़की खोल कर सब लोगों को बाहर खड़े किए। गाड़ी सीएनजी की होने की वजह से आग लगते ही एक सिलेंडर फट गया। वहीं ड्राइवर प्रदीप ने बताया कि मुझे ऐसा लगा कि कुछ जलने की बदबू आ रही है। मैंने गाड़ी साइड लगाई, जल्दी से नीचे उतरा देखा कि गेर बक्से के पास आग जल रही थी। उसने जल्दी से बाकी बैठे लोगों को उतारा और सब लोग दूर भाग खड़े हुए तुरंत ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। बहुत जल्दी फायर ब्रिगेड मौके पर आ गई और उसने आग पर काबू पाया इस तरह एक बड़ी घटना होने और जान की क्षति होने से बच गई। ड्राइवर प्रदीप ने बताया कि मैं चोई नगले का रहने वाला हूं और गाड़ी लेकर घर जा रहा था तभी रास्ते में यह हादसा हो गया।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 78वीं जयंती पर राहुल गांधी और प्रियंका ने दी श्रद्धांजलि

एनसीआर समाचार




कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को वीर भूमि में अपने पिता, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी 78वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। उनके साथ रॉबर्ट वाड्रा, सांसद केसी वेणुगोपाल और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे भी दिखे।

1991 में लिट्टे के आतंकवादियों द्वारा उनकी हत्या से पहले राजीव गांधी ने 1984 से 1989 के बीच भारत के छठे प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था। राहुल गांधी ने ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, 'पापा, आप हर पल मेरे साथ हैं, मेरे दिल में हैं। मैं हमेशा कोशिश करूंगा कि जो सपना आपने देश के लिए देखा था, उसे मैं पूरा कर सकूं।' पूर्व प्रधानमंत्री की धरोहर को याद करते हुए, कांग्रेस पार्टी के ऑफिसियल ट्विटर अकाउंट पर ट्वीट किया गया जिसमे लिखा था, "हम भारत के पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी को उनकी हर जयंती पर याद करते हैं। '21वीं सदी के भारत के वास्तुकार' के रूप में सम्मानित, यह उनकी दूरदर्शिता के माध्यम से था जिसने भारत में आईटी और दूरसंचार क्रांति की शुरुआत की।इस दिन को चिह्नित करने के लिए, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जयपुर में राजीव गांधी एडवांस टेक्नोलॉजी सेंटर और आर-कैट का उद्घाटन करेंगे। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने उद्घाटन की घोषणा करते हुए ट्वीट किया, ₹पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी को उनकी 78वीं जयंती पर श्रद्धांजलि। राजीव गांधी ने सूचना प्रौद्योगिकी की क्षमता और महत्व को महसूस किया और तीन दशक पहले देश में आईटी के गौरवशाली युग को जन्म देते हुए भारत में इसकी नींव रखी थी।" अखिल भारतीय महिला कांग्रेस ने कहा कि, वह इस दिन को महिला राजनीतिक अधिकारिता दिवस के रूप में मनाएगी। पार्टी की महिला शाखा ने ट्वीट किया, 73वें और 74वें संशोधन के माध्यम से महिलाओं को जमीनी स्तर पर नेतृत्व प्रदान करने में उनके अपार योगदान के कारण, महिला कांग्रेस आज #WomenPoliticalEmpowermentDay मनाएगी। भारतीय युवा कांग्रेस ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर ट्वीट कर राजीव गांधी की 78वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक चिकित्सा शिविर की जानकारी दी। ट्वीट में लिखा था, ₹टीम आईवाईसी इंटरनेशनल किंगडम ऑफ बहरीन ने भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी जी के 78वें जन्मदिन का जश्न मनाते हुए एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। गोवा कांग्रेस ने ट्वीट किया कि वह इस दिन को मनाने के लिए आज सुबह 9:30 बजे सद्भावना दिवस आयोजित करेगी। ओडिशा कांग्रेस सेवादल ने राजीव गांधी के प्राइवेट पायलट लाइसेंस की एक तस्वीर ट्वीट की। राजीव गांधी के पास एक वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस था और वह इंडियन एयरलाइंस, राष्ट्रीय वाहक के साथ एक पायलट भी थे।

## सागर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का महोत्सव मनाया गया, 50 अभिभावक एवं 250 भाई बहन शामिल हुए

एनसीआर समाचार

मध्य प्रदेश सागर में सरस्वती शिशु मंदिर सदर सागर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का महोत्सव मनाया गया, वहां आए सभी अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती जी का पूजन और श्री कृष्णा का पूजन किया गया। सरस्वती वंदना और श्री कृष्ण के भजन के उपरांत अतिथियों का परिचय मोना दुबे दीदी ने कराया एवं स्वागत सोहन सिंह जी ने कराया। बता दे कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सम्मानीय 'मुकेश हरयानी' द्वारा कार्यक्रम अध्यक्ष सम्मानीय भूषण मौर्य विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि गोविंद पटेल, वरिष्ठ आचार्य थे। कार्यक्रम में 77 भाई बहन कृष्ण के रूप में शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम में उनकी आरती की गई अतिथि एवं आचार्य परिवार द्वारा अभिभावकों द्वारा उतारी गई भैया बहनों द्वारा अनेक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम के अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री कृष्ण बने भाई बहनों को अपने जीवन में श्रीकृष्ण के सदाचार उतारना चाहिए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुकेश हरयानी द्वारा लंच बॉक्स एवं मीठा वितरित किया गया। विद्यालय के मनोज यादव द्वारा केला वितरण किए गए, साथ ही कार्यक्रम का संचालन एवं अतिथियों का स्वागत सोहन सिंह एवं आभार सतीश यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी आचार्य परिवार का सहयोग रहा कार्यक्रम में 50 अभिभावक एवं 250 भाई बहन उपस्थित हुए।

## फोटोग्राफर्स समिति की ओर से फोटोग्राफी के जनक एलजेएम दाग्यूरे को समारोह आयोजित कर याद किया

एनसीआर समाचार




राजस्थान तहसीलदार द्वारका प्रसाद के मुख्य अतिथ्य में आयोजित समारोह की अध्यक्षता नगर पालिका ईओ हिमांशु अग्रवाल ने की, वहीं पुलिस महकमे के एस आई रतनलाल विशिष्ट अतिथि थे।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अमित कुमार टेलर ने बताया कि 9 जनवरी 1839 को दुनिया की सबसे पहली फोटोग्राफी प्रक्रिया का आविष्कार हुआ था। इस प्रक्रिया का नाम था डॉगोरो टाइप, जिसका जोसेफ नाइसफोर और लुईस डॉगेर नाम के दो वैज्ञानिकों ने आविष्कार किया था। 'डॉगोरो टाइप टेक्निक' फोटोग्राफी की पहली प्रक्रिया थी, इस टेक्निक के आविष्कार का ऐलान फ्रांस ने 19 अगस्त 1839 में क्या था। इसी की याद में विश्व फोटोग्राफी दिवस हर साल 19 अगस्त को मनाया जाता है।अधिकारिक तौर पर इस दिन की शुरुआत 2010 में हुई थी। ऑस्ट्रेलिया के एक फोटोग्राफर ने अपने साथी फोटोग्राफर के साथ मिलकर इस दिन इकट्ठा होने और दुनिया भर में इसका प्रचार-प्रसार करने का फैसला किया तथा अपने साथ अन्य फोटोग्राफरों के साथ मिलकर उनकी तस्वीरें ऑनलाइन गैलरी के जरिए लोगों के सामने पेश की इस ऑनलाइन गैलरी को लोगों ने खूब पसंद किया, इसके बाद से फोटोग्राफरों का डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए अपनी कला का प्रदर्शन करने का यह सिलसिला शुरू हो गया जो आज भी जारी है। इस आयोजन में महासचिव पृथ्वी शेखावत व सांवरमल प्रजापत कोषाध्यक्ष ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समिति के सदस्य अरविंद सोनी पड़िहारा ने संबोधित करते हुए सभी फोटोग्राफर्स को विश्व फोटोग्राफर दिवस की शुभकामनाएं दी, इसके अलावा संगठन में रहने के लिए अपने विचार व्यक्त किए। समिति में हर साल की भांति इस साल भी वरिष्ठ फोटोग्राफर्स किशन लाल सिद्ध, गोवर्धन ओझा, जय सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुकेश गर्ग, सुरेश पड़ीहार, अशोक सेन, मुकेश सोकल, वसीम सोलंकी, हंसराज बामणिया, भरत औजा, मूलचंद गनोडा, सुरेंद्र सिंह रावणा, सैंकड़ों की संख्या में फोटोग्राफर्स उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जुगल किशोर ने किया।

# विश्व किकबॉक्सिंग चैंपियन एंड्रयू टेट को सोशल मीडिया ने किया प्रतिबंधित

एनसीआर समाचार




चार बार के विश्व किकबॉक्सिंग चैंपियन एंड्रयू टेट को कथित तौर पर फेसबुक, इंस्टाग्राम और टिकटॉक जैसे सोशल मीडिया द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया है। विवादास्पद इंटरनेट प्रभावित और स्व-वर्णित 'सक्सेस कोच' को पहले उनके कथित गलत वीडियो के लिए ट्विटर से स्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया था। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मेटा ने कहा है कि एंड्रयू टेट को ₹खतरनाक संगठनों और भारतीय ..₹ के तहत वर्गीकृत नीतियों का उल्लंघन करने के लिए उनके प्लेटफार्मों से प्रतिबंधित कर दिया गया था। एक महिला प्रतियोगी को पीटने के वीडियो सामने आने के बाद रियलिटी शो बिग ब्रदर से निकाले जाने के बाद एंड्रयू टेट रातोंरात इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन गए। बेजोड़ इंटरनेट प्रसिद्धि पाने के बाद, पूर्व किक बॉक्सर को नारीवाद, पितृसत्ता, स्त्री द्वेष और लिंगवाद पर अपने विवादास्पद विचारों के लिए लगातार आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। हालाँकि, टेट ने आज तक सोशल मीडिया पर काफी उपस्थिति दर्ज करना जारी रखा, जिसमें वीडियो ने उन्हें प्लेटफॉर्म पर अरबों बार देखा। एंड्रयू टेट के इंस्टाग्राम पर 4.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं। प्रवक्ता ने कहा, टिकटॉक के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि प्लेटफॉर्म ने टेट पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। जैसा कि रिपोर्ट किया गया है, टिकटोक अन्य खातों द्वारा क्यूरेट किए गए वीडियो को हटाने पर भी काम कर रहा है, जिसमें टेट को मंच के ₹दिशानिर्देशों का उल्लंघन₹ करने वाले विचारों का प्रचार करना है। दूसरी ओर, टेट ने दावा किया है कि वह निर्दोष था। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि इंटरनेट सनसनी ने उन्हें महिला विरोधी के रूप में दिखाया, जो वास्तव में सच नहीं था।

## भामाशाह दिनेश पुष्पलता तिवाड़ी ने जरूरतमंदों को दवाइयां व राशन के किट वितरित किए

एनसीआर समाचार

राजस्थान में भामाशाह दिनेश पुष्पलता तिवाड़ी ने गायों को जानलेवा लम्बी बीमारी के बचाव हेतु 10 हजार राशि की दवाइयां नोडल अधिकारी डॉ अरविंद कुमार को सुपुर्द कोरोना काल में भी भामाशाह दिनेश पुष्पलता तिवाड़ी ने जरूरतमंदों को दवाइयां व राशन के किट वितरित किए थे।

वितरित समाजसेवी धर्मी चंद गुर्जर ने भिनाय श्रेत्र के नोडल अधिकारी डॉ अरविन्द से बात करके अपने श्रेत्र में फैल रही थी। गायो में लम्पी स्किन वायरस के बारे में टीकाकरण हेतु पूछताज की तो उन्होंने बताया कि कुछ तो दवाईया हमारे पास है, और कुछ जो मार्केट में मिलती है जो लोगों की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण खरीद नही पा रहे इसके कारण समस्या बढ़ती जा रही है। अगर कोई भामाशाह दवाइयों के लिए सहयोग राशि दे तो इस बीमारी में लड़ने के लिए महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। सामाजिक कार्यकर्ता धार्मिक चंद गुर्जर ने इसके बारे में भामाशाह पुष्पलता दिनेश तिवाड़ी को बताया तो भामाशाह ने हाथो हाथ निर्णय लेते हुए जानवरों के मेडिकल पर कॉल करके करीबन 10 हजार की दवाईया मंगवाई और कहा कि और कोई जरूरत हो तो बताना परन्तु हमारे क्षैत्र में जल्दी से जल्दी इस जानलेवा बीमारी को फैलने में रोक लगनी चाहिए।

## जिला पंचायत सदस्य प्रकाश ऊके ने खैरलांजी क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया

एनसीआर समाचार

मध्य प्रदेश के युवा नेता और समाजसेवी इंजी प्रशांत भाऊ में श्राम एवम जिला पंचायत सदस्य प्रकाश ऊके ने खैरलांजी क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। बाढ़ से तबाह हुए सैकड़ों किसानों की खेती किसानों की हालत चिंताजनक शासन प्रशासन शीघ्र सर्वे करवा कर किसानों को मुआवजा प्रदान करें आज कटंगी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता और समाजसेवी इंजी प्रशांत भाऊ में श्राम एवम जिला पंचायत सदस्य प्रकाश ऊके ने खैरलांजी क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया तथा क्षेत्र के सबसे ज्यादा प्रभावित मोवाड़ कुम्हली भौरगढ़ टेमनी ग्रामों का जायजा लेकर प्रभावित किसानों से चर्चा की। आज खैरलांजी क्षेत्र के बाढ़ के प्रभावित मोवाड़ कुम्हली भौरगढ़ टेमनी ग्राम का दौरा कर प्रभावित किसानों से बाढ़ से हुए नुकसान के बारे में जाना और उन्हें संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया वाकई किसानों की पूरी फसल बर्बाद हो चुकी है और किसानों की हालत बहुत दयनीय है। शासन प्रशासन को शीघ्र सर्वे करा कर किसानों की हार संभव मदद करनी चाहिए और कम से कम 20 हजार रू प्रति एकड़ की दर से मुआवजा प्रदान करना चाहिए क्योंकि विगत 3-4 वर्षों से मोवाड कुम्हली टेमनी भौरगढ़ व अन्य ग्रामों के किसान बाढ़ की मार से हो चुके हैं और किसानों के हालात दयनीय हो चुकी है।

## शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के गृह जिले में आजीविका मिशन के तहत हो रहा भारी भ्रष्टाचार

राजेश मेवाड़ा / एनसीआर समाचार

मध्य प्रदेश सरकार आजीविका मिशन के तहत बेरोजगार महिलाओं को रोजगार देने का काम किया गया है और इस रोजगार में अधिकारियों द्वारा भारी भ्रष्टाचार किया गया, जिसका जीता जागता उदाहरण शाजापुर जिला है शाजापुर जिले में कई समूह में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। जब जब इसकी जानकारी सूचना का अधिकार के तहत चाही गई तो, जानकारी मांगने पर धारा 8 का हवाला देकर डीपीएम द्वारा जानकारी देने से मना कर दिया जाता है। जानकारी देने से मना करने का सीधा सीधा मतलब है कि इनके द्वारा जमकर भ्रष्टाचार हुआ है वही (डीपीएम) प्रतिभा जैन का एक ऑडियो वायरल हो रहा है जिसमें साफ-साफ आजीविका मिशन के ब्लॉक अधिकारियों को बताया जा रहा है कि किस तरह से आपको भ्रष्टाचार करना है। वहीं हम आपको बता दें कि 2019,20,21 में आजीविका मिशन के तहत स्कूल गणवेश का काम गांव के अजीब कमीशन सोसाइटा समूह को दिया गया था, जिसमें सिलाई करने वाली महिलाओं को कितना शोषण हुआ है उसका आप अंदाजा भी नहीं लगा सकते हम आपको जानकारी देना चाहेंगे कि अगर हम बाजार में 1जोड कपड़ा सिलवाने जाते हैं तो दर्जी टेलर उसकी कीमत 500 से लेकर 700 तक लेता है। आपको यह जानकर हैरानी नहीं होगी की आजीविका मिशन के तहत गांव की भोली भाली महिलाओं को इन भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा एक शर्ट बनाने के मात्र 18 50 पैसे दिए गए और एक पेंट की सिलाई करने की मात्र 21 50 पैसे सिलाई का मेहनताना दिया गया। अब आप इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा कितना भ्रष्टाचार किया गया है और इसी के चलते जिला आजीविका मिशन के अधिकारी को कलेक्टर कार्यालय में अटैच किया गया था भी किया गया था। अब आप ही बताएं कि मात्र 40- 1 जोड़ा गणवेश बनाने पर मिलता है तो आप कितना कमाएंगे क्योंकि एक जोड़ गणवेश बनाने पर पूरा दिन लग जाता है। अब एक दिन में 40 अगर महिलाएं काम आएगी तो अपनी गृहस्ती कैसे चलाएगी मध्य प्रदेश सरकार तो चाहती है कि सब शक्त बने और रोजगार से जुड़े लेकिन इनके भ्रष्ट अफसर का काला कारनामा इस तरह से किया जाता है कि कोई भी महिला शक्त बनने की बजाय और गरीब होती जाती है। महेश मामूली सितंका पाने वाले कर्मचारी अधिकारी करोड़ों रुपए कमाते हैं वहीं अगर देखा जाए तो शाजापुर जिला मध्य प्रदेश के शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार का गृह जिला है लेकिन गृह जिले में भी इन भ्रष्ट अफसरों को मंत्री का कोई डर नहीं अगर डर होता तो यह इतना भ्रष्टाचार नहीं करते और जिस समूह की आवाज उठाई गई। उस समूह को इन भ्रष्ट अफसरों द्वारा काम देने से मना कर दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### शोरती गांव में बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया श्री कृष्ण भगवान का जन्मदिन मनाया गया

राजस्थान में झालावाड़ जिले के शोरती गांव में भगवान श्री कृष्ण कन्हैया जी का जन्मदिन मनाया गया। ग्राम वासियों ने गांव 'मे जगह जगह भगवान कृष्ण की झाकिंयाँ बनाई गई, जिसमें सर्व समाज के मंदिर गुरू द्वारा पर श्री बाल मुकुन्द (राधा रानी) का जन्म दिन बडे ही उत्साह के साथ मनाया गया और भगवान श्री बाल मुकुन्द का आकर्सक श्रंगार किया गया। खेडापति श्री हनुमान चोक मे मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया, जिसने भी इस मटकी को फोड़ा उसे इनाम दिया जायेगा। इसी के साथ गांव सुमन समाज के राधा कृष्ण मंदिर पर भी भगवान श्री कृष्ण की सजाई गई और समाज के लोगो ने भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मदिन हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया।

### सहसवान जन्माष्टमी के सुभ अवसर पर कोतवाली को दुल्हन की तरह सजाया गया

उत्तर प्रदेश बदायूं सहसवान देश भर में कल श्री कृष्ण जन्माष्टमी को बड़े धूमधाम से मनाया गया है। सहसवान नगर में करीब दस से बाराह मंदिरों पर बहुत ही खूबसूरत सजावट की गई है। इधर कोतवाली सहसवान को भी दुल्हन की तरह सजाया गया। जहां लोग दूर-दूर से आकर कोतवाली को देख रहे हैं और सेल्फी ले रहे हैं। लोगों का कहना है इतनी खूबसूरत तरीके से पहले कभी कोतवाली को नहीं सजाया गया। आज कोतवाली का नजारा देखते ही बन रहा था प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला ने बताया के पहले सभी पुलिसकर्मियों ने पूजा अर्चना की साथ ही कोतवाली प्रभारी ने कहा कि इतनी खूबसूरत कोतवाली को सजाने का श्रय मेरे पूरे स्टाफ हो जाता है।

### पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान ने चिटफंड कंपनी 'पर्ल' की उच्च स्तरीय जांच के आदेश जारी किए

पंजाब चंडीगढ़ के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने चिटफंड कंपनी पर्ल की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। इस बारे में उन्होंने अपने ऑफिशियल अकाउंट से ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि, पंजाब की जनता के खून पसीने की कमाई लूट कर अरबों की चल संपत्ति बनाने वाली चिटफंड कंपनी 'पर्ल' की उच्च स्तरीय जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। इसके बारे में अधिक जानकारी जल्द ही सार्वजनिक की जाएगी। बता दे कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने चुनाव से पहले लोगों से वादा किया था कि लोगों का पैसा लूटने वाली चिटफंड कंपनियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पर्ल और क्राउन जैसी कंपनियों की संपत्ति को जब्त कर लिया जाएगा और आम लोगों को एक-एक पैसा वापस कर दिया जाएगा।

### यमुना प्रसाद यादव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जन्माष्टमी का त्योहार बहुत ही शानदार तरीके से मनाया गया

उत्तर प्रदेश में यमुना प्रसाद यादव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जन्माष्टमी का त्योहार बहुत ही शानदार तरीके से मनाया गया, जिसमें बच्चों ने राधा कृष्ण का प्रतिरूप, राधा-कृष्ण डांस, मटकी फोड़ प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहां पे उपस्थित सभी छात्र छात्राओ का योगदान रहा और आवसार पर छात्र छात्राओ ने अपनी कला दिखाई इस साल जन्माष्टमी त्योहार बहुत ही शानदार तरीके से मनाया गया। बच्चों ने राधा कृष्ण का प्रतिरूप, राधा-कृष्ण डांस, मटकी फोड़ प्रतियोगिता, जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। प्रधानाचार्य - पारसनाथ वर्मा, शिक्षक लवलेश यदुवंशी, विष्णु द्विवेदी, मोतीलाल गौतम, राधारमण, रामभुवन, सुनील, सूर्यप्रकाश, चाँदनी, सुधा, अमिता आदि शामिल रहे।

### कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर CWC मेंबर प्रमोद तिवारी ने विभिन्न पांडालों में जाकर बाल गोपाल के दर्शन किए

उत्तर प्रदेश में सांसद, राज्यसभा एवं CWC मेंबर प्रमोद तिवारी ने अपने विधानसभा क्षेत्र रामपुर खास के अंतर्गत आदर्श नगर पंचायत लालगंज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर सजाये गए विभिन्न पांडालों में पहुँचकर बाल गोपाल के दर्शन किए। साभार शास्त्री सौरभ त्रिपाठी लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ब्लाक प्रमुख अमीत प्रताप सिंह, आशीष विनय कुमार शुक्ल यादि मौजूद रहे।

### पसमंदा मुस्लिम समाज एव ऑल इंडिया मंसूरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी 5 दिन के लिए राजस्थान दौरे पर निकले



राजस्थान अजमेर में पसमंदा मुस्लिम समाज एव ऑल इंडिया मंसूरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी 5 दिन के लिए राजस्थान दौरे पर निकले, वो आज अजमेर पहुंचकर अनीस मंसूरी ने मंसूरी समाज के पदाधिकारीयों से एक मीटिंग कर सभी की राय जानी सभी मंसूरी समाज के लोगों ने अनीस मंसूरी का फूलो का हार व मूमेंटो देकर स्वागत किया। अनीस मंसूरी ने सभी समाज के लोगों से ये वादा किया है की पसमंदा मुस्लिम समाज व ऑल इंडिया मंसूरी समाज की हर परेशानियों को व उनकी हर बात को सरकार तक लेकर जाएंगे और सभी मंसूरी समाज की जो भी बाते है व सरकार को बता कर उनका निवारण जल्द से जल्द किया जाएगा।

### बाड़मेर जिले के गिड़ा पंचायत समिति मुख्यालय गांव के मैन रोड साइड डिवाइडर का काम शुरू

राजस्थान बाड़मेर जिले के गिड़ा पंचायत समिति मुख्यालय गांव के मैन रोड साइड डिवाइडर का काम शुरू होने से सामग्री रोड पर डाल दिया गया और दूसरी ओर बारिश ज्यादा होने से गांव का गंदा पानी रोड का आकर एकत्रित हो जाता है आने जाने वाले साधनों को और पैदल चलने वाले लोगों को भारी परेशानीयों का सामना करना पड़ता है और दुकान प्रतिष्ठान के व्यापारियों को जब पानी में होते हुऐ व्हीकल्स गुजरते है तब पानी दुकानों के भीतर तक आ जाता है इसलिए आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# जम्मू कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी ने मदरसा समेत कई ठिकानों पर छापा मारा

**एनसीआर समाचार**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने मदरसा समेत कई ठिकानों पर छापा मारा है। आतंकवाद के लिए हवाला राशि मामले में यह कार्रवाई की जा रही है। एसआईए की टीम सुबह 6:10 बजे से कार्रवाई में जुटी है। बस स्टैंड पर दो दिन पहले पकड़े गए मॉड्यूल के सदस्य के खुलासे पर यह कार्रवाई की जा रही है।



बस स्टैंड से पकड़ा गया व्यक्ति मदरसा संचालक का ड्राइवर बताया जा रहा है। दिल्ली का कपड़ा कारोबारी सात लाख हवाला राशि के साथ पकड़ा गया आपको बता दें कि जम्मू बस स्टैंड से गुरुवार को गिरफ्तार लश्कर सहयोगी अब्दुल हमीद को हवाला का पैसा देने वाले आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया है। जम्मू और दिल्ली पुलिस ने मिलकर दिल्ली के नलबंधन टर्कमैन गेट स्थित रहने वाले मोहम्मद यासीन को दबोचा है। यासीन के कब्जे से सात लाख रुपये की हवाला राशि बरामद की गई है। बता दे कि यासीन एक कपड़ा व्यापारी है जो दिल्ली के मीना बाजार में बैठ कर यासीन दुकान की आड़ में लश्कर के लिए हवाला का पैसा बाहर से लेकर जम्मू-कश्मीर में पहुंचाता था। दिल्ली और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त कार्रवाई में आतंकी संगठनों लश्कर-ए-ताइबा (एलईटी) और अल-बद्र को फंडिंग करने वाले यासीन को गिरफ्तार किया है। 17 अगस्त को यासीन ने अब्दुल हमीद को 10 लाख रुपये दिए थे। यह पैसा पुंछ में रहने वाले एक व्यक्ति को दिया जाना था, लेकिन इसके पहले ही पुलिस ने हमीद को जम्मू के बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। हमीद ने पूछताछ के बाद यासीन का नाम बताया। शुक्रवार को दिल्ली और जम्मू पुलिस ने मिलकर यासीन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के पास सूचना थी कि दिल्ली के मीना बाजार के आसपास टेरर फंडिंग की गतिविधियां चल रही हैं। इसके बाद पुलिस ने टीमों को तैनात कर यासीन को दबोच लिया। मीना बाजार में कपड़ों का व्यापारी यासीन टेरर फंडिंग नेटवर्क के लिए काम कर रहा था। वह विदेश से हवाला का पैसा लेकर अलग-अलग लोगों के जरिये जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों के लिए पहुंचाता था।

दक्षिण अफ्रीका के रास्ते सूरत और मुंबई आ रही हवाला राशि पूछताछ में मोहम्मद यासीन ने खुलासा किया कि हवाला का पैसा दक्षिण अफ्रीका के रास्ते भारत के सूरत और मुंबई में भेजा जा रहा है। यासीन इस हवाला श्रृंखला को दिल्ली में चला रहा था। दिल्ली से यह रकम अलग-अलग कोरियर के जरिए जम्मू-कश्मीर में ट्रांसफर की जाती थी। यह राशि प्रतिबंधित आतंकी संगठनों लश्कर और अल-बद्र के गुर्गों को दी गई थी। हाल ही में मोहम्मद यासीन को दक्षिण अफ्रीका से हवाला के जरिये भेजे गए 24 लाख रुपये मिले 24 लाख रुपये में से उसने दो अलग-अलग कोरियर के माध्यम से जम्मू-कश्मीर में आतंकी गुर्गों को 17 लाख रुपये दिए।

# स्व. किरोड़ी सिंह बैंसला का अस्थि कलष कोटपूतली पहुँचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की

**एनसीआर समाचार**

राजस्थान कोटपुतली में 18 अगस्त स्व. कर्नल किरोड़ सिंह बैंसला गुर्जर समाज में शिक्षा की अलख जगाने वाले, सामाजिक बदलाव के प्रणेता, संघर्ष के पर्याय, कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के अस्थि कलश के कोटपूतली पहुंचने पर भाजपा कार्यालय के सामने भाजपा नेता मुकेष गोयल ने कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही कोटपूतली के बानसूर रोड़ स्थित गोरधन मेडिकल के सामने मुखिया पायला के नेतृत्व में पुष्पांजलि अर्पित की गई।

अस्थि कलष कोटपूतली पहुँचने से पूर्व गोयल ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिवंगत नेता कर्नल बैंसला ने समाज को एकसूत्र में बांधने के साथ-साथ राजस्थान की राजनीति में अपने नाम की अंतिम छाप छोड़ी है। उनके विराट व्यक्तित्व एवं उनके द्वारा समाज हित में किये गये कार्य आज युवा शक्ति के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गये है। वहीं गोयल ने बताया कि स्व. कर्नल बैंसला ने अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, शिक्षित मां, कर्ज मुक्त समाज का संदेश समाज को दिया हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री सुरेन्द्र चौधरी, जिलामंत्री सुभाष चन्द शर्मा, किसान मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष पूरण मल सैनी, किसान मोर्चा जिलामंत्री दिलीप यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाष चन्द टेलर, एडवोकेट बजरंगलाल शर्मा, भाजयुमो पष्चिम मण्डल अध्यक्ष राजेष सराधना, न.पा. नेता प्रतिपक्ष प्रमोद कुमार सैनी, सरपंच सोनू चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि कृष्ण छावड़ी, पं.स.स. नरेन्द्र गुर्जर, भाजयुमो नगर मण्डल महामंत्री दयाराम कुमावत, मण्डल महामंत्री मिथुन कसाना, कमलेष कुमावत, किरोड़ी मल गर्ग, विनोद कौषिक, सीमाराम बंसल, सोमदत्त रावत, पार्षद रामकरण सूद, राजवीर पायला, जयसिंह पायला, रामकरण पायला, होलदार पायला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत की भूमि पर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की

**मोहम्मद मगरूद / एनसीआर समाचार**

उत्तर प्रदेश के रामपुर मनिहारान के थाना क्षेत्र के गांव छिदबना में ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत की भूमि पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जमीन की पैमाइश कराकर प्रतिमा को स्थापित जगह से हटा दिया। वहीं गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया है, उधर लापरवाही पाए जाने पर एसएसपी डॉ विपिन ताडा ने एक उपनिरीक्षक और एक आरक्षी को निलंबित कर दिया है। इनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। थाना क्षेत्र के गांव छिदबान में ग्राम पंचायत की भूमि खाली पड़ी है। इस पर काफी समय से अनुसूचित जाति समाज के लोग डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करना चाहते थे। पुलिस के अनुसार रात अनुसूचित जाति के लोगों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को उक्त ग्राम पंचायत की भूमि पर स्थापित कर दिया। इसकी सूचना पर वहां थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विशाल श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ पहुंच गए। जैसे ही उन्होंने प्रतिमा हटवा ना चाहा तो काफी ग्रामीण वहां जमा हो गए और पुलिस का विरोध शुरू कर दिया। इस स्थिति को देख एहतियातन मौके पर कई थानों की पुलिस बुला ली गई। एसडीएम सदर और सीओ भी मौके पर पहुंच गए, एसडीएम और सीओ ने ग्रामीणों से प्रतिमा हटाने को कहा लेकिन ग्रामीण नहीं माने बाद में पुलिस ने जमीन की पैमाइश कराई गई और स्थापित की गई प्रतिमा को हटा दिया गया।

# जम्मू-कश्मीर पुलिस के जॉइंट आपरेशन में हवाला एजेंट को गिरफ्तार किया गया

**एनसीआर समाचार**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जॉइंट आपरेशन में गुरुवार को एक हवाला एजेंट को गिरफ्तार किया गया। दरअसल, मो. यासीन पेशे से सरकारी व्यापारी है और दिल्ली के मीना बाजार में काम करता है। वह हवाला एजेंट के लिए एक चैनल में भी काम करता है। उसने पुलिस द्वारा पूछताछ में बताया कि जम्मू कश्मीर में आतंकी संगठनों को पैसा मुहैया कराता है ताकि जम्मू कश्मीर में आतंकी गतिविधियां संचालित होती रहे। साथ ही हवाला का पैसा दक्षिण अफ्रीका से सूरत और मुंबई में खपाया जा रहा है। यासीन दिल्ली के लिए काम करता है और यहां से पैसा जम्मू-कश्मीर के



आतंकी संगठनों को मुहैया करा रहा था। मोहमद यासीन नाम के इस हवाला ऑपरेटर ने कश्मीर के एक आतंकी को 10 लाख रुपये ट्रांसफर भी किए थे। इस बात की जानकारी दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दी है। विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने बताया कि आरोपी की पहचान तुर्कमान गेट निवासी मोहम्मद यासीन के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को केंद्रीय एजेंसियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से मीना बाजार से आतंकी गतिविधियों को फंडिंग करने और संचालन करने वाले एक व्यक्ति के बारे में खबर मिली थी। उन्होंने बताया, 'इसके बाद एक छापेमारी टीम का गठन किया गया और मीना बाजार में और उसके आसपास तैनात किया गया और प्रतिष्ठान के मालिक मोहम्मद यासीन को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि 17 अगस्त को यासीन ने जम्मू-कश्मीर के आतंकी अब्दुल हामिद मीर को राज्य में आतंकवादी गतिविधियों में आगे इस्तेमाल के लिए करीब 10 लाख रुपये दिए। धालीवाल ने कहा कि इस मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक मामला दर्ज किया है और पुंछ निवासी अब्दुल हमीद मीर को जम्मू बस स्टैंड से 10 लाख रुपये की आतंकी फंडिंग राशि के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक यासीन पेशे से कपड़ा कारोबारी है और मीना बाजार से कारोबार कर रहा है। वह हवाला धन के एक माध्यम के रूप में काम करता है। साथ ही विदेशों में स्थित स्त्रोतों से प्राप्त धन एकत्र करता है और आगे जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गुर्गों को वितरित करता है। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान, यासीन ने खुलासा किया कि हवाला का पैसा दक्षिण अफ्रीका के माध्यम से सूरत और मुंबई में भारत भेजा जा रहा था। यासीन इस हवाला श्रृंखला में दिल्ली लिंक था।

# राजस्थान आर्य समाज कोटपूतली में यज्ञ के माध्यम से मनाया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

**एनसीआर समाचार**

राजस्थान में आर्य समाज कोटपूतली के तत्वाधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर आज यानि 19 अगस्त को हंसा मैरिज पैलेस कोटपूतली में कार्यक्रम के संयोजक स्वामी आदित्यानंद के सानिध्य में भगवान कृष्ण का जन्म दिवस यज्ञ के माध्यम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में स्वामी आदित्यानद ने बताया कि आज हमारी वेदोक्त संस्कृति को इतना दूषित कर दिया गया है कि हम यज्ञ, दान तथा तप की वास्तविकता को भूल कर इसमें



मिलावट करके अनेक रूप में मानने लग गए है। श्रीकृष्ण के चरित्र को भी लोक कलाकारों ने इतना धूमिल किया की मनमर्जी के गाने बनाकर उनका चरित्र हनन किया जा रहा है वहीं स्वामी जी ने कहा कि कुछ स्वार्थी तथा अज्ञानी व्यक्तियों ने श्री कृष्ण को माखन चोर तथा कपड़े चुराने वाला व कुछ कलाकारों ने चूड़ी बेचने वाला तक कह दिया क्या ऐसे महापुरुष का यही कार्य था। हमें अवश्य चिंतन करना चाहिए कि इन अभद्र बातों का समर्थन करने वाले भी कहीं ना कहीं हिंदू ही है। इस कार्यक्रम की शुरुआत हवन के द्वारा हुई जिसमें महात्मा ओम मुनि के ब्रह्मतव में यज्ञ प्रारंभ किया गया व इस यज्ञ में पूर्व विधायक रामचंद्र रावत, कन्हैयालाल यादव, दाताराम, प्रधान आर्य समाज डॉ हरीश गुर्जर, उमेश बंसल, जगराम प्रजापत, रमेश आर्य, प्रेम यादव, रामकुमार सैनी पत्नी यजमान रहे। महात्मा ओम मुनि ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपने ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश में योगिराज श्री कृष्ण को आप्त पुरुष बताया था, उनके जीवन में कभी भी कमी नहीं रही वह एक अच्छे योद्धा थे, रणनीतिकार थे, धर्म रक्षक थे, आज हमें उन्हीं के चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। साथ ही बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपना पूरा जीवन वैदिक संस्कृति को बताने में लगा दिया।

# रैपिड एक्शन फोर्स ने संयुक्त रूप से शहर के संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों में रूट मार्च निकाला

**एनसीआर समाचार**

राजस्थान में शुक्रवार को जिला पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स ने संयुक्त रूप से शहर के संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों में रूट मार्च निकाला। ताकि असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण कर शांति व्यवस्था कायम रहे।

शुक्रवार को अजमेर उत्तर पुलिस उपाधीक्षक छवि शर्मा और रैपिड एक्शन फोर्स के अतिरिक्त एसपी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में शहर के संवेदनशील इलाकों में रूट मार्च निकाला गया। पुलिस उपाधीक्षक छवी शर्मा ने कहा कि यह रूट मार्च एक जानी-पहचानी कवायद है। संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों के बारे में आरएएफ की टीमों को जानकारी दी गई है। ताकि आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही छात्र संघ चुनाव और आगामी त्योहारों को देखते हुए विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में भी रूट मार्च निकाला गया। ताकि छात्र संघ चुनाव में शांति व्यवस्था बनी रहे। अजमेर जिला पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स की टीम द्वारा रोडवेज बस स्टैंड रूट मार्च निकाला गया।

# कृष्ण किसी जाति विशेष के नहीं, पूरे ब्रह्मांड के भगवान: चौधरी धर्मवीर

**एनसीआर समाचार**

हरियाणा स्थानीय बस स्टेंड के पीछे स्थित यादव कल्याण सभा भवन में भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम स्वामी हंसानंद की ओर से हवन यज्ञ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह व प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने हवन में आहूति डाली। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह व मंत्री ओमप्रकाश यादव सहित अनेक लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि कृष्ण भगवान किसी जाति विशेष के न होकर पूरे ब्राह्मांड के भगवान थे। आज से लगभग पांच हजार साल पहले उन्होंने कुरुक्षेत्र में गीता का जो उपदेश दिया। गीता में उन्होंने जो धर्म और कर्म का ज्ञान दियाए।

वह आज भी सार्थक है। उन्होंने कहा कि आज का इंसान भगवान श्रीकृष्ण के बताए हुए रास्तें पर ना चलकर गलत दिशा में जा रहा है। आज भाई-भाई आपस में ल्रागड़े रहे है। लोग धर्म कर्म के कार्य की बजाय आपसी ल्रागड़ों को लेकर थाना-कोर्ट में पहुंच जाते है जोकि गलत है। उन्होंने यादव समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि यादव समाज बड़ा मेहनती समाज है। खेतीबाड़ी, देश की



रक्षा और कुर्बानियां देने में जो यादव समाज का इतिहास है, उसको भुलाया नहीं जा सकता। यादव सभा के प्रधान तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि हम सबको भगवान श्रीकृष्ण के बताए रास्तें पर चलकर ईमानदारी, मेहनत और सच्चाई से अपना कर्म करना चाहिए तभी हमारा जीवन सार्थक सिद्ध होगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे बुराई, निंदा, गलत कार्य में अपने ज्यादा ध्यान लगा रहे है। अगर हम ऐसा करेंगे तो हमारा आने वाला समय हमारी पीढ़ियां व हम बर्बाद हो जाएंगे। हमें अच्छी सोच के साथ अच्छे व नेक कार्य करने चाहिए तभी हमारा जीवन सार्थक हो सकता है और हमारा अगला जीवन ठीक हो सकता है, तभी हमारी आने वाली पीढिय़ां अच्छा जीवन जी सकती है। कार्यक्रम में मंत्री ओमप्रकाश यादव ने सिलारपुर निवासी अंजली द्वारा 10वीं में 500 में से 500 नंबर लेने पर उसकी माता उर्मिला देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और एक लाख रुपये का अनुदान सरकार की ओर से देने की घोषणा की।

साथ ही अगले तीन साल प्रत्येक एक साल एक-एक लाख रुपये देने की भी घोषणा की। भांखरी निवासी ऊषा यादव का आईपीएस में चयन होने पर यादव सभा की ओर से सम्मानित किया गया। वहीं अनुकृति मानव को भी अमेरिका में वधनश्याम शर्मा पटीकरा को उनकी उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर यादव कल्याण सभा सचिव कंवरसिंह यादव, कार्यकारी प्रधान अशोक यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश यादव मांदी, इतिहासकार जसवंत प्रभाकर व धनश्याम शर्मा पटीकरा सहित अनेक वक्ताओं ने अपने संबोधन में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा बताए गए रास्तें पर चलकर अपने जीवन को सार्थक बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर अमर सिंह भाखरी,यादराम यादव प्राचार्य,रोहताश चेयरमैन, संसार सिंह, तुलीराम, अनार सिंह, बजरंग लाल अग्रवाल, मेजर ईश्वर सिंह, सरला यादव, राजु प्रधान खासपुर, सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अजगरा गांव में दो पक्षों में हुए मामूली विवाद ने ली मासूम बच्ची की जान, प्रशासन मौन

बिहार के बाढ़ में 17 अगस्त 2022 को भादौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अजगरा गांव में दो पक्षों में विवाद के होने से धनंजय सिंह की पुत्री निधि कुमारी को अखिलेश सिंह (शिक्षक), उनकी पत्नी और उनकी दोनों बेटियों मुस्कान और ऋतु के द्वारा मारपीट की गई जिस दौरान निधि की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतिका निधि का पोस्टमार्टम कराने का मौका नहीं दिया गया। बलपूर्वक अखिलेश सिंह और उनके परिवार के लोगों ने शव को गांव में ही जला दिया। जब इस घटना की सूचना भादौर पुलिस तक पहुंची तो कार्रवाई शुरू करने के बजाय वो भी मौन बैठी है।

### राँची में बुनियादी प्रशिक्षण की मांग को लेकर धरने पर बैठे नव चयनित होमगार्ड

**नवनीत कुमार पांडे:**

बुनियादी प्रशिक्षण की मांग को लेकर धनबाद जिले नव चयनित होमगार्ड प्रदर्शन करने पहुंचे हैं। पुलिस ने शहीद मैदान के पास रोका। हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा, धुर्वा थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल को शहीद मैदान के पास किया गया तैनात। प्रदर्शन करने आए नव चयनित होमगार्ड जवानों को पुलिस ने समझा कर रोका। अरगोड़ा सीओ भी मौके पर मौजूद। सभी को समझाने का किया गया जा रहा प्रयास।

### दिल्ली से वाराणसी तक का सफर महज 4 घंटे होगा तय, 350 किलोमीटर प्रति घंटा होगी बुलेट ट्रेन की रफ्तार

दिल्ली-वाराणसी हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बनाने का काम तेजी से चल रहा है। यह पूरा स्ट्रेच 816 किलोमीटर का होगा जिसमें कुल 13 स्टेशन होंगे। इन स्टेशनों में से दिल्ली में एक अंडरग्राउंड और 12 एलिवेटेड स्टेशन उत्तर प्रदेश में होंगे। दिल्ली से चलकर वाराणसी तक चलने वाली बुलेट ट्रेन की स्पीड 330 किमी प्रति घंटा होगी। इतना ही नहीं एक स्टेशन दिल्ली में अंडरग्राउंड का निर्माण जारी है। नोएडा के सेक्टर 142 नोएडा एयरपोर्ट के बाद बुलेट ट्रेन मथुरा, आगरा, इटावा, कानपुर, लखनऊ, रायबरेली, प्रतापगढ़, प्रयागराज, भदोही होते हुए वाराणसी तक का सफर तय करा करेगी। एक्शन प्लान की अगर मानें तो बुलेट ट्रेन की अधिकतम रफ्तार 350 किलोमीटर प्रति घंटा तय की गई है और औसतन रफ्तार 250 किलोमीटर प्रति घंटा तय है।

### श्री मुक्तसर साहिब में कारोना से एक 14 वर्ष के बच्चे की हुई मौत

**ज्ञान चंद:**

जिला श्री मुक्तसर साहिब में एक बार फिर कोरोना ने दस्तक दे दी है। मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में मुक्तसर साहिब शहर के कोटली रोड निवासी 14 वर्षीय बच्ची की कोरोना से मौत हो गयी, जिनका पीजीआई चंडीगढ़ में इलाज चल रहा था और जो लीवर की बीमारी से भी पीड़ित थे, उनका कोरोना टेस्ट पॉजिटिव पाया गया, जिससे उनकी मौत हो गई। इस मामले की जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ. रंजू सिंगला ने बताया कि, पीजीआई में 14 साल की बच्ची की कोरोना से मौत हो गई। उन्होंने कहा कि, स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलग-अलग जगहों पर कोरोना की वैक्सीन नि:शुल्क दी जा रही है। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा टीके लगवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि, जिले में कुल 35 केस एक्टिव हैं।

### हाईकोर्ट का अहम फैसला पुलिस इंस्पेक्टर, दरोगा सिपाही को सत्य निष्ठा रोकने की सजा देना गैर कानूनी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि, पुलिस विभाग में कार्यरत इंस्पेक्टर, दारोगा तथा सिपाही की सत्यनिष्ठा रोकने का दंड देना गैर कानूनी है। कोर्ट ने कहा, सत्यनिष्ठा रोके जाने का दंड उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों के लिए बने कानून में नहीं है। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की सत्य निष्ठा रोके जाने की सजा गैरकानूनी करार देते हुए दंड आदेश निरस्त कर दिया है। सब इंस्पेक्टर की याचिका पर सुनाया अदालत ने यह फैसला यह आदेश जस्टिस राजीव मिश्र ने दारोगा विनोद कुमार की याचिका पर पारित किया। याची के खिलाफ एसपी मऊ ने वर्ष 2019 में सत्यनिष्ठा रोकने का आदेश पारित किया था। एसपी के इस आदेश के खिलाफ डीआइजी आजमगढ़ परिक्षेत्र ने भी दंड आदेश को सही करार कर दिया था। एसपी व डीआइजी दोनों के आदेशों को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। याची के वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं अतिप्रिया गौतम का तर्क था कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दंड एवं अपील) नियमावली 1991 के नियम 4 में जो दंड प्रतिपादित किया गया है, उसमें सत्यनिष्ठा रोकने के दंड का कोई प्रावधान नहीं है।

### आंगनवाड़ी केंद्र बना विषैले जानवरों का अड्डा बच्चों की जान पर खतरा

सरकार का दावा है कि शिक्षा को आगे बढ़ाओ स्कूलों की मरम्मत कराओ जिससे बच्चो को कोई असुविधा न मगर ये सब केवल कागजो तक ही सीमित रह जाता है। प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंचायत सिसई माफी जिला गोण्डा आंगनबाड़ी कार्यकारणी कंचन विश्कर्मा का कहना है कि आंगनबड़ी केंद्र अब जानवरों का अड्डा बन चुका है, जो अब विषैले साँपों और बिच्छूओं से भरमार है, जहां आये दिन कोई न कोई जानवर निकल ही आता है जिससे छोटे छोटे बच्चों के लिये खतरा बना हुआ जिस कारण बच्चो का शिक्षा बाधित है। उनका कहना है कि अगर किसी बच्चे के साथ कोई घटना घट जाती है तो उसका जिम्मेदारी कौन लेगा ? केंद्र की हालत देख कर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि इसकी मरम्मत की जरूत है न टाइल्स लगा है न ही दीवारों की रंगाई पुताई हो रही हैं जो किसी कूड़ाघर से कम नही है ऐसे में बच्चों की शिक्षा कैसे संभव है।

### हरियाणा में बिजली के लिए शुरू हुआ बिजली मीटर का रिचार्ज, मोबाइल फ़ोन से होगा बिजली का रिचार्ज

हरियाणा राज्य में उपभोक्ताओं को बिजली इस्तेमाल से पहले पैसा चुकाना होगा। मोबाइल की तरह बिजली मीटर रिचार्ज होंगे। राज्य के कृषि बिजली कनेक्शनों को छोड़कर बाकी सभी मीटर को स्मार्ट मीटर में बदलकर उसे प्रीपेड मोड पर किया जाएगा। यह व्यवस्था सरकार दफ्तरों के लिए भी लागू होगी। इससे बिजली निगमों को भी यह फायदा होगा कि उनका विभागों की तरफ बकाया नहीं रहेगा।

# विश्वविद्यालय में मंकीपॉक्स पर राष्ट्रीय ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन

एनसीआर समाचार

डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के मानव संसाधन विकास केंद्र ने महामारी मंकीपॉक्स से नागरिकों को जागरूक करने के लिए 17 अगस्त 2022 को ऑनलाइन मोड में एक दिवसीय मंकीपॉक्स जागरूकता वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार में देश भर से 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया। डॉ. मनीष जैन (एसोसिएट प्रोफेसर, बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज, सागर) और डॉ. भूपेंद्र रोहित (बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज, सागर के सहायक प्रोफेसर) इस वेबिनार के लिए प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता जी के उद्घाटन भाषण से हुई। अपने संबोधन में प्रो. गुप्ता ने मंकीपॉक्स के गंभीर परिणामों के बारे में बताया, स्वयं एक प्राणी



विज्ञानी होने के नाते, उन्होंने इसकी उत्पत्ति और विकास पर टिप्पणी की और इलाज से रोकथाम की आवश्यकता को रेखांकित किया। डॉ मनीष जैन, कोविड केयर, सागर के नोडल अधिकारी ने मंकीपॉक्स के इतिहास और लक्षणों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने इसे एक वायरल बीमारी बताते हुए इसकी उत्पत्ति, संक्रमण के तरीके और जानवरों से इंसान और इंसान से इंसान में संचरण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मंकीपॉक्स एक स्व-सीमित बीमारी है। मंकीपॉक्स के दृश्य और अदृश्य लक्षणों जैसे बुखार, कमजोरी, खांसी और शरीर पर चकत्ते के प्रति उन्होंने आगाह किया। उन्होंने कहा कि, हालांकि मंकीपॉक्स का संक्रमण और मृत्यु दर COVID की तुलना में कम है, फिर भी बीमारी से बचाव के लिए उन्हीं उपायों का इस्तेमाल किया जा सकता है। दूसरे सत्र में डॉ भूपेंद्र रोहित (सामुदायिक चिकित्सा विभाग) ने इस बीमारी के खिलाफ निवारक और उपचारात्मक उपायों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने शारीरिक संपर्क, मौखिक और नाक की बूंदों और खुले त्वचा के घावों और यौन संबंधों जैसे संचरण के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष माध्यमों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने एहतियात के तौर पर कोविड की तरह सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क की सलाह दी। डॉ रोहित ने मंकीपॉक्स के रोगियों के लिए अस्पताल में भर्ती होने से पहले के उपायों (शारीरिक संपर्क, अलगाव) सहायक प्रबंधन और दवाओं के बारे में बताया। डॉ अभिषेक कुमार जैन (विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी) ने सत्र का संचालन किया। सत्र के बाद प्रतिभागियों के साथ बातचीत हुई। डॉ आरटी बेद्रे ने कुलपति और अतिथि विद्वानों को धन्यवाद दिया।

# जिला कलेक्टर से मिले करण सिंह रावत, विद्यालय विकास हेतु सौंपा ज्ञापन

एनसीआर समाचार

ग्राम नुंद्री मैंद्रातान में स्तिथ महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के जर्जर हुए विद्यालय भवन एवं कक्षा कक्षों के विकास का बीड़ा करण सिंह रावत एडवोकेट राजस्व मंडल राजस्थान ने उठाया है। करण सिंह रावत एडवोकेट ने तत्कालीन शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा से नजदीकियों का लाभ उठाते हुए शुरुवात में व्यवहार विधानसभा में पंचायत समिति जवाजा मुख्यालय शहरी क्षेत्र में फतेहपुरिया दोयम के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम की विद्यालय राज्य सरकार द्वारा केवल ग्राम पंचायत नुंद्री मैंद्रातान में ही स्वीकृत करवा ली, जिसमे विधिवत रूप से प्रवेश होकर विधालय सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। इस विद्यालय हेतु राज्य सरकार द्वारा कोई नवीन भवन स्वीकृत नहीं किया गया तथा पुरानी बालिका विद्यालय में ही इस विद्यालय को संचालित किया जा रहा है जिस भवन की स्तिथि काफी खराब है कुछ कमरों की छत की पट्टियां भी टूटने के कगार पर है। इन्हीं समस्याओं के लिए रावत एडवोकेट राजस्व मंडल ने शिक्षा मंत्री बीड़ी कल्ला, जिला कलक्टर अजमेर व उपखंड अधिकारी व्यवहार से व्यक्तिगत मिलकर उक्त विद्यालय की समस्या से अवगत करवाया। जिस पर उपखंड अधिकारी महोदय द्वारा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महोदय से तुरंत विद्यालय का मौका निरीक्षण का आदेश दिया तथा जिला कलेक्टर अजमेर ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अजमेर व खनिज अभियंता खान एवम भू विज्ञान को निर्देश दिए की उक्त विद्यालय की समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए निस्तारण करें, जिससे लगता है की अब महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम विधालय के भवन के कायाकल्प होने की उम्मीद जग गई है।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर ड्रीमलैंड एडवेंचर टीम ने की सबसे लम्बी साईकिल तिरंगा यात्रा

एनसीआर समाचार

कोटपूतली में हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत कोटपूतली निवासी पर्वातारोही बिजेन्द्र कुमार सैनी अपनी ड्रीमलैंड एडवेंचर टीम के साथ हर घर तिरंगा अभियान को जन जन तक पहॅचाने के लिए जयपुर से साईकिल पर तिरंगा लेकर 13 अगस्त को दिल्ली के लिए रवाना हुए थे, जो उनके टीम के सदस्य रूपसिंह शेखावत, बब्लू यादव, श्रीराम यादव तथा विकास राणा के साथ 15 अगस्त को इण्डिया गेट दिल्ली स्थित शहीद स्मारक पर तिरंगा लगाकर शहीदों को विनम्र श्रृद्धांजलि दी तथा ड्रीमलैंड एडवेंचर टीम ने लालकिले पर तिरंगा फहराने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को उनके निवास पर जाकर तिरंगा दिया। पर्वतारोही बिजेन्द्र कुमार ने बताया कि, आजादी के अमृत महोत्सव की




हमारी सबसे लम्बी साईकिल तिरंगा यात्रा रही है। इस यात्रा को समर्थ सषक्त कोटपूतली अभियान के संयोजक एवं भाजपा नेता मुकेष गोयल के निर्देषानुसार यह यात्रा निकाली गई जो जयपुर से 403 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए दिल्ली पहुंची। रास्ते में आमेर, शाहपुरा, ढाणी गैसकान, जयसिंहपुरा, पावटा, चौकी गोरधनपुरा, पूतली कट कोटपूतली, बहरोड़, नीमराणा, शाहजहॉपुर, धारूहेड़ा आदि सहित विभिन्न जगहों पर इस साईकिल यात्रा का लोगों ने माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

# केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने EWS फ्लैटों में 1100 रोहिंग्याओं को फिर से बसने का किया दावा

एनसीआर समाचार

केंद्रीय शहरी विकास और आवास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को दिल्ली के बक्करवाला इलाके में ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में 1,100 रोहिंग्याओं को फिर से बसाने का दावा करने वाले एक समाचार लिंक को रीट्वीट करने के बाद एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। बाद में दिल्ली सरकार ने कहा कि, उनसे सलाह नहीं ली गई और केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रिपोर्ट का खंडन किया, इसके बाद उन्होंने बयान वापस ले लिया। पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि, रोहिंग्याओं को बुनियादी सुविधाएं, यूएनएचसीआर पहचान पत्र और दिल्ली पुलिस सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने लिखा, ₹भारत ने हमेशा उन लोगों का स्वागत किया है जिन्होंने देश में



शरण मांगी है। एक ऐतिहासिक निर्णय में, सभी रोहिंग्या शरणार्थियों को दिल्ली के बक्करवाला क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। उन्हें बुनियादी सुविधाएं, यूएनएचसीआर आईडी और चौबीसों घंटे प्रदान की जाएंगी। दिल्ली पुलिस सुरक्षा। जिन लोगों ने भारत की शरणार्थी नीति को जानबूझकर सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) से जोड़ने पर अफवाह फैलाकर करियर बनाया, वे निराश होंगे। भारत संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी सम्मेलन 1951 का सम्मान करता है और उसका पालन करता है और सभी को उनकी जाति की परवाह किए बिना शरण प्रदान करता है।" हालांकि, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंत्री का खंडन करते हुए कहा कि, उन्होंने ₹रोहिंग्या अवैध विदेशियों₹ को ईडब्ल्यूएस फ्लैट उपलब्ध कराने के संबंध में कोई आदेश नहीं दिया था। पुरी ने बाद में कहा कि घोषणा के संबंध में गृह मंत्रालय का बयान सरकार की ₹सही स्थिति₹ है। रोहिंग्या अवैध विदेशियों के मुद्दे के संबंध में गृह मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति सही स्थिति बताती है। इस बीच आम आदमी पार्टी ने कथित फैसले का विरोध करते हुए कहा कि, निर्णय लेने से पहले चुनी हुई सरकार से सलाह नहीं ली गई। आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि, दिल्ली के गृह मंत्री मनीष सिसोदिया की अनदेखी की गई और मुख्य सचिव ने दिल्ली पुलिस के साथ बैठक की। सिसोदिया ने एक ट्वीट में यह भी कहा कि, केंद्र और उपराज्यपाल ने अधिकारियों और दिल्ली पुलिस और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ निर्णय लिया था और खुद को लूप में नहीं रखा गया था।

# भारतीय किसान संघ का तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न

एनसीआर समाचार

भारतीय किसान संघ जिला शाजापुर के अवंतीपुर बड़ोदिया नगर के मानस भवन में जिले का तीन दिवसीय अभ्यास रखा गया जो 12 सत्रों के माध्यम से 3 दिन तक चला। इसके समापन अवसर पर बड़ोदिया नगर में भारतीय किसान संघ की जयघोष के साथ सर्वप्रथम शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का स्वागत नगर के प्रत्येक चौराहे पर ग्रामीण जन एवं माता बहनों द्वारा किया गया।

शोभा यात्रा के पश्चात भारतीय किसान संघ के जीवन परिचय संगठन का उद्देश्य किसानों सर्वांगी विकास कार्यकर्ताओं का विकास के



बारे में चर्चा की गई। अंतिम दिन उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित प्रांत पदाधिकारी प्रांतीय अध्यक्ष राम प्रसाद सूरिया प्रांत संगठन मंत्री अतुल महेश्वरी प्रांत महामंत्री रमेश जी दांगी प्रांत कार्यकारिणी सदस्य मोहन चौधरी शाजापुर जिला अध्यक्ष घनश्याम

इन सभी सत्र के माध्यम से वक्ताओं द्वारा संगठन की जानकारी दी गई। उसमें प्रथम सत्र में प्रांत संगठन मंत्री अतुल महेश्वरी ने कहा कि, समाज के कार्य को निस्वार्थ करने वाले वक्ती को जीवन परियत याद किया जाता है। संगठन का परिचय एवं संगठन की कार्य पद्धति संगठन का जीवन कॉल एवं रीति नीति पर भी विशेष चर्चा की गई। दूसरे सत्र में प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा ग्राम इकाई के महत्व कार्यकर्ताओं का निर्माण किस प्रकार किया जाए अधिक विषयों को लेकर सत्र के माध्यम से चर्चा की गई। तीसरे सत्र में प्रांत महामंत्री रमेश जी दांगी द्वारा संगठन में प्रचार प्रसार का महत्व कार्यकर्ता एक प्रखर वक्ता कैसे बना जाए जैविक खेती अपनाकर किसान की खेती की लागत जीरो करके मानव एवं भूमिका स्वास्थ्य लंबे समय तक बनाया जा सकता है।

### केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने गृह किशोर का किया औचक निरीक्षण

**राजीव कुमार:**

मुजफ्फरनगर जनपद की आर्य पुरी स्थित राजकीय संप्रेषण बालग्रह किशोर का केंद्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने व्यवस्थाओं को दुरुस्त पाया। केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान ने बच्चा जेल परिसर की जगह को कम बताया। उन्होंने कहा कि, वह नगर पालिका से अधिक जमीन लेने की बात करेंगे। बुधवार क़ो केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान ने आर्य पुरी स्थित राजकीय संप्रेषण बालग्रह किशोर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ संजीव बालियान ने बताया कि बच्चा जेल परिसर में 37 बच्चे हैं और सभी के लिए जेल प्रशासन की ओर से अच्छे इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि, जेल परिसर की जगह छोटी है जिसकी वजह से बच्चों क़ो घूमने और खेलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पाती है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि, यहां पर नगर पालिका की 300 गज जमीन है जिसके लिए वह नगरपालिका से बात करेंगे और जेल परिसर क़ो अधिक बड़ा करेंगे।

# बुढनेर नदी में पुल बनवाने सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग

**इन्द्रमेन मार्को :**

सुड़गांव मंडला जिले के जनपद पंचायत मोहगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत ठेभा सरपंच सुश्री तृप्ति पंद्रो ने कहा कि, ग्राम ठेभा से जिला मुख्यालय मंडला की दूरी लगभग 72 किमी दूर है। यहाँ की जनसंख्या लगभग 300 एवं मकान 900 है जिसमें 75 प्रतिशत एसटी, 9 प्रतिशत एससी और 16 प्रतिशत ओबीसी के लोग निवासरत हैं। यह ग्राम पंचायत बुढनेर नदी के चारों ओर से घिरा नदी के टापू पर बसा हुआ है, लेकिन यहाँ के झिघराघाट में पुल न होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुढनेर नदी के झिघराघाट में पुल बनना अति आवश्यक है क्योंकि पुल न होने से प्रति वर्ष बारिश में क्षेत्रीय ग्रामीण क्षेत्रों से संपर्क टूट जाता है।

झिघराघाट स्थित बुढनेर नदी बाढ़ देखने पहुँची सरपंच तृप्ति पंद्रो



ग्राम पंचायत ठेभा से नव निर्वाचित सरपंच तृप्ति पंद्रो ने ग्राम विकास कार्य कराने निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने जब से सरपंच पद पर नियुक्त हुई है तबसे ब्लाक से लेकर जिला अधिकारियों को ग्राम विकास से संबंधित सहित अन्य कार्यो से अवगत कराते आ रही है। सरपंच तृप्ति पंद्रो ने झिघराघाट स्थित बुढनेर नदी बाढ़ देखने पहुँची जहाँ पर नदी के बाढ़ अधिक होने की स्थिति से क्षेत्रीय ग्रामीणों का संपर्क इस मार्ग से टूट गया। पंद्रो ने बताया कि, यहाँ पर पुल बनवाने के लिए जिला अधिकारियों व म. प्र. शासन को पत्र के माध्यम से इसी अगस्त माह में अवगत कराई। इस घाट से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को इसी मार्ग से आवागमन हो रही है। ठेभा स्थित बुढनेर नदी झिघराघाट में पुल बनना अति आवश्यक है। यदि पुल बन जायेगा तो प्रति वर्ष बारिश में बाढ़ से आवागमन में हो रही भारी परेशानियों से निजात मिल सकेंगी।

गर्भवती महिलाओं एवं बीमार लोगों को अस्पताल लाने ले जाने में हो रही भारी परेशानियां

बता दें कि, बारिश के दौरान गर्भवती महिलाओं एवं बीमार लोगों को अस्पताल में इलाज के लिए लाने ले जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि नदी में बाढ़ अधिक आ जाने से प्रति वर्ष बारिश में ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क टूट जाता है। वहीं भानपुर पहुँच मार्ग भी बदहाली का शिकार है। सड़क मार्ग बदहाली की स्थिति में होने के कारण जननी एम्बुलेंस वाहन सहित अन्य वाहनों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा।

अन्य मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो जाते हैं आमजन

बुढनेर नदी में पुल एवं भानपुर पहुँच में पक्की सड़क निर्माण कार्य कराने की बात कही है। क्षेत्रीय ग्रामीणों का कहना है कि छात्र छात्राओं को उच्च स्तरीय शिक्षा, चिकित्सा, साप्ताहिक बाजार हाट व जैसी अन्य मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो जाते हैं। इसलिए बुढनेर नदी झिघराघाट में पुल एवं भानपुर पहुँच मार्ग में पक्की सड़क निर्माण कार्य की जावे ताकि गर्भवती महिलाओं, बीमार लोगों, स्कूली छात्र- छात्राओं और लोगों को चाबी बाजार हाट आवागमन में हो रही परेशानी से निजात मिल सके।

जान जोखिम में डाल कर लकडी के ढोंगी के सहारे पार करते है स्कूली छात्र- छात्राएँ एवं आम जनता

वही ग्राम पंचायत ठेभा सरपंच तृप्ति पंद्रो ने बताया है कि, ग्राम पंचायत ठेभा नदी के चारों ओर 14 वार्ड में बसा हुआ है। यदि देखा जाए तो ग्रामीणों को कहीं जाना हो तो लकडी के ढोंगी के सहारे जान जोखिम में डाल कर जाना पडता है और नदी में बाढ़ अधिक होने की स्थिति में हो तो आमजनों को कई प्रकार के परेशानियों का सामना करना पड़ता है एवं नदी में अनेकों हादसें हो चुके हैं।

नदी में पुल न होने से कई किलोमीटर घूमकर आवागमन कर रहे आमजन

यदि देखा जाये तो तहसील घुघरी की दूरी महज 5 किमी है, लेकिन 45 किमी की दूरी घूमकर आवागमन करना पड़ रहा है। वहीं उप तहसील मोहगांव महज 7 किमी दूर है लेकिन 35 किमी की दूरी घूमकर आवागमन करना पड़ रहा है। यदि बुढनेर नदी झिघराघाट में पुल का निर्माण कार्य हो जाये तो आवागमन की दूरी कम जाएगा, जिससे जनपद पंचायत मोहगाँव होते हुए अमरपुर, समनापुर और डिण्डौरी होते हुए तीर्थस्थल अमरकंटक तक लगभग 250 गांव सीधे जुड़ जाएंगे जिससे म.प्र. शासन को राजस्व में वृद्धि होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भिनाय में न्यू जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय सलाहकार के पद पर नियुक्त किए गए डॉ. मनोज आहूजा

भिनाय 16 अगस्त न्यू जर्नलिस्ट एसोसिएशन राष्ट्रीय संगठन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव थते के निर्देशानुसार डॉ.मनोज आहूजा एडवोकेट व पत्रकार भिनाय अजमेर को राष्ट्रीय सलाहकार पद पर नियुक्त किया गया है। अध्यक्ष गौरव थत्ते ने उक्त नियुक्ति पत्र जारी करने के साथ ही
आहूजा से आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास जताया है कि संगठन ने जो उनको जिम्मेदारी दी है उसे पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाएंगे और अपने अनुभवों से संगठन को एक नई दिशा प्रदान करेंगे। आहूजा की नियुक्ति से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।

### रामसेवक इंटरमीडिएट कॉलेज ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर छात्र नेता की आगुवाई में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

प्रतापगढ़ जिले के बाबागंज ब्लाक स्थित रामसेवक इंटरमीडिएट कॉलेज धमोहन के विद्यार्थियों ने छात्र नेता प्रांजल त्रिपाठी की अगुवाई में भव्य निकाली तिरंगा यात्रा, सैकड़ों विद्यार्थियों ने हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे लगाते हुए देश के प्रति अपना प्यार जताया। यह तिरंगा यात्रा रामसेवक इंटरमीडिएट कॉलेज धमोहन से निकलकर धमोहन गांव, चम्पतपुर, समेत ग्रामीण इलाकों तक गई। जहाँ विद्यार्थियों ने क्षेत्र वासियो को देश के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर तिरंगा यात्रा में युवा छात्र नेता प्रांजल त्रिपाठी प्रबंधक रामसेवक इंटरमीडिएट कॉलेज वेद प्रकाश त्रिपाठी प्रधानाचार्य गुरुदत्त सिंह सिद्धार्थ पांडे समेत अन्य अध्यापक व क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति गण मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय गौरक्षा समिति कामधेनु सेना जालोर ने लपमी नामक बीमारी से 2 गायों को दी राहत

राष्ट्रीय गौरक्षा समिति कामधेनु सेना के जालोर जिलाध्यक्ष खुशपाल सिंह रावणा कोधिरा ग्राम अध्यक्ष अर्जुन परिहार ने सुचना दी की डागरा ग्राम में दो गौ लम्पी स्क्रीन नामक बिमारी से पीड़ति है तो जिलाध्यक्ष तुरंत टीम सहित सुचना स्थल पर पहुंची और दोनों गौ का तुरंत प्रभाव से मोके पर ट्रीटमेंट करवा कर राहत पहुंचाई। इस मोके पर जीतू सिंह राजपूत, मांगीलाल चौधरी, हनुमाना राम चौधरी, सोमाराम राणा सहित अन्य गौभक्त एवं ग्रामीण मोजूद रहे।

### सागर कलेक्टर दीपक आर्य ने की सभी से बूस्टर डोज लगवाने की अपील

सागर के कलेक्टर दीपक आर्य ने जिले के सभी पात्र व्यक्तियों से कोविड वैक्सीन की प्रिकॉशन (बूस्टर) डोज लगवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि, जिले को कोरोना संक्रमण से सुरक्षा के लिये निःशुल्क प्रिकॉशन डोज लगाने के लिए कोविड वैक्सीन अमृत महोत्सव आरंभ किया गया है। इस महा-अभियान में सभी पात्र नागरिकों को 30 सितम्बर, 2022 तक प्रिकॉशन डोज लगाने की अपील की है। उन्होंने अपील की है कि, जन प्रतिनिधियों, समाज सेवकों, जागरूक नागरिकों की भागीदारी से अधिक से अधिक व्यक्तियों को प्रिकॉशन (बूस्टर) डोज लगवाये जा सकते है। जिले में 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, जिन्होंने कोविड-19 वैक्सीन की दूसरी डोज के बाद 6 माह की अवधि पूर्ण कर ली है, वे सभी प्रिकॉशन डोज के लिए पात्र हैं।

### तहसीलदार की रिश्वतखोरी देख तहसील परिसर में लगे मुर्दाबाद के नारे

मध्य प्रदेश के सेवड़ा तहसील में थरेट हलके पर पदस्थ नायब तहसीलदार सुनील भदौरिया की जेब जब तक गर्म नहीं की जाती तब कोई फाइल आगे नही बढ़ती या कह सकते है की कोई भी कार्य बिना रिश्वत के नहीं किया जाता। ये आरोप नायब तहसीलदार पर अधिवक्ता मुकेश यादव द्वारा लगाए गए है। इसी का विरोध दर्ज कराने आज समस्त अधिवक्ताओ ने सेवड़ा तहसील परिसर में एकत्रित होकर सुनील भदौरिया के खिलाफ जमकर मुर्दाबाद के नारे लगाए एवं तहसीलदार को सेवड़ा से हटाने की मांग की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सेवड़ा से पहले इंदरगढ़ में तहसीलदार रहे सुनील भदौरिया द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया गया।

### कश्मीरी पंडितो की हत्या के खिलाफ पूँछ में सड़कों पर उतर आया लोगों का गुस्सा

कश्मीरी पंडितो की हत्या के खिलाफ पूँछ में लोगों का गुस्सा सड़कों पर उतर आया है। पूँछ में SSS से योगल किशोर ने सरकार से गोली का बदला गोली से लेने की बात कही है। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबल पिछले लंबे समय से आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की है जिस कारण बिखलाए पाकिस्तानी के आतंकी सीधे तौर पर मासूम लोगों को सॉफ्ट टारगेट बना रहे है। इससे पहले आतंकियों ने कश्मीरी पंडित कर्मचारी राहुल भट्ट को उन्ही के ऑफिस में निशाना बनाया था जिसके बाद सभी कर्मचारी जम्मू चले आए थे। तब से ही कर्मचारी सरकार से अपने रिलोकेशन की मांग कर रहे हैं। वहीं सरकार ने पहले ही सभी कर्मचारियों को सुरक्षित जगह पोस्टिंग कर दिया है, लेकिन इस बार आतंकियों ने नॉन माइग्रेंट कश्मीरी पंडितो को अपना शिकार बनाया है। ऐसे में अब सरकार सुरक्षाबलों के लिए इन हमलों को रोकना बड़ी चुनौती है।

### हेडमास्टर की मटकी से पानी पीने पर छात्र की हत्या से सामाजिक संगठनों में भारी रोष व्याप्त, आरोपी को फांसी देने की मांग

गत 20 जुलाई को घटित घटना में तीसरी कक्षा के 8 वर्षीय छात्र जालौर राजस्थान के सायला क्षेत्र के निवासी इंद्र कुमार पुत्र देवाराम मेघवाल को मात्र हेडमास्टर की मटकी से पानी पीने की सजा अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। गत शनिवार को उपचार के दौरान छात्र की मौत हो गई। इस जघन्य हत्याकांड की भारतवर्ष के सभी दलितों में भारी रोष व्याप्त है। इस मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति, हरियाणा अनुसूचित जाति कर्मचारी कल्याण संघ, हरियाणा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग महासभा तथा अन्य उपस्थित सभी सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में रोष प्रदर्शन का आयोजन संघर्ष समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान की अध्यक्षता में किया गया। रोष प्रदर्शन का संचालन सर्व समाज के महासचिव बिरदी चंद गोठवाल द्वारा किया गया।

# वाइब्रेंट रामपुरा फाउंडेशन ने जनजाति क्षेत्र में किया आजादी के अमृत महोत्सव का आयोजन

**एनसीआर समाचार**

खण्ड अटाली के गांव रामपुरा में अरावली वन क्षेत्र में रह रहे सपेरा जनजाति और नाथ संप्रदाय के लोगों की झुग्गी झोपड़ी बस्ती में वाइब्रेंट रामपुरा फाउंडेशन द्वारा स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव और हर घर तिरंगा मुहिम के तहत सुदूर बस्ती में आजादी का पावन पर्व बड़े हर्ष उल्लास और धूमधाम से मनाया गया।



इस अवसर पर बस्ती के सबसे वृद्ध पुरुष बालनाथ बस्ती की उच्चतम शिक्षित बालिका मनीषा सुपुत्री राजुनाथ और रामपुरा से प्रशिक्षु डॉक्टर अक्षु यादव सुपुत्री प्रवक्ता, गौतम यादव ने ध्वजारोहण किया सभी लोगों ने तिरंगे झंडे को अपनी सलामी देकर राष्ट्र गान का सामूहिक रूप से गायन किया। नाथ संप्रदाय के लोगों द्वारा अपने पारम्परिक वाद्य यंत्रों, ढोल नगाड़े बजाकर नृत्य और संगीत के साथ सभी को मिठाई बांटकर बहुत ही उल्लास और उमंग से मनाया और बताया कि, ये संस्था द्वारा प्रथम और उनके जीवन का ऐतिहासिक पल है। सदियों पुरानी बस्ती में आज तक कोई ऐसा आयोजन और जन भागीदारी का कार्यक्रम नहीं हुआ था। जैसा कि सर्वविदित है कि आजादी के अमृत महोत्सव और हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी क्रम में हर घर तिरंगा पहुंचाने का कार्य हर गांव और हर नागरिक द्वारा बखूबी से सम्पूर्ण राष्ट्र में हो रहा है, लेकिन साथियों आप सब जानते हैं कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी कुछ लोग जनजातियां और सुदूर बस्तियां जंगलों में रह रही है। जनजातियों के परिवार राष्ट्र की मुख्य धारा से अछूते रह रहें हैं। इसी पिछड़े वर्ग को मुख्य धारा से जोड़कर लोगों को जागरूक करने और अमृत महोत्सव के पावन पर्व और हर घर तिरंगा अभियान को धरातल पर साकार करने के उद्देश्य से गैर सरकारी संस्था संस्था वाइब्रेंट रामपुरा फाउंडेशन द्वारा कल स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर नाथों की कॉलोनी में राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया गया ताकि हम उन लोगों को राष्ट्र की मुख्य धारा में शामिल कर सकें,एक नई दिशा में छोटा लेकिन कारगर कदम होगा।

इसी क्रम में सभी के घर, झोपड़ी और अंतिम व्यक्ति तक ध्वज देने और फहराने का कार्य करने के उद्देश्य हेतु पिछड़े और सुदूर क्षेत्र में रह रहे जनजाति के लोगों को स्वतंत्रता, स्वतंत्रता दिवस, शिक्षा और व्यक्तिव विकास सभी को अक्षर ज्ञान, साक्षरता का महत्व बताया और उपस्थित सभी बच्चों को शिक्षा के लिए आवश्यक कॉपी, पैन, पैंसिल आदि स्टेशनरी सामान का मुफ्त वितरण किया गया। संस्था की ओर से मुख्य अतिथि डॉक्टर अक्षु यादव द्वारा शिशु स्वास्थ्य, पालन पोषण,कुपोषण से बचने के उपाय,महिला और बालिकाओं को मासिक धर्म से संबंधित शारीरिक स्वच्छता और सेनेटरी पैडस के प्रयोग और महत्व के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही संस्था द्वारा उपस्थित सभी महिला और बालिकाओं को मुफ्त में सेनेटरी पैड्स का वितरण किया गया और साथ ही सरकार द्वारा संचालित सभी स्वास्थ्य सुविधाओं, नीतियों और विशेषतः सरकार द्वारा बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम मिशन इंद्रधनुष के बारे में भी अवगत कराया गया।

## गोड्डा के कस्तूरिया पंचायत भवन में मनाया गया आजादी का 75वां वर्ष

**एनसीआर समाचार**

झारखण्ड गोड्डा पथरगामा प्रखंड के कस्तूरिया पंचायत भवन में आजादी के 75वां महोत्सव के उपलक्ष में पंचायत के ग्राम वासियों के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुखिया मालोती मुर्मू द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

मुखिया मालोती मुर्मू के द्वारा पूरे पंचायत वासियों को संबोधन किया गया। उन्होंने बताया कि, आजादी को 75 साल पूरा हो चुका है, हमारा देश अंग्रेजों के गुलामी में था एवं आजादी के लिए भारत के वीरो ने अंग्रेजों से लोहा लिया। बहुत ही कठिन संघर्ष करना पड़ा आजादी के लिए भारत के वीरों ने अपनी प्राण की कुर्बानी दे दी। हमें बहुत से कठिन संघर्ष के बाद आजादी प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि, तिरंगा झंडा हमारा सौर्य और सम्मान का प्रतीक है जिसमें से कि सबसे ऊपर वाला देखने वाला केसरिया रंग देश की ताकत और साहस का प्रतीक है, वहीं सफेद रंग शांति सद्भावना और सभी धर्मों का सम्मान करना सिखाता है। तिरंगे की सबसे नीची पट्टी हरा रंग देश के विकास और समृद्धि का प्रतीक है और अशोक चक्र हमें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। मारुति मुर्मू द्वारा बताया गया कि घर-घर तिरंगा अभियान कस्तूरिया पंचायत के ग्रामीणों ने काफी उत्साह के साथ मनाया।

## अजमेर में हर्षोल्लास के साथ मनाया 76वां स्वतंत्रता दिवस, सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित तिरंगा रैली का किया आयोजन

**एनसीआर समाचार**

बांदनवाड़ा कस्बे एवं क्षेत्र में सोमवार को 76वां स्वाधीनता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कस्बे एवं क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्राम अतिथियों की मौजूदगी में क्षेत्र के राजकीय एवं निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जहां व्यायाम प्रदर्शन सहित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों पर सम्बन्धित अधिकारियों, कर्मचारियों को मौजूदगी मे ध्वजारोहण किया गया। कस्बे के कुचामन शिक्षण संस्थान के निदेशक सुरेश चौधरी ने बताया कि,



विद्यालय में संस्था प्रधान नेमीचंद बेनीवाल ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने भव्य प्रस्तुतियां दीं।इस दौरान राजेंद्र वैष्णव, रामसिंह रावत, कैलाश चौधरी, तुलसीराम, वीरेंद्र सहीत स्टाफ गण मौजूद रहे। इसी क्रम में कस्बे बांदनवाड़ा की केशव आईटीआई, गुरुकुल शिक्षण संस्थान, सम्राट स्कूल, फ्यूचर जीनियस एकेडमी सहित राजकीय विद्यालयों में संस्था प्रधानों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। देशभक्ति के रंग में रंगे युवाओं ने तिरंगे के साथ सेल्फियां लीं।पुलिस कर्मी महेंद्र कसाना ने बताया कि, ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद स्कूल खेल ग्राउंड से पुलिस प्रशासन और ब्लॉक लेवल के सभी कर्मचारियों द्वारा भिनाय से बांदनवाड़ा तक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। पड़ांगा पंचायत सहायक रामदयाल गुर्जर ने बताया कि, प्रातः8.15 बजे राजीव गांधी सेवा केंद्र पर सरपंच बालचंद कावड़िया द्वारा ध्वजारोहण किया गया। वहीं राताकोट पंचायत सहायक भंवर लाल बूडिया ने बताया कि, पंचायत पर प्रातः 8.15 बजे सरपंच इंद्रराज भील ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात ब्यावर रोड़, झीपिया स्थित रामदेव भंडारे पर भी ध्वजारोहण किया गया।

## सोशल मीडिया कैसे बनी भारत की सबसे बड़ी मिडिया, कैसे दिलाया लोगों को न्याय

**एनसीआर समाचार**

सोशल मीडिया सकारात्मक भूमिका अदा करती है जिससे किसी भी व्यक्ति संस्था समूह अथवा देश को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक रूप से समृद्ध बनाया जा सकता है। सोशल मीडिया के जरिए ऐसे कई विकासात्मक कार्य हुए हैं जो लोकतंत्र को समृद्ध बनाने का काम किए हैं। इससे देश की एकता, अखंडता, पंथनिरपेक्षता, समाजवादी गुणों में वृद्धि हुई है। एक रिपोर्टर अपनी जिन्दगी को जोखिम में डाल कर अपने कर्तव को निभाता है, पंडित लोगों को न्याय दिलाने का काम करता है आपको जानकर खुशी होगी की



सोशल मीडिया ने कितने लोगों को न्याय दिलाने का काम किया है, कितनो को सत्ता पर काबिज करा दिया हैं। आम चुनाव 2014 के चुनाव में राजनीतिक पार्टियों ने जमकर सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया। आमजन को चुनाव के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका इस सोशल मीडिया ने निभाई। सोशल मीडिया के उपयोग से ही वोटिंग का प्रतिशत प्रतिशत बढ़ा साथ ही युवाओं में चुनाव के प्रति जागरूकता भी बढ़ी। सोशल मीडिया के माध्यम से ही एक पारा मेडिकल छात्रा (निर्भया) को न्याय मिलने दिलाने के लिए बड़ी संख्या में युवा सड़क पर आ गए और सरकार पर दबाव बनाया, जिससे ज्यादा जल्दी प्रभावी कानून बनाने पर सरकार मजबूर हुई, जिससे सोशल मीडिया की भूमिका कितनी महत्व पूर्ण हैं। आम जन को पता लग गया होगा की पंडित परिवार को कैसे न्याय मिला। सोशल मीडिया हर व्यक्ति को इनशाफ और न्याय दिलाने का काम करती हैं। सोशल मीडिया क्रांति लाने वाला एक ऐसा माध्यम है जिसकी न तो कोई सीमा है और न ही कोई बंधन है। हाल के वर्षों में अरब में हुई क्रांतियों में सोशल मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लोग एक दूसरे से जुड़ते रहे हैं और क्रांति का बिगुल बजाते रहे हैं। सोशल मीडिया की वजह से ही ईरान, चीन, बांग्लादेश, कजाखस्तान, सीरिया पर प्रतिबंध भी लगाया गया। भारत में अन्ना आंदोलन को चरम तक पहुंचाने में सोशल मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पत्रकार उन लोगों को जागरुक करना चाहता हूं जो सोशल मीडिया की आलोचना करते हैं।

## विजयपुर में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, एसडीएम ने किया ध्वजारोहण

**खरवेन्द्र शर्मा:**

श्योपुर जिले की विजयपुर तहसील में बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ स्वतंत्र दिवस मनाया गया। सोमवार को सुबह तहसील कार्यालय में एसडीएम नीरज शर्मा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। वहीं दूसरी ओर जनपद पंचायत विजयपुर में नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष बदन सिंह रावत ने ध्वजारोहण किया। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय विजयपुर में राजेंद्र मीणा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जबकि पशु चिकित्सालय विजयपुर में डॉक्टर जी. एस. गहलोत के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसी प्रकार नगर परिषद विजयपुर में नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमलेश कुशवाहा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया और मंडी समिति विजयपुर तथा इसके अतिरिक्त अन्य सभी विभागों एवं स्कूलों और महाविद्यालयों में भी ध्वजारोहण किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ मिठाइयां बांटकर स्वतंत्रता दिवस के पर्व को बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया। इसके अतिरिक्त तहसील कार्यालय में एसडीएम नीरज शर्मा के द्वारा अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त जनपद पंचायत विजयपुर कार्यालय में विजयपुर एसडीएम नीरज शर्मा एवं जनपद सीईओ बलवीर कुशवाहा की उपस्थिति में नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष एवं सदस्यों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी रखा गया।

# नारनौल गौ सेवा मंडल की ओर से किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन, 64 युवाओं ने किया रक्तदान

**एनसीआर समाचार**

युवा साथी ग्रुप हरियाणा, नारनौल गौ सेवा मंडल युवा साथी ग्रुप की ओर से रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर सुभाष स्टेडियम के नजदीक लगाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा गौ रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य योगेंद्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश सैनी ने की। वहीं लखेरा समाज प्रधान राजेश लखेरा, रामकरण गोठड़ी सरपंच संघ प्रधान नांगल चौधरी, संदीप शिमली, रविंद्र सिंह मटरू आम आदमी पार्टी, नरेश पटिकरा, पारुल सैनी गौसेवक वसिष्ठ अतिथि रहे। कार्यक्रम में विशेष सहयोग राकेश प्रधान गौमाता उपचारशाला नारनौल, मुकेश वालिया, सतीश शर्मा, नितिन चौधरी पार्षद, बजरंग लाल अग्रवाल व्यपार मंडल अध्यक्ष रहे। विशेष आमंत्रित सत्यपाल यादव, महेंद्र सोनी, गजेंद्र नंबरदार, दलीप यादव, सूरज अग्रवाल, सुखदेव आर्य, रवि भारती, मनीष गोगिया, विशाल सैनी, मनीष सैनी, अमित सैनी, हरीश कोकचा, मास्टर बाबूलाल रहे। जिले की विभिन्न संस्थाओं ने भी रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया गौमाता उपचारशाला नारनौल, उड़ान जनसेवा ट्रस्ट, माँ भारती क्लब, ओम साईं सेवा सिमिति गोठड़ी, भोलेनाथ ग्रुप, मूक प्राणी उपचारशाला, टीम पारुल सैनी, जय श्री राम चैरिटेबल ट्रस्ट राता ने हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में युवा साथी ग्रुप की ओर से



सभी युवाओं ने पूरे उत्साह से हिस्सा लिया। सभी के सहयोग से शिविर में 64 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसमे सिविल अस्पताल नारनौल के डॉक्टर्स, रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम ने अत्यंत समर्पण भाव से अपनी सेवाएं प्रदान की। मुख्य अतिथि हरियाणा गौ रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य योगेंद्र जी ने सभी रक्तदाताओं को बैज लगाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं। अपने जिस्म का रक्त निकाल कर किसी अनजान के लिए समर्पित कर देना हर किसी के लिए संभव नहीं है। आपके द्वारा दान किया गया रक्त जरूरत पड़ने पर किसी अनजान का जीवन बचा सकता है। युवा साथी ग्रुप के प्रदेश सचिव टिंकू प्रधान, राकेश प्रधान, मुकेश वालिया ने बताया कि संस्था की ओर से यह 20वां रक्तदान शिविर है संस्था की ओर से समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। यह प्रयास रहता है कि किसी भी आपातकाल की स्थिति में कोई भी भाई रक्त की कमी से वंचित ना रह पाए, इसके लिए संस्था क्षेत्र के युवा साथियों को सदैव जागरूक करने का प्रयास करती रहती है। नितिन चौधरी, सतीश शर्मा, सत्यपाल यादव ने बताया कि कोरोना काल के समय से ही नारनौल एवं आसपास के क्षेत्र के अस्पतालों में भी आपातकालीन स्थितियों में आवश्यक ग्रुप के रक्त यूनिट उपलब्ध करवाई गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### किसी बड़े भामाशाह से कम नहीं रहे अजमेर के मशहूर एडवोकेट पी गंडेवीया



राजस्थान अजमेर के मशहूर एडवोकेट पी गंडेवीया का निधन 85 वर्ष की उम्र में 17 अगस्त की रात को अजमेर के संत फ्रांसिस अस्पताल में हुआ। 18 अगस्त को पारसी परंपरा के अनुरूप सुभाष नगर स्थित कब्रिस्तान में उनका अंतिम संस्कार किया गया। बता दे कि गंडेवीया पिछले कुछ वर्षों से अस्वस्थ चल रहे थे, चूंकि गंडेवीया ने विवाह नहीं किया, इसलिए उनकी देखभाल साथी वकील रमेश चंद जैन कर रहे थे। अपने गंडेवीया के रिश्तेदारों के नाम पर उनकी बहन मारुख गंडेवीया ही थी। मारुख ने भी विवाह नहीं किया था, कुछ वर्ष पहले बहन का भी निधन हो गया। पी गंडेवीया ने अपने निधन से पहले करोड़ों रुपए की जायदाद संत फ्रांसिस अस्पताल को संचालित करने वाले ट्रस्ट को दान कर दी। इसमें आदर्श नगर बालू पुरा रोड स्थित बड़ा बंगाल भी शामिल है। एक समय था जब अजमेर ही नहीं बल्कि राजस्थान में वकील के तौर पर गंडेवीया की पहचान रही। 60 साल की वकालत में गंडेवीया राजस्थान बार काउंसिल के सदस्य भी रहे। राजस्व प्रकरणों में सफलता दिलाने में गंडेवीया का कोई मुकाबला नहीं रहा। कई अवसरों पर सरकार ने भी गंडेवीया से कानूनी राय ली। फरटिदार अंग्रेजी बोल कर गंडेवीया हाईकोर्ट में भी अपनी वकालत का लोहा मनवाते रहे। गंडेवीया ने सेवा की भावना से भी वकील का काम किया। गरीब किसानों से मुकदमे की फीस तक नहीं ली। पी गंडेवीया का अजमेर के स्टेशन रोड स्थित देव अम्बा कॉम्प्लेक्स में दफ्तर है। यह दफ्तर भी गंडेवीया ने अपने जूनियर वकीलों को दे गए। यानी निधन से पहले गंडेवीया ने अपने पास कोई संपत्ति नहीं रखी समाज में ऐसे भामाशाह कम ही मिलते हैं जो अपनी पूरी जायदाद दान में दे दी।

### राजस्थान में मूसलाधार बारिश के बाद खुले गांधी सागर के कई गेट, प्रशासन ने ग्रामीणों को दी चेतावनी

रामपुरा में जिले सहित राजस्थान व मंदसौर में हो रही झमाझम बारिश के बाद मंगलवार को गांधी सागर बांध के गेट खोले गए। मिली जानकारी के अनुसार शाम 4 बजे बांध के 3 छोटे गेट खोले गए हैं। इन छोटे गेट के माध्यम से पानी निकाला गया। यदि बारिश का दौर नहीं थमा तो जल्द ही बड़े गेट भी खुल सकते हैं। प्रशासन ने भी डूब क्षेत्र के ग्रामीणों को चेतावनी जारी की है कि वे समय रहते सुरक्षित स्थानों पर पहुंचे।

### नरसिंहगढ़ तहसील के शिफ़िल्ड स्कूल में आए दिन शासन के आदेशों निर्देशों की उड़ रही धज्जियाँ

मध्य प्रदेश नरसिंहगढ़ तहसील के शिफ़िल्ड स्कूल में आए दिन शासन के आदेशों निर्देशों की उड़ रही धज्जियाँ, नियमो को ताक में रखकर काम करती है। जन्माष्टमी के अवकाश पर भी लगा स्कूल नरसिंहगढ़ के शेफील्ड स्कूल में संचालक की लगातार मनमानी हावी है शासन द्वारा घोषित अवकाश जन्माष्टमी पर भी स्कूल संचालित किया जा रहा गया। अभिभावको ने बताया की शासन के अवकाश के बाद भी बच्चों को ज़बर्दस्ती बुलाया बैठाया पूरे ज़िले में शासकीय व आशासकिय विद्यालयों की छुट्टी है लेकिन संचालक हर बार दबंगई व मनमानी करती है। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी BS बिसोरिया से बात करने पर उन्होंने कहा कि अगर एसा है तो में दिखावता हूँ अब देखने लायक़ होगा की ज़िला शिक्षा अधिकारी क्या कार्रवाई करते है। यह पहला मामला नहीं है पूर्व में भी इसी प्रकार से मनमानी की गई थी।

### अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी शाह फहद यासीन पे देर रात अज्ञात लोगों ने चलाई 14 गोली, 'पीएमसीएच' अस्पताल में हुए भर्ती

**आशीष यादव / एनसीआर समाचार**

बिहार में अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी शाह फहद यासीन पे रात 10:42 के करीब अज्ञात लोगों ने 14 गोली चालाई, जिसमें एक गोली बाएँ सिर को छू कर निकल गई। बता दे कि इस घटना क़ो 8 लोगों ने मिलकर अंजाम दिया है। यह घटना बहदरपुर थाना (बकरी मंडी) पटना का है। शाह फहद यासीन अभी फ़िलहाल पटना के 'पीएमसीएच' अस्पताल में भर्ती है। उसके बाद महल्लाह वसीयो ने थाना को फ़ोन लगाया और मौक़े वारदात पे बहादुर थाना और सुलतानगंज थाना के इन्स्पेक्टर पहुंचे जिसके बाद सारे वारदात की छानबिन की और अज्ञात लोगों पर (एफ़आईआर) भी किया। शाह फहद यासीन, पेशे से एक खिलाड़ी है और साथ-साथ वयवसाई भी है।

### राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी ने "कृष्ण जन्माष्टमी" के पावन अवसर पर देश व प्रदेश वासियों को दी बधाई

उत्तर प्रदेश के अखिलेश कुमार मिश्रा ने प्रतापगढ़ के सभी लोगों को भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव "कृष्ण जन्माष्टमी" के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी, भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद आप सभी पर सदैव बना रहे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष पतिनिधि सन्तोष के डी मिश्रा, सवेश मिश्र विकास, सौराभ, अनुराग, हजारो की संख्या लोग मौजूद रहे।

### राजस्थान बान्दनवाड़ा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह चौधरी ने किया 51 हजार का सहयोग



राजस्थान बान्दनवाड़ा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह कानाराम चौधरी ने विकास के लिए प्रधानाचार्य शिल्पी टांक को 51000 हजार रूपये की सहयोग राशि सौंपी, जिसके बाद परिवार ने भामाशाह चौधरी का माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया साथ ही प्रधानाचार्य टांक ने बताया कि भामाशाह चौधरी की पोंतिया कृष्णा व निशा चौधरी राजकीय विद्यालय में ही अध्ययनरत है। भामाशाह चौधरी व उनके सुपुत्र शैतान चौधरी ने नगद राशि देते हुए स्कूल प्रशासन को भविष्य में भी विकास के लिए हरसम्भव मदद मुहैया कराने का भरोसा दिलाया।

---

मध्य प्रदेश में अवैध शराब पर लगाम कसने के लिए जिला प्रशासन एव पुलिस द्वारा

# शराब माफिया के विरुद्ध की गई बड़ी कार्रवाई

**एनसीआर समाचार**

मध्य प्रदेश में अवैध शराब कारोबारियों एवं उनके अवैध ठिकानों पर जिला पुलिस की तीखी नजर के कारण आज जिले में एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। जिसके तहत अवैध शराब माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब बनाने और बेचने वालों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु वरिष्ठ अधिकारी द्वारा निर्देश प्राप्त हुए है। इसी तारतम्य में 18 अगस्त को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कलेक्टर महोदय राजगढ़ हर्ष दीक्षित, पुलिस अधीक्षक महोदय अवधेश कुमार गोस्वामी, के निर्देशन में अतिरिक्त



पुलिस अधीक्षक मनकामना प्रसाद एवं (एस डी एम ) ब्यावरा संजय उपाध्यय, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ब्यावरा नेहा गौर, खिलचीपुर आनंद राय, सारंगपुर जॉयस दास, जिला आबकारी अधिकारी मैकाले एवम उनकी टीम, वन परिक्षेत्र अधिकारी ब्यावरा, के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के पुलिस बल की मौजूदगी में ग्राम कटारियाखेड़ी में कार्रवाई की गई। 17 अगस्त को रात्री में पुलिस पार्टी ग्राम कटारियाखेड़ी में दबिश देने गई थी जहाँ पर दबीस के दौरान पुलिस पर आरोपियों के द्वारा हमला किया गया, जिसमे शासकीय वाहन में तोड़फोड़ कि गई एवं शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई एवं कर्मचारियों को चोटे पहुँचाकर घायल कर दिया गया। जिस पर अपराध क्र. 239/22 धारा 307, 353, 332, 186, 147, 148, 149 भादवी एवं 3/4 सार्वजनिक सम्पति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। रात्री में ही अवैध शराब कारोबारी आरोपि मिथुन कंजर एवं खन्ना कंजर के खेत पर बनी टपरीयों से अवैध शराब 111लीटर देशी एवं मसाला कीमती 33 हजार का जप्त कर प्रकरण प्रकरण 240/22 पंजीबद्ध किया गया साथ ही अवैध शराब कारोबारी आरोपि भजनलाल कंजर के खेत पर बनी टपरीयों से अवैध शराब 101लीटर अंग्रेजी, बियर, देशी कीमती 36 हजार का जप्त कर प्रकरण प्रकरण 241/22 पंजीबद्ध किया गया। 18 अगस्त को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से पुलिस बल के साथ घटनास्थल ग्राम कटारियाखेड़ी में प्रशासनिक अमले के साथ संयुक्त रूप से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया एवं घटनास्थल से 600 लीटर ओपी (सपरिट) जैसी शराब कीमती 1लाख, 20 हजार एवं 211 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त किया गया तथा अवैध मदिरा निर्माण के स्थान से संरक्षित वन्य प्राणी के अवशेष कटे हुए भाग एवम अंडे मिलने से वन विभाग के प्रतिवेदन पर वन्य प्राणी सरंक्षण अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया जा रहा है।

## मध्य प्रदेश में अवैध मादक पदार्थ तस्कर के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

**एनसीआर समाचार**

मध्य प्रदेश पुलिस अधीक्षक सतना आशुतोष गुप्ता के आदेशानुसार थाना क्षेत्र में लगातार व सतत अवैध मादक पदार्थ के तस्करो एवं अवैध शराब माफियाओ के विरूद्ध लगातार थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर कार्यवाही करने के तारतम्य में विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से अवैध मादक पदार्थ कोरेक्स की तस्करी की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतना सुरेन्द्र जैन, एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्या ख्याति मिश्रा, के निर्देशन में थाना प्रभारी थाना रामपुर बाघेलान, संदीप चतुर्वेदी द्वारा थाना स्तर पर चौकी प्रभारी बेला नरेन्द्र सिंह, गहरवार के अगुवाई में टीम गठित कर रेड कार्यवाही की गई। इस दौरान आरोपी शशि भूषण पाठक पिता भोला प्रसाद पाठक उम्र 27 वर्ष निवासी केमार थाना रामपुर बघेलान जिला सतना के पास से 50 शीशी अवैध कोरेक्स के साथ पकड़ा गया व जप्त किया गया मौके की लिखा पढ़ी कार्रवाई पूर्ण कर वापसी पर थाना में आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 554/22 धारा - 8B,21,22 एनडीपीएस एक्ट 5/13डीसी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपि को पेस माननीय न्यायालय किया गया। जप्त सामग्री 50 शीशी अवैध कोरेक्स कीमत 10,000 रु लगभग गिरफ्तार आरोपी शशि भूषण पाठक पिता भोला प्रसाद, पाठक उम्र 27 वर्ष निवासी केमार थाना रामपुर बघेलान जिला सतना। अनूप मिश्रा, अजय पाण्डेय, सैनिक विनोद चर्तुवेदी, आदि की सराहनीय भूमिका रही है।

## बढ़ते अपराधों पर रोक लगाने के लिए पुलिसने उठाए सख्त कदम

**एनसीआर समाचार**

मध्य प्रदेश इन्दौर शहर में अपराधों पर अंकुश लगाने एवं चोरी की वारदात को अंजाम देने से पहले ही तेजाजी नगर पुलिस टीम के जरिए मुखबिर की सूचना मिली थी कि स्काय लाईन होटल के बगल वाले रास्ते बायपास रोड इन्दौर पर कुछ लोग एक बोलेरो वाहन में संदिग्ध अवस्था में बैठे हैं, जो क्षैत्र में गंभीर वारदात कर सकते है। उपरोक्त सूचना से वरिष्ट पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया जाकर आवश्यक निर्देश प्राप्त किये गये, जिसमें थाना तेजाजी नगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के उपरोक्त बताये स्थान पहुंच कर वाहनों को घटना स्थल से कुछ दुरी पर खडा कर पुलिस पार्टी के साथ छुपते-छुपाते पैदल सर्चिंग की गई। तभी मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर एक बोलेरो वाहन में कुछ लोग




संदिग्ध अवस्था में दिखे, जो आपस में बातचीत करते हुए कह रहे थे कि आज रात हम सब मिलकर रिलायंस पेट्रोल पम्प पर डकैती डालकर रूपये लूट लेगे। यदि हमारे काम को कोई रोकने के लिए बीच में आये तो अपने-अपने हथियारों से हमला करना है। बदमाशों की इस तरह की डकैती डालने की योजना को नाकाम करते हुए। पुलिस फोर्स द्वारा बोलेरो वाहन में बैठे बदमाशो की चारो तरफ से घेराबंदी कर पकडा गया। जिसमें पकडे गये बदमाश 01.मुकेश उर्फ अश्विन भूरिया पिता बिजू भूरिया जाति भील उम्र 19 साल नि. ग्राम बाकी पंचायत काठी पोस्ट नरवाली जिला धार 02. कैलाश रावत पिता थाउसिंह रावत उम्र 20 साल नि. ग्राम जामला पोस्ट बाग जिला धार 03. मोहन मंडलोई पिता रमेश मंडलोई उम्र 18 साल नि. बधानिया थाना बांक जिला धार 04. राजेश उर्फ राकेश चौहान पिता रमेश चौहान उम्र 19 साल नि.भावरपुरा फालिया पोस्ट बाग जिला धार 05. भारत उर्फ सुनिल रावत पिता गमर सिंह उम्र 21 साल नि. ग्राम जामला थाना बाग जिला धार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा आरोपियान से एक खटकेदार चाकु, एक फालिया, दो टामी, एंव एक पिस्टल मय दो जिन्दा कारतुस, एक बैग में इलेक्ट्रॉनिक स्क्रु ड्रायवर व कटर मय एक बोलेरो वाहन जप्त किया गया। उपरोक्त घटना पर थाना तेजाजी नगर पर आरोपीगणों के विरूद्ध अपराध क्र 535/2022 धारा 399, 402 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण में गिरफ्तारशुदा आरोपियान से उपरोक्त घटना में अन्य बदमाशों की संलिप्तता तथा अन्य वारदातो के संबंध में पूछताछ जारी है।

# मध्य प्रदेश के रविन्द्र ठाकुर ने फिल्मी दुनिया में कैसे बनाई अपनी जगह

**अशोक गुर्जर / एनसीआर समाचार**

मध्य प्रदेश के रतलाम जिले की आलोट तहसील के अंतर्गत ग्राम पंथ पीपलोदा एक्टींग में हाथ आजमाने से पहले रविन्द्र ठाकुर महाराष्ट्र के पुणे मे ₹जिला परिषद् प्राथमिक स्कुल धनगरवाडी₹ (नारायणगांव) में पढ़ रहे थे पर रविन्द्र ठाकुर को एक्टर बनने का सपना स्कुल के समय से था। स्कुल के बाद उन्होने कई ऑडिशन दिये। ईसके बाद उन्हे फिल्मो में काम करने का मोका मीला, जिसके बाद वे धीरे धीरे आगे बढ़ते रहे। रविन्द्र ठाकुर का फिल्मी सफर की शुरुआतः बॉलीवुड एक ऐसी जगह है जंहा हर रोज करोडों



लोग एक्टर बनने का ख्वाब लेकर आते है। कीसी का ख्वाब पुरा हो जाता है, तो कोई निराश होकर अपने घर वापस लोट जाते है, ईन लोगों की सीस्ट में कुछ लोग ऐसे भी होते है जो अपना सपना पुरा करने के लिये जी-जान एक लगा देते हैं, पर हार नही मानते है ₹रविन्द्र ठाकुर₹ ईन्ही लोगो मे से एक है। रविन्द्र ठाकुर की अनसुनी कहानीः हर चमकते सितारो के पीछे एक संघर्ष भरी कहानी होती हे, रविन्द्र ठाकुर की भी है।रविन्द्र ने कम समय मे काफी नाम कमा लीया है. अपने हुनर से वो लोगो के दिलो मे जगह बना रहे है। यही वजह है, की रविन्द्र ठाकुर आगामी फिल्म-लहुजी व फकीरा मे आयेंगे नजर रविन्द्र ठाकुर की देवीक वेब सिरीज जल्द हि देखने को मिलेगी।हालांकी रविन्द्र ठाकुर का ये सफर बिल्कुल आसान नही था। मध्य प्रदेश के पंथ पीपलोदा मे रहने वाले रविन्द्र ठाकुर मॉडलिंग व एक्टींग की दुनीया मे आने से पहले कुछ समय तक खाली बैठे रहे।पडाई करने के बाद उनके पास कोई काम नही था।पर फीर भी कही ना कही उनके दिल मे एक्टींग और मॉडलिंग का जुनुन था। ईसलीये वो रुके नही,ईस ईंडस्ट्रीज मे कोई अपना नही था।बस उनके पास था तो सिर्फ एक सपना। रविन्द्र के करियर की शुरुआत पुणे से एक मॉडल से हुई।ये दौर सफल हुआ और धिरे-धिरे वो सफलता की सीडी चढ़ते गये।कई मॉडलिंग शो और सीरीज हीट होती गई और राज्य स्तरीय पुरस्कार हासील करते गये। अब रविन्द्र कृष्णचंद्र ठाकुर एक एसा नाम बन चुका है, जिन्हे परीचय की कोई जरुरत नही है।

## कोटपुतली में एक वर्ष पूर्व बना रोड गड्ढों में हुआ तब्दील, जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**एनसीआर समाचार**

कोटपूतली में करीब एक वर्ष पूर्व पंचायत समिति कार्यालय तक बने रोड (गौरव पथ) को खड्डों में तबदील होने पर जिम्मेदार सम्बन्धित विभाग के तत्कालीन अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने बाबत। महोदय, निवेदन है कि प्रार्थीया कस्बा कोटपूतली की रहने वाली है, पेशे से अधिवक्ता है। कई सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं की सदस्य हैं, समाज सेवा में विशेष रूची हैं। कस्बा कोटपूतली में करीब एक वर्ष पूर्व पूतली कट से पंचायत समिति कार्यालय तक सार्वजनिक निर्माण विभाग कोटपूतली द्वारा रोड (गौरव पथ) का निर्माण किया गया था, जिसके लिए सरकार की तरफ से करोडों रूपयों का बजट पारित हुआ था। उपरोक्त रोड के निर्माण में तत्कालीन जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा घठिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप उपरोक्त रोड कुछ दिनों बाद ही जगह-जगह से उखड गया, पूरा रोड गहरे खड़डों में तब्दील हो गया, जिससे आमजन को आवागम में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही यह रोड सरकारी पैसे के दुरूपयोग की एक सशक्त नजीर है। कोई भी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों की अवहेलना इस हद तक कैसे कर सकता है। यदि उपरोक्त जिम्मेदार लोगों के विरूद्ध कार्यवाही नहीं की जायेगी तो आगे भी इसी तरह सरकारी पैसे का दुरूपयोग व पदीय कर्तव्यों की अवहेलना होती रहेगी।

# दिल्ली डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के घर पर छापेमारी

**एनसीआर समाचार**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में 21 जगहों पर छापेमारी की, जिसमें दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के आवास और दिल्ली के तत्कालीन आबकारी आयुक्त अरवा गोपी कृष्णा के परिसरों में अब खत्म हो चुकी दिल्ली की शराब नीति में विसंगतियों और अनियमितताओं को लेकर छापेमारी की गई।

अधिकारियों ने बताया कि, CBI ने पिछले साल नवंबर में लाई गई दिल्ली आबकारी नीति के निर्माण और क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की है। इसके अलावा निविदा के बाद शराब लाइसेंसधारियों को अनुचित लाभ₹ प्रदान करने के लिए जानबूझकर और सकल प्रक्रियात्मक चूक भी थे। जुलाई में



दायर दिल्ली के मुख्य सचिव की रिपोर्ट पर सीबीआई जांच की सिफारिश की गई थी, जिसमें प्रथम दृष्टया जीएनसीटीडी अधिनियम 1991 का उल्लंघन दिखाया गया था। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और दिल्ली के सीएम को सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार, सिसोदिया ने कथित तौर पर एलजी की मंजूरी के बिना आबकारी नीति में बदलाव किए, जैसे कि रुपये की छूट की अनुमति देना। COVID-19 महामारी के कारण निविदा लाइसेंस शुल्क पर 144.36 करोड़ रुपये। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि, सिसोदिया ने विदेशी शराब की दरों में संशोधन करके और बीयर के प्रति केस 50 के आयात पास शुल्क को हटाकर शराब लाइसेंसों को अनुचित लाभ दिया। इसने विदेशी शराब और बीयर को खुदरा के लिए सस्ता कर दिया, जिससे राज्य के खजाने को राजस्व का नुकसान हुआ।

अधिकारियों ने 22 जुलाई को बताया, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने नियमों के कथित उल्लंघन और प्रक्रियात्मक खामियों पर आप सरकार की 2021-2022 आबकारी नीति की सीबीआई जांच की सिफारिश की है। सक्सेना ने दिल्ली के मुख्य सचिव को ₹अवैध निर्माण, संशोधन और कार्यान्वयन में अधिकारियों और सिविल सेवकों की भूमिका₹ का विवरण देते हुए एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। नई आबकारी नीति, जिसको लेकर सिसोदिया पर आरोप लगाए गए है। 2013, 2015 और 2020 की AAP सरकारों में अपने कार्यकाल के दौरान महत्वपूर्ण विभागों को संभालने के दौरान उनके द्वारा देखे गए कई नीतिगत बदलावों में से एक है। अधिकारियों ने कहा कि, यदि पहले से लागू की गई किसी नीति में कोई बदलाव किया जाता है, तो आबकारी विभाग को उन्हें कैबिनेट के सामने रखना होगा और अंतिम मंजूरी के लिए इसे एलजी के पास भेजना होगा। कैबिनेट और एलजी की मंजूरी के बिना किए गए कोई भी बदलाव अवैध हैं और दिल्ली आबकारी नियम, 2010 और व्यापार नियम, 1993 का उल्लंघन है। 30 जुलाई, 2022 को, सिसोदिया ने घोषणा की थी कि, दिल्ली सरकार की नई शराब नीति को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाएगा और 1 अगस्त, 2022 से केवल सरकारी स्वामित्व वाले शराब विक्रेताओं को ही राष्ट्रीय राजधानी में शराब बेचने की अनुमति होगी। नई शराब नीति में कथित अनियमिताओं के कारण दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग की जांच के बीच यह घटनाक्रम सामने आया है। दिल्ली सरकार की संशोधित नीति, जिसमें शराब की होम डिलीवरी, सुबह 3 बजे तक दुकानें खोलने और लाइसेंसधारियों को असीमित छूट देने की अनुमति देने का प्रस्ताव था।

## संपादकीय

### देशभक्ति की इस उमड़ी हुई भावना को अब सही दिशा देने की जरूरत है

भारतीयों की देशभक्ति की भावना पूरे उफान पर है। देशभक्ति पूरी तरह नजर आ रही है। सब जगह नजर आ रही है। ऐसा होना बहुत अच्छा है। इससे हमारी एकजुटता, देश की एकता और अखंडता झलक रही है। विरोधियों के कान खड़े हो रहे हैं। उन्हें खतरा लगने लगा है किंतु जरूरत इसे अभी सही दिशा और देने की है। ये भावना, देशभक्ति का जज्बा यदि सही दिशा की ओर मुड़ जाए तो दावे के साथ कहा जा सकता है कि देश दुनिया का सिरमौर बन जाएगा। चीन हो या अमेरिका हमें धमकाने की सोच भी नहीं सकेगा। हमला करने की बात तो संभव ही नहीं होगी। चीन या अन्य कोई देश हमारी और आंख उठाकर देखने की भी हिम्मत नहीं करेगा। इस देश भक्ति की भावना की शुरुआत देश में कोरोना शुरू होने के समय से प्रारंभ हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हमने कोरोना वॉरियर के सम्मान में थाली, चिमटे, घंटे और घड़ियाल बजाए। उन पर फूलों की वर्षा की। उन्हें जगहजगह सम्मानित किया। कुछ राजनैतिक विरोधियों और वामपंथियों ने इसका मजाक उड़ाया, किंतु उनकी आवाज कोई प्रभाव नहीं छोड़ सकी। हाल में आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' रिलीज होनी थी। इसके रिलीज होने से पहले ही देश में फिल्म का जोरशोर से विरोध शुरू हो गया। फिल्म रिलीज हुई। इसके बॉयकॉट के विरोध का असर ये रहा कि बॉक्स आफिस पर बुरी तरह पिट गई। ग्राहकों ने सिनेमा हाल की ओर जाना भी गंवारा नहीं किया। इससे पहले विरोध करने वाले, फिल्म चलाने वाले सिनेमा घरों पर फिल्म चलाने के विरोध में प्रदर्शन करते थे। फिल्म देखने जाने वाले दर्शकों को रोकते थे। अबकी बार इसकी जरूरत ही नहीं पड़ी। दर्शक स्वयं ही सिनेमाघरों की ओर नहीं गए। इसी तरह विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' के साथ भी हुआ। आने से पहले ही इसके पक्ष में प्रचार शुरू हो गया। हालत यह हुई कि जब हमने इस फिल्म के पहली रात में टिकट बुक किए तब तक चार टिकट बुक हुए थे। अगले दिन दोपहर में जब हम फिल्म देखने गए, सिनेमा हाल की सारी सीट भरी थीं। इसके समर्थन का असर यह हुआ कि जो फिल्म नहीं देखते थे, वे भी देखने गए। परिणाम स्वरूप फिल्म ने मोटा धन कमाया। अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव पर जनता से घरघर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा निकालने की अपील की। इस बार विरोध के लिए विरोध करने वाले कसमसा कर रह गए। कुछ भी नहीं कर सके। उन्होंने भी अपने घरों पर तिरंगा फहराया। तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। घरों पर तिरंगा फहराने के प्रति जनता में भारी जनून नजर आया। अधिकांश घरों पर तिरंगा लहराया गया। स्कूल, काँलेज ही नहीं मदरसों में भी तिरंगा फहराया गया। हिंदू ही नहीं मुस्लिम और सिख भी तिरंगा यात्रा में जोश के साथ शामिल हुए। जिस जम्मू-कश्मीर राज्य में तिरंगा फहराने की कल्पना भी किसी ने नहीं की थी, वहां भी तिरंगा फहराया गया। तिरंगा यात्रांए निकलीं। पाकिस्तान समर्थक फरार चल रहे एक आतंकवादी के पिता ने भी अपने इलाके में तिरंगा यात्रा निकाली। जनता में इस समय जो देशभक्ति की भावना उमड़ी हुई है, अब इसे सही दिशा देने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से 15 अगस्त को आह्वान किया कि हमें आत्मनिर्भर बनना है। हम कब तक एनर्जी सेक्टर में किसी और पर निर्भर रहेंगे। सोलर का क्षेत्र, विंड एनर्जी का क्षेत्र, मिशन हाइड्रोजन, बायो फ्यूल की कोशिश, इलेक्ट्रिक व्हीकल पर जाने की बात हो, हमें आत्मनिर्भर बनकर इन व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाना होगा। प्रधानमंत्री का सीधा आह्वान है कि स्वदेशी को बढ़ावा दिया जाए। सब कुछ अपने यहां पैदा हो, किंतु हालात इसके विपरीत हैं। प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के समय से चीन भारत को हड़पने की काशिश में है। पिछले लगभग दो साल से उनकी सेना सीमा पर हमें बरबाद करने के लिए तनी खड़ी है। हमारे बड़े दुश्मन पाकिस्तान से मिलकर वह हमें घेरने में लगा है। सीमाओं पर उसकी ओर से युद्ध की बड़ी तैयारी चल रही हैं। चीन के इरादे देख दो साल पहले चीन और चीन के सामान के बॉयकॉट का नारा लगा। देशवासियों में कुछ चेतना आई। बॉयकॉट शुरू हुआ। पर लगता है कि वह सोशल मीडिया तक ही सीमित रहा। सच्चाई कुछ और है। अलग है। भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों से यह साफ़ तौर पर ज़ाहिर होता है कि भारत की चीन के आयात पर निर्भरता लगातार बढ़ रही है। मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2021-22 में दोनों देशों के बीच क़रीब 115 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। ये पिछले साल की तुलना में बढ़ा है। पिछले साल यह 86 अरब डॉलर था। यह आंकड़े यह बताने के लिए काफी हैं कि हम दिखावे के लिए बॉयकॉट करने की बात करते हैं। जबकि चीन का बना सामान हम धड़ल्ले से खरीद रहे हैं। चीन का बना सामान खरीद कर क्या हम अपने सबसे बड़े दुश्मन के हाथ मजबूत नहीं कर रहे? क्या हम दुशमन की शक्ति नहीं बढ़ा रहे? 1965 में पाकिस्तान से युद्ध के समय अमेरिका ने कहा था कि भारत युद्ध बन्द करे नहीं तो हम भारत को गेंहू भेजना बंद कर देंगे। उस समय हमारे यहां गेंहू का उत्पादन बहुत कम था। देश की जरूरत के लिए अमेरिका हमें लाल (घटिया) गेंहू बेचता था। देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री ने उस समय देश को अमेरिका की इस चेतावनी से अवगत कराते हुए जय जवान-जय किसान का नारा दिया। किसानों से अपना उत्पादन बढ़ाने को कहा था। उन्होंने यह भी घोषणा की थी कि भोजन की कमी को देखते हुए देशवासी एक दिन का उपवास रखें। उस समय के जिंदा लोग आज भी उपवास रखते हैं। उनके आह्वान का परिणाम यह हुआ कि हमारा देश अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर ही नहीं हुआ, आज उसका निर्यात भी करने लगा है। आज जरूरत है चीन को सबक सिखाने की। चीन को सबक सिखाने के लिए क्या हम उसके उत्पाद का पूरी तरह बॉयकॉट नहीं कर सकते? क्या हम चीन के सस्ते माल की जगह देश का ही बना माल लेकर काम नहीं चला सकते? क्या हम यह तय नहीं कर सकतें कि हम एक समय भूखे रह लेंगे, पर चीन का बना सामान नहीं खरीदेंगे?

# गुजरात मॉडल की बात करने वाले मोदी को भी अब योगी मॉडल ही भाता है

**अजय कुमार**

**समाजवादी पार्टी के मुखिया अख़िलेश यादव ने विधान सभा चुनाव प्रचार के दौरान एक सभा में योगी पर तंज़ करते हुए उन्हें बुलडोज़र बाबा कहा तो सपा पर यह दांव उलटा पड़ गया। इसके बाद बुलडोज़र बीजेपी के प्रचार अभियान का एक अहम हिस्सा बन गया।**



हिन्दुस्तान की राजनीति में कभी मोदी के 'गुजरात मॉडल' ने बड़ा फरेबदल किया था। आठ वर्ष पूर्व 2014 में इसी गुजरात मॉडल के सहारे नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद से दिल्ली तक की दूरी पूरी की थी। वह गुजरात के मुख्यमंत्री से देश के प्रधानमंत्री बन गए थे। पहली बार देश में बीजेपी की प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनी थी। इसका पूरा श्रेय मोदी और उनके गुजरात के विकास मॉडल को दिया गया था, जिसको (गुजरात मॉडल) आम चुनाव में मोदी ने बड़ा मुद्दा बनाया था। उन्होंने अपनी सभी जनसभाओं में गुजरात मॉडल की चर्चा करते हुए दावा किया था कि यदि केन्द्र में उनकी सरकार बनी तो जैसे गुजरात का विकास किया गया है, उसी तर्ज पर वह पूरे देश का विकास करेंगे। मतदाताओं ने, जो तत्कालीन मनमोहन सरकार के दस साल के कार्यकाल से काफी नाखुश थे, मोदी की बातों पर विश्वास किया और मोदी की सरकार बनी तो कांग्रेस चारो खाने चित हो गई। मोदी को पीएम बने आठ वर्ष से अधिक का समय हो चुका है, इस दौरान देश का विकास के क्षेत्र में आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन अब कहीं भी गुजरात मॉडल की चर्चा नहीं सुनाई देती है। गुजरात मॉडल नेपथ्य में चला गया है। अब तो पूरे देश में योगी मॉडल ही छाया हुआ है। दिल्ली सहित कई राज्यों की जनता योगी के कामकाज के तौर-तरीकों से काफी प्रभावित नजर आती है। योगी के काम करने के तरीके ने लोगों को योगी का कायल बना दिया है। देश के किसी भी हिस्से में अपराधी या साम्प्रदायिक ताकतें सिर उठाती हैं तो एक ही आवाज सुनाई देती है, देश या प्रदेश का माहौल बिगाड़ने वालों से निपटने के लिए वही तरीका अपनाया जाए जो उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अपराधियों या अराजक तत्वों के साथ अपनाती है। सवाल यह है कि योगी मॉडल है क्या ? तो इसको समझने के लिए किसी रॉकेट सांइस समझने जैसी जरूरत नहीं है। योगी सरकार का एक ही फलसफा है कि कोई भी अपराधी या दंगाई सामने आकर या पर्दे के पीछे से प्रदेश को माहौल बिगाड़ने की कोशिश करे तो जैसे सांप के फन को कुचला जाता है, वैसे ही अपराधियों को 'कुचल' दिया जाए। कोर्ट-कहचरी में मामला जाए, वहां बहस में उलझें इससे पहले योगी का बुलडोजर गरजने लगता है, जो भी कोई प्रदेश का अमन-चौन बिगाड़ने की कोशिश करता है, सबसे पहले योगी सरकार द्वारा उसकी 'कुंडली' बनाने और खंगालने का काम शुरू किया जाता है। एक बार कुंडली सामने आने के बाद अपराधियों और दंगाइयों के खिलाफ योगी का बुलडोजर और पुलिस महकमा मैदान में कूद पड़ता है। अपराध करने वाला कभी तख्ती हाथ में लेकर आत्मसमर्पण के लिए थाने पहुंच जाता है तो कभी अपनी जमानत रद्द कराकर जेल की सलाखों के पीछे वापस चला जाता है। कई अपराधी डर के मारे यूपी से भाग खड़े होते हैं। प्रयागराज और कानपुर में दंगाइयों से जिस तरह से योगी सरकार निपटी, वह प्रदेश के इतिहास में एक मिसाल बन गई। इसी प्रकार सीएए का विरोध कर रहे आंदोलनकारियों ने आगजनी और सरकारी-पब्लिक की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया तो योगी सरकार ने ऐसे लोगों की संपत्ति की कुर्की का फरमान जारी करते हुए उनके पोस्टर-बैनर चौराहों पर लगा दिए। जिसकी चर्चा पूरे देश में हुई। योगी सरकार का लोग गुणगान करने लगे। अब तो कहीं किसी भी राज्य में दंगा फ़साद होता है तो वहां की जनता योगी सरकार की तरह अपराधियों और दंगाइयों पर कार्रवाई की मांग करने लगती है। बिहार में जब नीतीश कुमार ने बीजेपी से गठबंधन तोड़ कर लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के साथ महागठबंधन की सरकार बनाई तो जनता के बीच चर्चा छिड़ गई कि अब बीजेपी इस महागठबंधन का मुकाबला कैसे करेगी तो फिर योगी का चेहरा और उनका बुलडोजर मॉडल चर्चा में आ गया। बिहार में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। जानकार कह रहे हैं कि अगले कुछ समय में बिहार की कानून व्यवस्था काफी प्रभावित हो सकती है। अपराध का ग्राफ भी बढ़ सकता है। ऐसे में अगला चुनाव कानून व्यवस्था के मुद्दे पर ही लड़ा जाता है तो योगी का चेहरा आगे करके बीजेपी जनता के बीच यह मैसेज दे सकती है कि जिस तर्ज पर योगी ने यूपी को अपराध मुक्त बनाया है, उसी तरह से बिहार को भी अपराध मुक्त बनाया जाएगा। बीजेपी का जनता से किया यह वायदा उसके लिए बिहार में 'मील का पत्थर' साबित हो सकता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सियासी रूसख की बात की जाए तो देखने में यही आता है की देश में कहीं भी कोई चुनाव होता है तो मोदी के बाद योगी की डिमांड सबसे अधिक होती है। योगी जहां चुनाव प्रचार को जाते हैं, वहां बीजेपी प्रत्याशी की जीत की सम्भवना 70 फीसदी बढ़ जाती है। कर्नाटक में बीते दिनों भारतीय जनता युवा मोर्चा के एक नेता की हत्या के बाद अपनी ही पार्टी संगठन के तीखे सवालों से घिरे मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के खिलाफ भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ही उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के बुलडोजर मॉडल की चर्चा शुरू कर दी। दक्षिण कर्नाटक में बीजेपी नेता प्रवीण नेट्टारु की हत्या के मामले में दो अभियुक्त ज़ाकिर और शफ़ीक़ गिरफ़्तार हो चुके हैं। लेकिन अपने ही कार्यकर्ता बोम्मई सरकार से ख़फ़ा हैं। इनका आरोप है कि सरकार अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं की सुरक्षा करने में नाकाम है। इस वर्ग की मांग है कि कर्नाटक में यूपी का योगी मॉडल लागू हो। इस पर सीएम बोम्मई कहते हैं उत्तर प्रदेश में हालात यहां से बहुत अलग हैं। वहां के लिए योगी जी बिल्कुल फिट हैं। कर्नाटक में हालात काबू करने के लिए हम हर तरीका अपना रहे हैं। अगर ज़रूरत पड़ी तो यहां भी हम गवर्नेंस का योगी मॉडल अपना सकते हैं। बहरहाल, राजनीति में समय बहुत मायने रखता है। बोम्मई का ये बयान भी ऐसे समय में आया है जब इसी साल मार्च में योगी आदित्यनाथ के चेहरे पर बीजेपी ने उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी।

# जनता से क्यों? नेताओं और अफसरों से होनी चाहिए कर्तव्य निभाने की शुरुआत

**योगेंद्र योगी**

**इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह सपना देश को तरक्की की राह पर ले जाने वाले है। सवाल यही है इसकी शुरुआत कहां से हो। दरअसल इसकी शुरुआत ऊपर से होनी चाहिए। अधिकार के साथ कर्तव्य के लिए भी कानून बनना चाहिए।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से स्वतंत्रता दिवस पर दिए गए राष्ट्र को उद्बोधन में नागरिक कर्तव्य का जिक्र किया। इसे पांचवीं प्राणशक्ति बताया गया। पीएम मोदी ने कहा कि शासक, प्रशासक, पुलिस हो या पीपुल, सबको अपने कर्तव्य निभाने चाहिए। प्रधानमंत्री की यह बात बिल्कुल सही लगती है कि बगैर नागरिक कर्तव्य के कोई भी देश पूर्ण रूप से तरक्की नहीं कर सकता। यहां सवाल आम आदमी के कर्तव्य का बाद में उठता है। कर्तव्य निभाने का पहला और मूल सवाल तो आम नागरिकों के टैक्स के बूते सरकारी पदों पर बैठे हुए भारी-भरकम वेतन और सुविधाएं प्राप्त कर रहे अधिकारियों का हैं। इसी तरह का सवाल संसद-विधानसभाओं में कीमती वक्त और लोगों की गाढ़ी कमाई को शोर-शराबे और धरने-प्रदर्शन में बर्बाद करने और अशोभनीय हरकत करने वाले जनप्रतिनिधयों का भी है। क्या सरकारी कार्मिक वेतन और सुविधाओं के बदले में ईमानदारी से अपनी ड्यूटी को अंजाम दे रहे हैं। इसी तरह क्या जनप्रतिनिधी वेतन-सुविधाएं लेने के ऐवज में अपना फर्ज अदा कर रहे हैं। यह सर्वविदित है कि जनप्रतिधियों ने सर्वोच्च संवैधानिक संस्थाओं को पैतरेबाजी का अखाड़ा बना दिया है।

भारत और लोकतंत्र को शर्मसार करने की क्या कुछ घटनाएं इनमें देखने को नहीं मिली। सदन के सत्र के दौरान कामकाज में बाधा डालने के अलावा मारपीट, कपड़े फाड़ने, एक-दूसरे पर माइक और कुर्सियों से हमला करने के मामले ज्यादा पुराने नहीं हैं। ऐसे में सबसे पहली जरूरत आम लोगों की बजाए, आम लोगों की बदौलत ऐश-आराम करने वाले नेताओं और कार्मिकों से कर्तव्य निभाने की बात सबसे पहले करनी चाहिए। इनके साथ कानूनी सख्ती बरती जानी चाहिए। जब तक ऐसे गैरजिम्मेदार और नाकारा लोगों को जेल की सजा नहीं मिलती, तब तक आम लोगों से कर्तव्य निभाने की बात करना बेमानी है। कर्तव्य निभाना तो बहुत दूर रहा अलबत्ता जब कभी नेताओं के यहां छापे पड़ते हैं तो इसे विपक्षी दलों के खिलाफ बदले की कार्रवाई करार दिया जाता है। जिस दल की सरकार ऐसी कार्रवाई करती है, उसे ही विपक्ष के ऐसे आरोपों का सामना करना पड़ता है। देश को लूट कर खाने वाले ऐसे नेताओं-अफसरों के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाने के बजाए विरोधी दल एकजुट होकर उसके बचाव में उतर आते हैं। ऐसी कार्रवाईयों के प्रति किसी भी दल मे शर्म-लिहाज शायद ही बची हो। जिस दल के नेता के खिलाफ कार्रवाई की गई, उसे गलत ठहराने के लिए धरने-प्रदर्शन तक की बेशर्मी बरतने से भी उन्हें गुरेज नहीं रहता। किसी भी दल या नेता को कोर्ट पर भरोसा नहीं है। यदि सबूत नहीं हुए तो कोर्ट बाइज्जत बरी कर सकता है, लेकिन ये दलीलें सिर्फ आम लोगों पर लागू होती हैं, नेताओं पर नहीं। यह बात दीगर है कि कानून बनाए भी नेताओं ने ही हैं, किन्तु जब लागू करने की बात आती है तो उनका रंग-रूप ही बदल जाता है। आम लोगों पर ऐसे कानून लागू हों तो किसी को कोई तकलीफ नहीं, पर जब कानून के समानता से लागू करने की बात आती है तो सबसे पहले नेता ही अपने को उससे ऊपर बताते हैं। नेताओं को कर्तव्य की सीख देना आसान नहीं है। देश में ऐसा एक भी राजनीतिक दल नहीं है, जिसके नेताओं पर चोरी, डकैती, भ्रष्टाचार, बलात्कार, बलवा जैसे मुकदमें नहीं चल रहे हों, इन आपराधिक मामलों पर इनका एक ही जवाब होता है कि सत्तारुढ़ दल (सरकार) ने बदले की भावना से उन्हें फंसाया हैं। ऐसे नेताओं को कर्तव्य का एहसास तक कराना लौहे के चने चबवाने से कम नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह सपना देश को तरक्की की राह पर ले जाने वाले है। सवाल यही है इसकी शुरुआत कहां से हो।

दरअसल इसकी शुरुआत ऊपर से होनी चाहिए। अधिकार के साथ कर्तव्य के लिए भी कानून बनना चाहिए। कर्तव्यों का पालन नहीं करने वाले जनप्रतिनिधि-अधिकारियों को सीधे जेल भेजे जाने की सजा होनी चाहिए। केवल मौखिक तौर पर अपील करने से भ्रष्ट और निकम्मे नेताओं की मोटी चमड़ी पर कोई असर नहीं पडने वाला। रहा सवाल देश के आम लोगों से कर्तव्य की उम्मीद करना, तो सवाल यह है कि जिस देश की करीब आधी आबादी को मुश्किल से एक वक्त का भोजन नसीब हो, रहने के लिए घर नहीं, शिक्षा नहीं हो, पानी-बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो, उनसे कर्तव्य की पालना की उम्मीद किस मुंह से की जा सकती है। इस आबादी को अपने अधिकारों के बारे में ज्ञान तक नहीं है, इनसे कर्तव्य निभाने की अपेक्षा करना तो दूर की कौड़ी है। सवाल यह है कि कि भूखे पेट किसी से क्या कर्तव्य निभाने की उम्मीद की जा सकती है। जिस तरह देश की आजादी के लिए अंग्रेजों और राजाओं से लंबी लड़ाई लड़ी गई, उसी तरह कर्तव्य निभाने का रास्ता भी बेहद मुश्किल और कांटों भरा है। इसकी शुरुआत देश के शासकों से जब तक नहीं होगी, इसकी मंजिल तक कभी नहीं पहुंचा जा सकेगा।

# कट्टरपंथियों के मुँह पर तमाचा है शेख हसीना का बांग्लादेशी हिंदुओं को दिया गया आश्वासन

**नीरज कुमार दुबे**

बांग्लादेश में अक्सर हिंदू कट्टरपंथियों के निशाने पर रहते हैं। कई बार हिंदुओं के मंदिरों पर हमले किये जाते हैं, उनकी संपत्ति को नुकसान पहुँचाया जाता है और उनके उत्सवों में बाधा पहुँचाई जाती है। कई बार हिंदुओं की नृशंस हत्या की घटनाएं भी सामने आई हैं जिसको लेकर हिंदू समुदाय के लोग खौफ में भी रहे हैं लेकिन अब बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने हिंदुओं को बड़ा आश्वासन देते हुए कहा है कि हिंदू समुदाय के पास भी उतने ही अधिकार हैं जितने मेरे पास हैं। हम आपको बता दें कि शेख हसीना ढाका के ढाकेश्वरी मंदिर और चट्टोग्राम में जेएम सेन सभागार में हुए कार्यक्रमों में डिजिटल माध्यम से शामिल हुईं और श्रद्धालुओं को संबोधित किया। हम आपको यह भी बताना चाहेंगे कि दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान ढाका में लगने वाले मंडपों की संख्या पश्चिम बंगाल में लगने वाले मंडपों की तुलना में कहीं अधिक होती है। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यहां हिंदू समुदाय तमाम बाधाओं के बावजूद अपने धर्म और संस्कृति को जीवित रखने और उसे आगे बढ़ाने के लिए कितना तत्पर रहता है। इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव दो साल बाद बड़ी धूमधाम से बांग्लादेश में मनाया गया क्योंकि दो साल तक कोरोना की वजह से तमाम तरह की पाबंदियां रहीं थीं। इस उत्सव में भागीदारी करते हुए शेख हसीना ने हिंदुओं और अन्य धर्मों में विश्वास रखने वाले लोगों से अनुरोध किया कि वे अपने आपको अल्पसंख्यक न मानें। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में धर्मों से परे, सभी के पास समान अधिकार हैं। शेख हसीना ने कहा, 'हम चाहते हैं कि सभी धर्मों के लोग समान अधिकारों के साथ रहें।' उन्होंने हिंदुओं से कहा कि आप इस देश के लोग हैं, आपको यहां समान अधिकार प्राप्त हैं, आपके पास भी वही अधिकार हैं जो मेरे पास हैं।' शेख हसीना ने कहा कि ''हम भी आपको समान रूप से देखना चाहते हैं। कृपया स्वयं को दूसरों से कम न समझें। आप इस देश में पैदा हुए हैं। आप इस देश के नागरिक हैं।'' प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस बात पर दुख भी जाहिर किया कि जब भी कोई अवांछित घटना होती है तो उसे इस तरह बढ़चढ़ा कर पेश किया जाता है मानो बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के पास कोई अधिकार ही नहीं हैं। बांग्लादेशी मीडिया में शेख हसीना का यह भाषण खूब सुर्खियां बटोर रहा है। ''प्रोथोम आलो'' अखबार में हसीना को यह कहते हुए उद्धृत किया गया है ''घटना को ऐसा रंग दिया जाता है मानो बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के पास कोई अधिकार ही नहीं हैं। और घटना के बाद सरकार द्वारा की गई कार्रवाई को समुचित महत्व ही नहीं दिया जाता है।'' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार और अवामी लीग किसी भी धर्म के लोगों को तवज्जो नहीं देने में विश्वास नहीं करती। शेख हसीना ने कहा ''मैं साफ कह सकती हूं। हमारी सरकार इसे लेकर पूरी तरह सतर्क है और मैं इसका आपको आश्वासन दे सकती हूं।'' हम आपको बता दें कि साल 2022 की जनगणना के अनुसार बांग्लादेश में हिंदू समुदाय दूसरा सबसे बड़ा धार्मिक समुदाय है। 16 करोड़ से अधिक आबादी वाले बांग्लादेश में हिंदू आबादी लगभग 7.95 प्रतिशत है। हम आपको याद दिला दें कि हाल ही में बांग्लादेश के नरेल में अल्पसंख्यकों के खिलाफ घृणा अपराध हुए थे जिस पर भारत सरकार ने भी कड़ा रुख अख्तियार करते हुए बांग्लादेश सरकार को हिंदुओं की रक्षा के लिए पर्याप्त कदम उठाने के लिए कहा था। इसलिए शेख हसीना ने जन्माष्टमी पर जो कुछ कहा है वह कट्टरपंथियों के मुंह पर तमाचा और हिंदुओं के लिए बड़े आश्वासन के रूप में देखा जा रहा है। जहां तक शेख हसीना के व्यक्तित्व की बात है तो आपको बता दें कि अनुभवी राजनेता हसीना ने पड़ोसियों के साथ न केवल संबंधों को मजबूत करने का काम किया बल्कि अपने देश को नयी ऊंचाइयों पर भी लेकर गयीं हैं। देश में अगले साल चुनाव होने हैं ऐसे में यह भी माना जा रहा है कि कहीं यह हिंदू वोट बैंक को साधने की कोशिश तो नहीं है।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रात: 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षो से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अत: भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# Paytm के शेयर की कीमत पर हमारा कोई दखल नहीं, कंपनी प्रॉफिट बनाने में जुटी: विजय शेखर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम की संचालक फर्म वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय शेखर शर्मा ने कहा है कि कंपनी शेयरों के भाव पर किसी तरह का दखल नहीं रखती है लेकिन प्रबंधन कंपनी को लाभप्रद बनाने के प्रयास में जुटा हुआ है। शर्मा ने शुक्रवार को सम्पन्न कंपनी की 22वीं वार्षिक आमसभा (एजीएम) में शेयरधारकों से यह बात कही। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2018-19 तक कंपनी विस्तार की मुहिम में लगी हुई




थी और वर्ष 2019-20 से इसने कमाई पर ध्यान देना शुरू किया। एजीएम में शामिल प्रतिभागियों के मुताबिक, शर्मा ने कहा कि पेटीएम ब्रांड जुलाई-सितंबर 2023 की तिमाही से परिचालन लाभ अर्जित करने की स्थिति में आ जाएगा। शर्मा ने कहा, ''शेयर की कीमत में उतार-चढ़ाव पर हमारा कोई दखल नहीं होता है। इसके कई कारक होते हैं। इसमें कंपनी के लाभ में होने का पहलू काफी अहम होता है। इसके अलावा कंपनी की कारोबार वृद्धि की भूमिका भी अहम होती है। इसके साथ वृहद एवं सूक्ष्म आर्थिक स्थिति, अंतरराष्ट्रीय निवेशक और कई अन्य धारणाओं की भी शेयर कीमत तय करने में भूमिका होती है।'' शर्मा ने शेयरधारकों के सवाल के जवाब में कहा कि प्रबंधन यह सुनिश्चित करने में लगा है कि कंपनी वृद्धि करे और बढ़ते कारोबार के लिए तगड़ा मुनाफा भी कमाए। दरअसल शेयरधारकों के बीच पेटीएम के शेयरों के भाव आईपीओ के समय के 2,150 रुपये से बहुत नीचे गिरकर 771 रुपये पर आ जाने से एक तरह की बेचैनी देखी जा रही है। एजीएम के दौरान भी शेयरधारकों ने प्रबंधन से यह सवाल पूछा कि शेयर कीमत को आईपीओ के समय के भाव के करीब पहुंचाने के लिए किस तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। शर्मा ने कहा कि भारत में नकदी प्रवाह सकारात्मक हो जाने के बाद कंपनी विदेश में भी अपने कारोबार का विस्तार करने पर ध्यान देगी।

### पेटीएम के शेयरधारकों ने विजय शेखर शर्मा की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली।** पेटीएम ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के शेयरधारकों ने प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में विजय शेखर शर्मा को फिर से नियुक्त किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वन97 कम्युनिकेशंस ने रविवार को दायर जांचकर्ता रिपोर्ट में यह जानकारी दी। जांचकर्ता की रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को संपन्न सालाना आमसभा की बैठक में 99.67 फीसदी शेयरधारक शर्मा की फिर से इस पद पर नियुक्ति के पक्ष में थे और सिर्फ 0.33 फीसदी शेयरधारकों ने प्रस्ताव के खिलाफ वोट किया। हालांकि निवेशक सलाहकार फर्म आईआईएएस ने इस पद पर शर्मा की दोबारा नियुक्ति के खिलाफ अनुशंसा की थी। आईआईएएस ने कहा था कि शर्मा ने कंपनी को लाभदायक बनाने के लिए अतीत में कई वादे किए थे, लेकिन ये वादे पूरे नहीं हुए।

शेयरधारकों ने शर्मा के साथ ही पेटीएम के अध्यक्ष और समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी मधुर देवड़ा के वेतन पैकेज को भी मंजूरी दी। लगभग 94.48 प्रतिशत शेयरधारकों ने शर्मा के पारिश्रमिक के पक्ष में मतदान किया और 5.52 प्रतिशत ने इसका विरोध किया। देवड़ा के पारिश्रमिक को मंजूरी देने के प्रस्ताव के मामले में भी ऐसा ही समर्थन देखने को मिला।

# ब्याज दरों में बढ़ोतरी से फिलहाल कार की मांग पर असर नहीं: मारुति सुजुकी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ब्याज दरों में बढ़ोतरी का फिलहाल वाहनों की मांग पर असर नहीं पड़ा है, लेकिन असली स्थिति तब स्पष्ट होगी, जब सेमीकंडक्टर की कमी का मुद्दा हल हो जाएगा और उत्पादन सामान्य हो जाएगा।




मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रैंड विटारा और ब्रेजा जैसे नए उत्पादों की पेशकश के साथ बुकिंग में वृद्धि हुई है और कंपनी के लंबित ऑर्डर पिछली तिमाही में 2.8 लाख से बढ़कर लगभग 3.87 लाख इकाई हो गए। उन्होंने एक बातचीत में कहा, सैद्धांतिक रूप से ब्याज दरों में बढ़ोतरी का नकारात्मक प्रभाव होना चाहिए... लेकिन फिलहाल हम ऐसा महसूस नहीं कर रहे हैं। वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या ब्याज दरों में बढ़ोतरी से कारों की मांग पर असर पड़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस महीने की शुरुआत में रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि की थी। मई के बाद से यह लगातार तीसरी वृद्धि थी। इसके साथ ही ब्याज दर महामारी से पहले के स्तर पर आ गई है। श्रीवास्तव ने कहा कि ब्याज दरों में वृद्धि का मांग पर असर नहीं होने की एक वजह यह है कि महामारी और सेमीकंडक्टर की कमी के चलते आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान हुआ। इस कारण उत्पादन प्रभावित हुआ और मांग को पूरा नहीं किया जा सका था। उन्होंने कहा, ...एक बार जब आपके पास भरपूर उत्पादन हो जाएगा, तो मांग के वास्तविक रुझानों का पता चलेगा। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर आपूर्ति में काफी सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी कुछ बाधाएं हैं, जो कंपनी को अपनी पूरी उत्पादन क्षमता से काम करने से रोक रही है।

श्रीवास्तव ने कहा कि यह बताना कठिन है कि यह कब तक सामान्य हो जाएगा। उन्होंने कहा, चिप्स की सटीक उपलब्धता के बारे में हमारे पास कोई पक्की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस साल मई-जुलाई में कंपनी ने अपनी कुल क्षमता का 95 प्रतिशत उत्पादन किया, जो पिछले साल सितंबर में सबसे कम 40 प्रतिशत था।

# ग्राहकों का डेटा बेचकर रेलवे कंपनी आईआरसीटीसी कमाएगी करोड़ो? जानिए कितना सुरक्षित है आपका डाटा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश की लगभग ढाई करोड़ आबादी रोजाना रेलवे में सफर करती हैं और जनता अपनी यात्रा के लिए ज्यादातर आईआरसीटीसी के जरिए टिकट बुक करते हैं। जानकारी के लिए बता दें कि भारतीय रेलवे कंपनी इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन यानी IRCTC के पास यात्रियों का लगभग 100टीबी से ज्यादा डेटा है।

इसमें टिकट बुक करने वाले सभी यात्रियों के नाम से लेकर सबी प्राइवेट जानकारियां मौजूद है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी अब यात्रियों के पर्सनल डेटा को बेचने का प्लान कर रही है जिसके जरिए कंपनी 100 करोड़ रुपए जुटा सके। बता दें



कि आईआरसीटीसी ने इसको लेकर एक टेंडर भी जारी कर दिया है। हालांकि, कंपनी ने कहा है कि ग्राहकों के डेटा प्राइवेसी का पूरा ख्याल रखा जाएगा। देश की आधी से ज्यादा जनता रेलवे टिकट की बुकिंग आईआरसीटीसी के जरिए ही करती है। जिसके कारण कंपनी के पास यूजर्स का डिजिटल डेटा मौजूद है और अब इसे एक कमाई का जरिया बनाया जा रहा है। आईआरसीटीसी द्वारा जारी किए गए टेंडर में एक कंसलटेंट की नियुक्ति की जाएगी जो यूजर्स के डेटा बेचने के तरीकों पर सुझाव देगा।

कितना सुरक्षित है आपका डेटा

कंपनी द्वारा जारी किए गए इस टेंडर के बाद से ग्राहक अब अपनी प्राइवेसी और सेफ्टी पर सवाल उठा रहे है। साथ ही कई लोगों को ऐसा लग रहा है कि कंपनी यूजर्स के डेटा बेचकर पैसा कमाने की प्लानिंग कर रही हैं। उन्हें डर है कि इस डेटा का गलत इस्तेमाल भी हो सकता है। हालांकि, कंपनी ने एक बयान जारी कर कह दिया है कि यूजर्स के प्राइवेसी का पूरा ख्याल रखा जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईआरसीटीसी थर्ड पार्टी के साथ ग्राहकों के साथ केवल ट्रैवलिंग पैटर्न, हिस्ट्री और लोकेशन से जुड़े डिटेल ही शेयर करेगी।

यूजर्स के फाइनेंशियल प्राइवेसीका पूरा ध्यान रखते हुए कंपनी न ही ग्राहक के बैंक और ट्रांजैक्शन का डेटा शेयर नहीं करेगी। अगर आप सोच रहे है कि कंपनी ऐसा क्यों कर रही है तो इसका जवाब है कि ग्राहकों की यात्रा को और भी मनोरंजक बनाना। यानि की जब आप अगली बार यात्रा करंगे तो हो सकता है कि आपको कुछ ई-कैटरिंग कंपनियों के नोटिफिकेशन आने लगे जिसके जरिए आप खाना ऑर्डर कर सकते हैं। इससे आपको ट्रेन में बैठे-बैठे कैब बुकिंग करने की भी सुविधा मिल सकती है।

# अगर आप नए घर में शिफ्ट हुए हैं तो घर बैठे-बैठे आधार कार्ड में अपना पता कैसे बदलें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अगर आप अपने आधार कार्ड में कोई भी जानकारी अपडेट करना चाहते हैं तो अब आप इसे आसानी से कर सकते हैं। अब आप घर बैठे अपने आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि या लिंग जैसी जानकारी अपडेट कर सकते हैं।

क्या आप हाल ही में एक नए घर में शिफ्ट हुए हैं और आधार कार्ड पर भी अपना पता बदलने के बारे में सोच रहे हैं? अब यह बहुत आसान हो गया है। चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने देश के लोगों को यह सुविधा प्रदान की है कि वे अपने मौजूदा पते को तब भी अपडेट कर सकते हैं, जब उनके पास एड्रेस प्रूफ के लिए कोई दस्तावेज न हो। भारत सरकार ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (Unique Identification Authority of India - UDAI) के कॉन्फ़िगर होने के ठीक बाद आधार कार्यक्रम की स्थापना की थी। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UDAI) द्वारा प्रशासित आधार कार्ड एक विशिष्ट पहचान पत्र होता है जिसे भारत के प्रत्येक नागरिक को दिया गया है। यह एक 12-अंकीय अद्वितीय संख्या का गठन करता है जिसमें किसी व्यक्ति की जनसांख्यिकीय और बायोमेट्रिक जानकारी शामिल होती है। इस विशिष्ट संख्या में सभी आवश्यक विवरण शामिल होते हैं जो किसी व्यक्ति की पहचान के लिए प्रासंगिक होते हैं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UDAI) व्यक्ति के बायोमेट्रिक और जनसांख्यिकीय डेटा जमा करता है, जिसके बाद UDAI द्वारा आधार कार्ड जारी किया जाता है। आधार कार्ड सरकार द्वारा प्रदान किया जाने वाला एक विशिष्ट पहचान पत्र है, जो सरकार से लाभ और सब्सिडी प्राप्त करने की सुविधा भी प्रदान करता है। इस उद्यम का मुख्य उद्देश्य भारत के प्रत्येक नागरिक को हमारी सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करना है।

अगर आप अपने आधार कार्ड में कोई भी जानकारी अपडेट करना चाहते हैं तो अब आप इसे आसानी से कर सकते हैं। अब आप घर बैठे अपने आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि या लिंग जैसी जानकारी अपडेट कर सकते हैं। बीच में यूआईडीएआई ने इस सुविधा को बंद कर दिया था लेकिन अब एक बार फिर से यह सुविधा शुरू कर दी गई है। आधार भारत सरकार द्वारा जारी एक 12 अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या है और यह व्यक्ति की बायोमेट्रिक जानकारी जैसे आईरिस स्कैन, फिंगरप्रिंट, और जनसांख्यिकीय जानकारी जैसे डीओबी और घर का पता आदि के आधार पर जारी किया जाता है। आधार को अपडेट करना न केवल फायदेमंद है बल्कि यह कई ऑनलाइन सेवाओं के लिए भी आवश्यक होता है। आधार से जुड़ी ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए आपको पहले यूआईडीएआई के साथ अपना मोबाइल नंबर पंजीकृत करना होगा।

# अमेजन इंडिया पर बिक रही राधा-कृष्ण की अश्लील पेंटिंग, भड़के हिंदू संगठन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेजन इंडिया और इग्जोटिक इंडिया एक बार फिर विवादों में घिर गया है। यह विवाद एक पेंटिंग को लेकर हुआ है। इस पेटिंग में भगवान कृष्ण की तस्वीर को बहुत ही आपत्तिजनक और अश्लील मुद्रा में दिखाया गया है। इस पेटिंग में भगवान कृष्ण और राधा को एक साथ नग्न अवस्था में दिखाया गया है।

इस पेटिंग का अब विवाद बढ़ गया है। लोग सोशल मीडिया पर अमेजन बॉयकॉट करने पर जोर दे रहे है। बता दें कि इस समय ट्वीटर पर बॉयकॉट अमेजन काफी ज्यादा ट्रेंड कर रहा है। अमेजन इंडिया और इग्जोटिक




इंडिया में बिक रही इस पेंटिंग में भगवान कृष्ण और राधा को एक पेड़ के नीचे नग्न अवस्था में दिखाया गया है। अमेजन पर यह पेंटिंग गीता गोविंदा, राधाकृष्णा इन फारेस्ट लव नाम से बेची जा रही है। इस पेटिंग का साइज 12×13 इंच है।

**लोगों का आया गुस्सा**

इस पेंटिंग को देखकर लोगों को काफी गुस्सा आ रहा है और इस पेंटिंग को ट्वीटर पर शेयर करके बॉयकॉट अमेजन लिख रहे है। ट्वीटर पर बॉयकॉट अमेजन ट्रेंड कर रहा है। कई लोग लिख रहे है कि भगवान कृष्ण की जन्माष्टमी पर इस तरह की पेंटिंग को पेश करना करोड़ों हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना है। ट्वीटर पर एक यूजर ने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, मै अमेजन का बायकॉट कर रहा हूँ और मै सभी हिन्दुओं से निवेदन करता हूँ की सभी अमेजन इंडिया को बॉयकॉट करें। वहीं अन्य यूजर ने लिखा, अमेजन ऐसे प्रोडक्ट बेचता है ताकि पैसा बनाए जा सके। यह हिंदुओं की भावनाओं को आहत कर रहे हैं।

# रिटायरमेंट के बाद कहां और कैसे अपने फंड्स को निवेश करें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत में पैसा निवेश करने के लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं। लेकिन समस्या यह है कि रिटायरमेंट के बाद निवेश एक खास तरीके से ही करना चाहिए। इसलिए एक सेवानिवृत्त व्यक्ति के 'निवेश पोर्टफोलियो' की संरचना अन्य लोगों से अलग होती है।

जब आप नियमित वेतन के रूप में कार्यरत होते हैं तो पैसा कभी कोई मुद्दा नहीं होता है। लेकिन जब आप सेवानिवृत्त हो जाते हैं और लगातार नकदी प्रवाह बंद हो जाता है तो जीवन काफी कठिन हो सकता है। यदि भविष्य में आपकी सेवानिवृत्ति निधि आपकी आय का एकमात्र स्रोत होने जा रही है तो आपको यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि आपकी वित्तीय योजना में नियमित आय की योजना शामिल है। आपको यह भी ध्यान रखना होगा कि मुद्रास्फीति हर साल बढ़ रही है और अगर ठीक से योजना नहीं बनाई गई तो आपके खर्च बढ़ जाएंगे जबकि आपकी आय स्थिर रहेगी। आज कई वरिष्ठ नागरिक उसी जीवन शैली का आनंद लेने में सक्षम हैं जो उन्होंने सेवानिवृत्ति से पहले प्लान की थी। वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र हैं क्योंकि उन्होंने अपने सुनहरे वर्षों के लिए उचित योजना बनाई है।

लेकिन कुछ सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिकों के लिए सेवानिवृत्त होने से पहले की जीवनशैली को जीना मुश्किल हो सकता है, मुख्यतः खराब सेवानिवृत्ति योजना के कारण। उचित सेवानिवृत्ति योजना के लिए आपको विभिन्न उत्पादों में निवेश करने की आवश्यकता होगी जो लंबी अवधि की स्थिरता और निवेश पर उच्च रिटर्न प्रदान करते हैं। भारत में पैसा निवेश करने के लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं। लेकिन समस्या यह है कि रिटायरमेंट के बाद निवेश एक खास तरीके से ही करना चाहिए। इसलिए एक सेवानिवृत्त व्यक्ति के 'निवेश पोर्टफोलियो' की संरचना अन्य लोगों से अलग होती है।

एक सेवानिवृत्त व्यक्ति उन संपत्तियों को पोर्टफोलियो में शामिल करने की योजना बना रहा है जो रिटर्न के रूप में नियमित आय उत्पन्न करते हैं। एक सेवानिवृत्त व्यक्ति की प्राथमिकता प्रमुख रूप से आय सृजन होती है।

फंड को सावधानी से संभाले

सेवानिवृत्ति के बाद लोगों को अपने पैसे के बारे में अटकलें या प्रयोग नहीं करना चाहिए। इसके लिए अपनी




प्राथमिकता मैट्रिक्स तैयार करें। जब अमीर व्यक्ति सेवानिवृत्त होते हैं तो उनके लिए निश्चित आय प्राथमिकता नहीं होती है। वे निवेश विविधीकरण, पूंजी प्रशंसा, इक्विटी, विकास आदि के बारे में बात कर सकते हैं। लेकिन भारत में अधिकांश सेवानिवृत्त पुरुषों के पास केवल मुट्ठी भर ही बचत होती है। इसके अलावा वे निवेश विकल्पों और निवेश से जुड़े जोखिमों से भी अच्छी तरह से परिचित नहीं हैं। ऐसे लोगों के लिए सेवानिवृत्ति कोष को सावधानी से संभालना बेहतर है।

रिटायरमेंट का पैसा कहां लगाएं?

व्यक्ति अपने सेवानिवृत्ति कोष को कई भागों में विभाजित करने का प्रयास कर सकता है, जैसा कि नीचे दिखाया गया है:

**1. बैंकों और डाकघरों में सावधि जमा**

सावधि जमा (Fixed Deposits-FD) किसी भी बैंक या डाकघर में शुरू किया जा सकता है। वे सुरक्षित होते हैं और रिटर्न की गारंटी भी देते हैं। FD में आपके पास दो विकल्प होते हैं- आप या तो ब्याज अर्जित करना चुन सकते हैं या नियमित रूप से ब्याज का भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। आप बैंक या पोस्ट ऑफिस में FD खोल सकते हैं और दोनों गारंटीड और समान रूप से सुरक्षित हैं। वरिष्ठ नागरिकों को प्रति वर्ष 50,000 रुपये तक की एफडी ब्याज पर छूट है और साथ ही कोई टीडीएस भी नहीं होगा।

**2. वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (Senior Citizens Savings Scheme- SCSS)**

यह एक ऐसी योजना है जो विशेष रूप से सेवानिवृत्त और वरिष्ठ नागरिकों के लाभ के लिए शुरू की गई थी और आम निवेश करने वाली जनता के लिए खुली नहीं है। यह एससीएसएस योजना वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप और अनुकूलित है और इसे बैंकों और डाकघरों से खरीदा जा सकता है। एससीएसएस में आप अधिकतम 15 लाख रुपये जमा कर सकते हैं और कार्यकाल 5 वर्ष है, इसे अतिरिक्त 3 साल तक बढ़ाने का विकल्प है। SCSS पर ब्याज दरें (8.5% से 9.5%) अन्य निवेश विकल्पों की तुलना में अधिक हैं। लेकिन वरिष्ठ नागरिक बचत योजना में किया गया निवेश धारा 80C के तहत कर-कटौती योग्य होता है।

**3. ईएलएसएस फंड (Equity Linked Savings Schemes)**

इस बात पर बहस चल रही है कि क्या सेवानिवृत्त लोगों को ईएलएसएस में निवेश करना चाहिए क्योंकि यह बाजार जोखिम वाला एक इक्विटी फंड है। हालाँकि, यदि वरिष्ठ नागरिक कर निर्धारिती है तो ईएलएसएस कर राहत के कारण और इस उत्पाद में उच्च धन सृजन क्षमता के कारण यह एक अच्छा विकल्प है।

ईएलएसएस फंड तीन साल की लॉक-इन अवधि के साथ आते हैं और समय से पहले बाहर निकलने का कोई प्रावधान नहीं है। आप इसमें किसी भी राशि का निवेश कर सकते हैं, कोई ऊपरी सीमा नहीं है, जबकि न्यूनतम निवेश योग्य राशि अलग-अलग फंड हाउसों में भिन्न होती है। इसलिए इसमें निवेश करने से आपको कर कटौती और धन सृजन के दोहरे लाभ मिलते हैं।

# फिनलैंड में प्रधानमंत्री सना मारिन के लीक वीडियो को लेकर विवाद उपजा

एजेंसी

**हेलसिंकी (फिनलैंड)।** फिनलैंड में लीक हुए एक वीडियो में प्रधानमंत्री सना मारिन एक निजी पार्टी में दोस्तों के साथ नाचती और गाती नजर आ रही हैं, जिससे जनता के बीच यह बहस शुरू हो गयी है कि सर्वोच्च पद पर आसीन व्यक्ति के लिए ऐसा आचरण कितना उपयुक्त है और वो भी यूक्रेन पर पड़ोसी देश रूस के हमले के वक्त। वीडियो में 36 वर्षीय मारिन कैमरे को पोज देती हैं। इस दौरान वह अच्छा समय बिताती हैं। फिनलैंड और पूरी दुनिया में पार्टी करने वाले युवा और कम उम्र के लोग सोशल मीडिया पर रोजाना ऐसे ही अनगिनत वीडियो साझा करते हैं।



लेकिन लीक वीडियो ने फिनलैंड के लोगों के बीच एक बहस शुरू कर दी है कि प्रधानमंत्री के लिए किस स्तर की मौज मस्ती उपयुक्त है, विशेष रूप से यूक्रेन पर पड़ोसी रूस के हमले को देखते हुए, जिसने लंबे समय से तटस्थ फिनलैंड और स्वीडन को नाटो सदस्यता के लिए आवेदन करने के लिए प्रेरित किया है। मध्यमार्गी-वामपंथी 'सोशल डेमोक्रेटिक' पार्टी का नेतृत्व करने वाली मारिन को पार्टी के बारे में सवालों की बौछार का सामना करना पड़ा हैः क्या पार्टी में मादक पदार्थ थे? शराब थी? वह काम कर रही थीं या गर्मी की छुट्टी पर थीं? क्या प्रधानमंत्री इतने होश में थीं कि किसी आपात स्थिति से निपटने में वह सक्षम थीं? पार्टी में जाहिर तौर पर किसी ने यह वीडियो बनाया था जो सोशल मीडिया पर लीक हो गया और इस हफ्ते फिनलैंड की मीडिया का इस पर ध्यान आकर्षित किया। मारिन ने कहा कि वह हाल के हफ्तों में पार्टी में शामिल हुईं लेकिन उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि वास्तव में यह कहां और कब आयोजित हुई। मारिन ने यह स्वीकार किया कि उन्होंने और उनके दोस्तों ने पार्टी में जश्न मनाया और पार्टी में शराब का इस्तेमाल हुआ लेकिन, उनकी जानकारी में वहां कोई मादक पदार्थ शामिल नहीं था। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने मादक पदार्थों के बारे में अटकलों पर विराम लगाने के लिए 'ड्रग टेस्ट' कराया है। मारिन ने संवाददाताओं से कहा, ''मुझे उम्मीद है कि 2022 में इस बात को स्वीकार कर लिया जाएगा कि निर्णय लेने वाले भी नाचेंगे, गाएंगे और पार्टियों में जाएंगे।'' उन्होंने कहा, ''मैं नहीं चाहती कि किसी प्रकार की छवि को फैलाया जाए, लेकिन यह मतदाताओं पर निर्भर है कि वे इसके बारे में क्या सोचते हैं।'' प्रधानमंत्री विवाहित हैं और उनकी चार साल की बेटी है। वह अक्सर जोर देकर कहती हैं कि भले ही वह फिनलैंड की सरकार की मुखिया हैं, लेकिन वह अपनी उम्र के किसी अन्य व्यक्ति की तरह ही हैं, जो अपने ख़ाली समय में दोस्तों और परिवार के साथ अच्छा समय बिताना पसंद करती हैं।

## अमेरिकी वित्त विभाग का शीर्ष अधिकारी यूक्रेन पर तनाव के बीच भारत की यात्रा करेगा

एजेंसी

**वाशिंगटन।** यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से पहली बार अमेरिका के वित्त विभाग का एक शीर्ष अधिकारी भारत की आधिकारिक यात्रा करेगा।

फरवरी में शुरू इस युद्ध पर भारत के निष्पक्ष रुख को लेकर चिंताओं के बीच अमेरिका चाहता है कि इन बैठकों में इस पर ध्यान केंद्रित किया जाए कि दक्षिण एशियाई देश के साथ संबंधों को कैसे मजबूत किया जा सके। उप-वित्त मंत्री वैली अडेयेमो मुंबई और नयी दिल्ली की यात्रा करेंगे और इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यालय के अधिकारियों, वित्त मंत्रालय, भारत के रिजर्व बैंक और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे। भारत के 2023 में 20 अंतरसरकारी समूह का नेतृत्व करने की तैयारी पर वित्त विभाग ने कहा कि अडेयेमो ''ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने, दुनियाभर में खाद्य असुरक्षा और धन के अवैध प्रवाह से निपटने जैसी अहम साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा'' करेंगे। गौरतलब है कि भारत ने अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ क्वाड गठबंधन में शामिल होने के बावजूद रूस का साथ नहीं छोड़ा। इसके बजाय उसने रूस से अपने कारोबारी संबंध बनाए हुए हैं और वह ऊर्जा तथा अन्य निर्यात के लिए क्रेमलिन पर निर्भर है। वहीं, अमेरिका और यूरोप, रूस के ऊर्जा संसाधनों से दूर जा रहे हैं और वित्त विभाग के अधिकारी रूसी तेल की कीमत पर सीमा लगाने को बढ़ावा दे रहे हैं।

## सलमान रुश्दी पर दिए बयान को लेकर इमरान खान की सफाई

एजेंसी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शनिवार को दावा किया कि लेखक सलमान रुश्दी की हत्या के प्रयास के बारे में एक ब्रिटिश अखबार को दिए गए उनके बयान का गलत अर्थ निकाला गया। रुश्दी (75) पर गत सप्ताह लेबनानी मूल के अमेरिकी नागरिक 24 वर्षीय हादी मातर ने चाकू से हमला कर दिया था। द गार्डियन अखबार को दिए एक साक्षात्कार में खान ने रुश्दी पर किए गए हमले की निंदा की थी और दावा किया था कि लेखक के प्रति मुसलमानों का गुस्सा जायज है लेकिन हमले को सही नहीं ठहराया जा सकता। हालांकि, पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ के अध्यक्ष के आधिकारिक ट्विटर खाते से दावा किया गया कि इमरान के बयान को गलत अर्थ में लिया गया। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार के मुताबिक, इमरान ने 2012 में भारत में एक सम्मेलन में भाग लेने से इसलिए इनकार कर दिया था क्योंकि उसमें रुश्दी शामिल होने वाले थे। उन्होंने कहा, ''साक्षात्कार में मैंने ईशनिंदा करने वालों को सजा देने के इस्लामी तरीके को समझाया था।

## 'पुतिन का दिमाग' कहे जाने वाले रूसी राष्ट्रवादी विचारक डुगिन की बेटी की कार धमाके में मौत

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति 'व्लादिमीर पुतिन का दिमाग' कहे जाने वाले रूसी राष्ट्रवादी विचारक अलेक्जेंडर डुगिन की बेटी की मॉस्को के बाहरी इलाके में एक कार विस्फोट में मौत हो गयी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

मॉस्को क्षेत्र की जांच समिति की शाखा के अनुसार, डारिया डुगिना (29) की एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) में लगाए गए बम के कारण शनिवार रात यह विस्फोट हुआ था। डुगिना, अलेक्जेंडर डुगिन की बेटी थी। डुगिन ''रूसी विश्व'' की अवधारणा के एक मुख्य प्रस्तावक और यूक्रेन में रूसी सेना भेजने के प्रबल समर्थक हैं। हालांकि, राष्ट्रपति पुतिन के साथ डुगिन



के संबंध स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन अक्सर उनके लेखन और रूस के आधिकारिक टीवी चैनल पर दिये उनके बयानों को दोहराता है। उन्होंने ''नोवोरसिया'' (नये रूस) की अवधारणा को लोकप्रिय बनाने में मदद की, जिसका इस्तेमाल रूस क्रीमिया पर कब्जे और पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादी विद्रोहियों के समर्थन को सही ठहराने के लिए करता है। डुगिना भी इसी तरह के विचार प्रकट किया करती थीं और राष्ट्रवादी टीवी चैनल ज़ारग्रेड पर एक टिप्पणीकार के रूप में नजर आई थीं। यूनाइटेड वर्ल्ड इंटरनेशनल के मुख्य संपादक के रूप में कार्य करने को लेकर डुगिना पर मार्च में अमेरिका ने प्रतिबंध लगा दिये थे। इस वेबसाइट को अमेरिका ने एक दुष्प्रचार साइट की श्रेणी में रखा हुआ है। ज़ारग्रेड ने रविवार को कहा, ''वह अपने पिता की तरह, पश्चिम के साथ टकराव में सदा सबसे आगे रहीं।'' विस्फोट उस समय हुआ जब डुगिना एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद घर लौट रहीं थीं, जिसमें वह अपने पिता के साथ शामिल हुईं थीं। रूसी मीडिया ने कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से कहा कि कार में डुगिना के पिता को बैठना था, लेकिन आखिरी समय में वह दूसरी कार में बैठ गए। मॉस्को में हुई इस असामान्य और हिंसक घटना के बाद रूस-यूक्रेन के बीच शत्रुता और बढ़नेकी संभावना है। हालांकि, इस मामले में तत्काल किसी भी संदिग्ध की पहचान नहीं हो पाई है, लेकिन अलगाववादी डोनेतेस्क पीपुल्स रिपब्लिक के अध्यक्ष डेनिस पुशिलिन ने इसे ''यूक्रेन के चरमपंथियों द्वारा अलेक्जेंडर डुगिन की हत्या की साजिश'' बताया। वहीं, यूक्रेन ने इस घटना में अपनी संलिप्तता से साफ इनकार किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की के सलाहकार, मायखाइलो पोडोलीक ने इस हमले में यूक्रेन की संलिप्तता से इनकार करते हुए राष्ट्रीय टीवी पर कहा, ''हम रूस की तरह एक आपराधिक देश नहीं हैं।

## गहरी नींद में सो गए दोनों पायलट, विमान को लैंड कराना गए भूल, फिर हुआ कुछ ऐसा...

एजेंसी

पायलट की बड़ी लापरवाही का एक मामला सामने आया है जहां सूडान से इथियोपिया के लिए उड़ान के दौरान दो पायलट सो गए जिसके कारण विमान की लैंडिंग हो नहीं पाई। कमर्शियल एविएशन न्यूज साइट एविएशन हेराल्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, इथोपियन एयरलाइंस बोइंग 737-800 खार्तूम से अदीस अबाबा जा रही थी तभी ये घटना हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, विमान ऑटोपायलट पर 37,000 फीट की ऊंचाईपर उड़ रहा था। 15 अगस्त को विमान निर्धारित समय पर अदीस अबाबा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंड होनी थी लेकिन ऑटोपायलट पर विमान होने के कारण विमान सही समय पर लैंड नहीं हो पाया। जब विमान एयरपोर्ट के करीब पहुंचने लगा तो एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने अलर्ट भेजा लेकिन कई कोशिशों के बावजूद एटीसी पायलटों से संपर्क नहीं कर सका। जब विमान रनवे को क्रॉस करने लगा तो ऑटो पायलट भी डिसेबल हो गया जिसके कारण विमान के अंदर जोर-जोर से अलार्म बजने लगा और इसी में दोनों पायलटों की नींद खुल गई। जैसे ही पायलटों की नींद खुली उन्होंने विमान का कंट्रोल हाथ में लिया और 25 मिनट बाद विमान को फिर से रनवे पर सुरक्षित उतारा गया। बता दें कि दोनों ही पायलट काफी थके हुए थे जिसके कारण ये सबकुछ हुआ।विमानन विश्लेषक एलेक्स मैकेरास ने ट्विटर पर कहा कि यह पायलट की थकावट का परिणाम हो सकता है। उन्होंने गुरुवार को ट्वीट किया, पायलट की थकान कोई नई बात नहीं है।

## रूस ने क्रीमिया में यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए, यूक्रेन ने भी हमले तेज किए

एजेंसी

**कीव।** रूसी प्राधिकारियों ने शनिवार को क्रीमिया में यूक्रेन के ड्रोनों को मार गिराने का दावा किया। रूसी सेना ने यूक्रेन के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में भी हमले किए। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन में कुछ शहरों में से एक पर कब्जा जमाने के प्रयासों को आगे बढ़ाया, जो पहले से ही उनके नियंत्रण में नहीं है। रूस ने 2014 में यूक्रेन से क्रीमिया छीना था। क्रीमिया में रूसी प्राधिकारियों ने बताया कि स्थानीय वायु रक्षा बलों ने सेवस्तोपोल में 'रशियन ब्लैक सी फ्लीट' के मुख्यालय पर एक ड्रोन को मार गिराया। यह तीन सप्ताह में मुख्यालयों पर ड्रोन को मार गिराने की दूसरी घटना है। क्रीमिया के गवर्नर सर्गेइ अक्सियोनोव के सहायक ओलेग क्रायुचकोव ने शनिवार को यह भी कहा कि पश्चिमी क्रीमिया में ''छोटे ड्रोनों से हमले'' किए गए। गवर्नर ने टेलीग्राम पर कहा, ''वायु रक्षा प्रणालियों ने शनिवार सुबह क्रीमिया पर सभी ड्रोनों को सफलतापूर्वक निशाना बनाया। जान या माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है।'' ये घटनाएं क्रीमिया में रूसी सेना की कमजोरियों को उजागर करती हैं। रूस के काला सागर के नौसेना मुख्यालय पर 31 जुलाई को एक ड्रोन हमले में पांच लोग घायल हो गए थे। इस सप्ताह क्रीमिया में रूस के एक गोला बारुद के गोदाम में विस्फोट हुआ था। पिछले सप्ताह क्रीमिया में वायु सेना के एक अड्डे पर रूस के नौ युद्धक विमानों को नष्ट कर दिया गया था। यूक्रेनी प्राधिकारियों ने इन हमलों की सार्वजनिक तौर पर जिम्मेदारी लेना बंद कर दिया है। लेकिन राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने क्रीमिया में हमलों के लिए यूक्रेनी सेना के जिम्मेदार होने का संकेत दिया है। इस बीच, हाल के सप्ताहों में क्रीमिया के उत्तर में दक्षिणी यूक्रेनी क्षेत्रों में लड़ाई तेज हो गयी है। यूक्रेनी सेना ने रूस को उन शहरों से खदेड़ने की कोशिश की है, जहां पर उन्होंने छह महीने पुराने युद्ध के शुरुआत से ही कब्जा जमा रखा है। यूक्रेन के अभियोजक कार्यालय ने बताया कि मायकोलेव क्षेत्र के वोजनेसेंस्क शहर में शनिवार को रूस के मिसाइल हमले में तीन बच्चों समेत 12 लोग घायल हो गए और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए।

## लेखक, मित्र रुश्दी के समर्थन में जुटे, एकजुटता कार्यक्रम में उनकी रचनाएं पढ़ीं

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक साहित्यिक कार्यक्रम में मंच पर लेखक सलमान रुश्दी को छुरा घोंपने की घटना के एक हफ्ते बाद लेखक के मित्र एवं अन्य लेखक ''निरंतर'' अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर उनके विचारों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए यहां न्यूयॉर्क पब्लिक लाइब्रेरी में एकत्र हुए और उनकी रचनाओं को पढ़ा।



साहित्य एवं हिमायत करने वाले समूह 'पेन अमेरिका', उनके प्रकाशक पेंगुइन रैंडम हाउस, न्यूयॉर्क पब्लिक लाइब्रेरी और हाउस ऑफ स्पीकईजी ने शुक्रवार को विशेष एकजुटता कार्यक्रम ''स्टैंड विद सलमानः डिफेंड द फ्रीडम टू राइट''का आयोजन किया। रुश्दी 'पेन अमेरिका'के अध्यक्ष रह चुके हैं। इस कार्यक्रम में रुश्दी के समर्थन में लेखक, कार्यकर्ता और मित्र एकसाथ जुटे। टीना ब्राउन, किरण देसाई, आसिफ मांडवी और रेजिनाल्ड ड्वेन बेट्स समेत लेखक, रचनाकारों, कलाकारों और साहित्यिक समुदाय के सदस्यों ने रुश्दी की कुछ सबसे प्रसिद्ध कृतियों को पढ़ा और बुकर पुरस्कार विजेता रुश्दी (75)के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। 'पेन अमेरिका' ने इस आयोजन के माध्यम से कहा कि दुनिया भर के लेखक रुश्दी के साथ एकजुटता से खड़े हैं और ''निरंतर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा दुनिया भर में संकटग्रस्त लेखकों की दुर्दशा पर उनके विचारों का समर्थन करते हैं।'' न्यूजर्सी के 24 वर्षीय हादी मतार द्वारा दर्शकों के सामने रुश्दी की गर्दन और पेट में चाकू घोंपे जाने की घटना के ठीक एक हफ्ते बाद इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'सैटेनिक वर्सेज' के लेखक पश्चिमी न्यूयॉर्क में चौटाउक्वा इंस्टीट्यूशन में एक कार्यक्रम को संबोधित करने वाले थे, तभी यह घटना हुई।

मुंबई में जन्मे विवादास्पद लेखक रुश्दी को 'द सैटेनिक वर्सेज' लिखने के बाद वर्षों तक इस्लामी चरमपंथियों से मौत की धमकियों का सामना करना पड़ा। घटना के बाद उन्हें एक स्थानीय ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया और कई घंटे चली सर्जरी के बाद वेंटिलेटर पर रखा गया। 'पेन अमेरिका' की सीईओ सुजैन नोसेल ने कार्यक्रम की शुरुआत में कहा, ''रुश्दी शब्दों के इस्तेमाल में महारत रखते हैं और लेखक पर उनके काम के कथित अपराध को लेकर हमला किया गया।''

हमले के दो दिन बाद, उनके बेटे जफर रुश्दी ने एक बयान में कहा था कि उनका परिवार इसको लेकर ''बेहद राहत महसूस कर रहा है'' कि रुश्दी को वेंटिलेटर और अतिरिक्त ऑक्सीजन से हटा दिया गया है और वह अब थोड़ा बहुत बात कर पा रहे हैं। मतार को गिरफ्तार कर लिया गया और उस पर हत्या तथा हमले के आरोप लगे हैं। उसने इन आरोपों से इनकार किया है। मतार को चौटाउक्वा काउंटी जेल में रखा गया है।

# यूरोप के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र पर बमबारी ने पैदा किए कई खतरे

एजेंसी

**लंदन।** रूस के कब्जे वाले झापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र में हाल में बमबारी तेज होने से अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गयी हैं। यूक्रेनी कर्मी सख्त नियंत्रण और दबावपूर्ण स्थितियों में इस बड़े संयंत्र का संचालन कर रहे हैं। रूस और यूक्रेन हमले जारी रहने और नुकसान के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इस संघर्ष में गलत सूचनाओं और फर्जी खबरों ने एक अहम भूमिका निभायी है और इसलिए अभी यह पता नहीं है कि हालात क्या हैं। अभी इसकी संभावना नहीं लगती कि दोनों पक्षों में से कोई भी यूरोप के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचाना चाहेगा, जिससे कि रेडियोधर्मी पदार्थ का रिसाव हो। संयंत्र में काम करने वाले यूक्रेनी कर्मियों ने दावा किया कि रूस जानबूझकर गैर-महत्वपूर्ण उपकरणों को निशाना बना रहा है। परमाणु संयंत्र पर जानबूझकर हमला किए जाने से अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन होगा। यह संयंत्र चेर्नोबिल की तरह नहीं है, जो दुनिया की सबसे बड़ी परमाणु आपदा वाली जगह है। चेर्नोबिल एक पुराने रिएक्टर की तरह था। झोपोरिज्जिया की तरह इसे भी पानी से ठंडा किया जाता है, लेकिन इसमें 'न्यूट्रोन अनुशोधन' के लिए बड़ी मात्रा में ग्रेफाइट मौजूद होता है। 'न्यूट्रोन अनुशोधन' रिएक्टर के संचालन के लिए अनिवार्य होता है। जब चेर्नोबिल रिएक्टर अत्यधिक गर्म होता है तो पानी गर्म हो जाता है और शीतलन की दृष्टि से कम प्रभावी हो जाता है। हालांकि, ग्रेफाइट लगातार न्यूट्रोन्स का अनुशोधन करता रहता है, जिससे रिएक्टर पावर सक्रिय और तापमान अनियंत्रित हो जाता है। झोपोरिज्जिया में दुनियाभर के रिएक्टरों की तरह अगर कोई रिएक्टर अत्यधिक गर्म होता है तो कूलिंग और अनुशोधन दोनों ही कम हो जाता है और इसलिए रिएक्टर ऊर्जा भी कम हो जाती है। परमाणु इंजीनियर इसे रिएक्टर के सुरक्षित डिजाइन के लिए अहम मानते हैं। लेकिन अगर हमलों में परमाणु सामग्री या सुरक्षा के लिए अहम उपकरणों को नुकसान पहुंचता है तो रिएक्टर विनाशकारी हो सकता है। इससे बड़ी मात्रा में हानिकारक परमाणु सामग्री हवा में घुलती है, जिससे बड़े पैमाने पर जमीन और जल आपूर्ति दूषित होने का खतरा



होता है। संयंत्र उच्च क्षमता वाली इमारतों से घिरे होते हैं। इन्हें संयंत्र के भीतर और बाहर धमाकों से बचाने के लिए बनाया जाता है। हालांकि, आधुनिक संयंत्रों को विमान से किए जाने वाले हमलों से बचाने के लिए बनाया गया है। सबसे बड़ी चिंता बाहर ईंधन के लिए बने कूलिंग पूल हैं, जहां अत्यधिक रेडियोधर्मी पदार्थ का पानी में भंडार किया जाता है। इनमें से किसी पर भी अगर सीधे हमला किया जाता है तो रेडियोधर्मी पदार्थ के वातावरण में फैलने की आशंका होती है। परमाणु ऊर्जा संयंत्र के बंद होने के बाद भी पम्प और पाइप जैसे सुरक्षा उपकरण अहम होते हें। झापोरिज्जिया के छह रिएक्टरों में से तीन अभी बंद हैं। रिएक्टर के भीतर ईंधन बंद होने के बाद भी यह कई वर्षों तक भी गर्म रहता है। इसे लगातार ठंडा न किए जाने से यह अत्यधिक गर्म हो सकता है, जिससे विस्फोटक गैस पैदा हो सकती है या आग लग सकती है। इससे रेडियोधर्मी पदार्थ का रिसाव हो सकता है। रूस की रणनीति : रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कई वजहों से संयंत्र पर नियंत्रण रखना चाहते होंगे। रूस इस संयंत्र से यूक्रेन को ऊर्जा आपूर्ति में कटौती कर सकता है, लेकिन यह हमले के समय ही कम ऊर्जा स्तर पर चल रहा था तथा इसलिए इसका सीमित असर पड़ सकता है। इसके अलावा रूस इसका इस्तेमाल राजनीतिक मोलभाव के लिए कर सकता है तथा क्षेत्र पर कब्जे के वैध दावे के लिए इसका इस्तेमाल कर सकता है। विभिन्न स्रोतों से यह भी पता चलता है कि रूस ने इस संयंत्र पर सैनिकों तथा उपकरण को तैनात किया है। इसके कारण इसका इस्तेमाल मिसाइल प्रक्षेपण स्थल के लिए किया जा सकता है, जिसका यूक्रेन जवाब देने की हिम्मत नहीं करेगा। संयुक्त राष्ट्र ने हाल में इस सयंत्र के असैन्यीकण का आह्नान किया था, लेकिन रूस ने दावा किया कि इससे परमाणु आतंकवाद के कथित खतरे के कारण संयंत्र को बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा। इन सबके बावजूद संयंत्र के आसपास हिंसा थमनी चाहिए और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सत्यापन की अनुमति दी जानी चाहिए। लोगों, पर्यावरण तथा बुनियादी ढांचे की रक्षा करने के लिए संयंत्र के आसपास सैन्य कार्रवाई जल्द से जल्द बंद होनी चाहिए।

# इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान

## झूलन की ODI में वापसी, किरण नवगीरे को T20 टीम में मिला मौक भारत को 2022 राष्ट्रमंडल खेलों

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी की है जबकि महिला टी20 चैलेंज में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाली किरण नवगीरे को पहली बार सबसे छोटे प्रारूप की टीम में शामिल किया गया है। भारतीय टीम सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए दो सप्ताह के इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इस दौरान वह तीन टी20 मैच और इतने ही वनडे मैच खेलेगी। टी20 मैच होव (10 सितंबर), डर्बी (13 सितंबर) और ब्रिस्टल (15 सितंबर) में होंगे, जबकि वनडे होव (18 सितंबर), कैनेट्रबरी (21 सितंबर) और लॉर्ड्स (24 सितंबर) में खेले जाएंगे। तीन महीने के अंदर 40 साल की होने वाली झूलन गोस्वामी ने अपना आखिरी वनडे मैच इस साल मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ न्यूजीलैंड में विश्व कप में खेला था। विश्वकप के बाद उनकी समकालीन मिताली राज ने संन्यास ले लिया था जबकि इस तेज गेंदबाज को चोटिल होने के कारण श्रीलंका दौरे के लिए नहीं चुना गया था। इसके बाद कयास लगाए जा रहे थे कि वह भी संन्यास ले सकती हैं लेकिन अब तक 201 मैचों में रिकॉर्ड 252 विकेट लेने वाली गोस्वामी खेलने के लिए तैयार है। टी20 टीम में ऋचा घोष की वापसी हुई है। उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों के लिए टीम में नहीं चुने जाने पर सवाल उठाए गए थे। उनकी जगह चुनी गई तानिया भाटिया ने इंग्लैंड दौरे के लिए




दोनों टीमों में जगह बनाई है। घोष को जहां टी20 टीम में जगह मिली है वही यास्तिका भाटिया वनडे टीम में अपनी जगह बरकरार रखने में सफल रही है। चयनकर्ताओं ने किरण नवगीरे को महिला टी20 चैलेंज में उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम दिया है। महाराष्ट्र की रहने वाली किरण घरेलू क्रिकेट में नगालैंड की तरफ से खेलती हैं। उन्होंने महिला टी20 चैलेंज में वेलोसिटी की तरफ से ट्रेलब्लेजर्स के खिलाफ 34 गेंदों पर 69 रन बनाए थे जिसमें पांच गगनदायी छक्के शामिल थे। वह शैफाली वर्मा और ऋचा के साथ मिलकर भारतीय टीम में पावर हिटिंग के नए आयाम जोड़ सकती हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज शिखा पांडे और स्पिनर पूनम यादव को फिर से नजरअंदाज किया गया।

### टीमें इस प्रकार हैं:

**टी20 टीम :**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, जेमिमा रोड्रिग्स, स्नेह राणा,

रेणुका ठाकुर, मेघना सिंह, राधा यादव, सबिनेनी मेघना,

तानिया सपना भाटिया (विकेटकीपर), राजेश्वरी गायकवाड़, दयालन हेमलता, सिमरन दिल बहादुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), के.पी. नवगीर।

**वनडे टीम:**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, सब्बीनेनी मेघना, दीप्ति शर्मा, तानिया सपना भाटिया (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर,

स्नेह राणा, रेणुका ठाकुर, मेघना सिंह, राजेश्वरी गायकवाड़, हरलीन देओल, दयालन हेमलता, सिमरन दिल बहादुर, झूलन गोस्वामी, जेमिमा रोड्रिग्स।

# ट्विटर डील के बाद अब मस्क की नजर मैनचेस्टर यूनाइटेड पर?

एजेंसी

जब ट्वीट्स की बात आती है तो मस्क कितने गंभीर होते हैं, यह कोई कभी नहीं जान सकता। लेकिन इस खबर के संकेत ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को जरूर गुलजार कर दिया है। हाल के वर्षों में क्लब द्वारा खराब प्रदर्शन के कारण मैनचेस्टर यूनाइटेड के प्रशंसक पहले से ही मौजूदा अमेरिकी मालिक ग्लेज़र परिवार से बाहर निकलने की मांग कर रहे हैं। बुधवार सुबह इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक मस्क ने कुछ ऐसा ही ट्वीट किया है। मस्क ने ट्वीट किया कि वे मशहूर फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड को खरीद रहे हैं। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, ३मैं मैनचेस्टर यूनाइटेड को खरीद रहा हूं। आपका स्वागत है। बता दें कि



मैनचेस्टर यूनाइटेड का कंट्रोल अमेरिकन ग्लेजर फैमिली के पास है। आंकड़े के अनुसार फुटबॉल क्लब का बाजार पूंजीकरण 2.08 अरब डॉलर था। बता दें कि मैनचेस्टर यूनाइटेड के प्रशंसकों ने हाल के वर्षों में ग्लेजर्स के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किये हैं। ग्लेजर फैमिली ने इस क्लब को साल 2005 में 790 मिलियन पाउंड में खरीदा था। माइक्रोब्लॉगिंग साइट और दुनिया के सबसे अमीर शख्स मस्क ट्विटर के अधिग्रहण को लेकर अब कानूनी विवाद में पड़े हैं।

# न्यायालय ने एआईएफएफ मामले की सुनवाई टाली, केंद्र ने कहा फीफा से बातचीत जारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) मामले की सुनवाई 22 अगस्त तक टाल दी है चूंकि केंद्र ने कहा है कि भारत में अंडर 17 महिला विश्व कप कराने को लेकर फीफा से बातचीत जारी है। न्यायालय ने केंद्र से विश्व कप भारत में कराने और एआईएफएफ का निलंबन हटाने के लिये जरूरी उपाय करने के लिये भी कहा। न्यायमूर्ति डी वाय चंद्रचूड, ए एस बोपन्ना और जे बी परीदवाला की पीठ को सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि सरकार और प्रशासकों की समिति ने फीफा के साथ दो बैठकें की है और भारत में अंडर 17 महिला विश्व कप कराने के



प्रयास जारी हैं। उन्होंने मामले की सुनवाई 22 अगस्त तक स्थगित करने का अनुरोध करते हुए कहा ताकि एआईएफएफ के सक्रिय पक्षों के बीच सहमति बन सके। मेहता ने कहा कि न्यायालय के यह कहने से काफी मदद मिलेगी कि सभी पक्ष मामले का हल निकालने का प्रयास कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि अंडर 17 बच्चों के लिये यह बड़ा टूर्नामेंट है और उसे इसी से सरोकार है कि टूर्नामेंट भारत में हो। पीठ ने कहा कि कोई बाहरी इसमें दखल देगा तो बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पीठ ने केंद्र से इस मसले पर सक्रिय भूमिका निभाने और एआईएफएफ का निलंबन हटाने में मदद के लिये कहा। भारत को करारा झटका देते हुए विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संचालन संस्था फीफा ने मंगलवार को तीसरे पक्ष द्वारा गैर जरूरी दखल का हवाला देकर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को निलंबित कर दिया और उससे अक्टूबर में होने वाले अंडर-17 महिला विश्व कप के मेजबानी अधिकार छीन लिए। भारत को 11 से 30 अक्टूबर के बीच फीफा प्रतियोगिता की मेजबानी करनी थी। यह पिछले 85 साल के इतिहास में पहला अवसर है जबकि फीफा ने एआईएफएफ पर प्रतिबंध लगाया। फीफा ने कहा था कि निलंबन तुरंत प्रभाव से लागू होगा। न्यायालय ने दिसंबर 2020 से चुनाव नहीं करवाने के कारण 18 मई को प्रफुल्ल पटेल को एआईएफएफ के अध्यक्ष पद से हटा दिया था औरएआईएफएफ के संचालन के लिए उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश ए आर दवे की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय प्रशासकों की समिति (सीओए) का गठन किया था। इसके बाद से ही प्रतिबंध लगने की आशंका जताई जा रही थी।

# हरियाणा सरकार ने राष्ट्रमंडल पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार और नौकरियां दी




एजेंसी

**गुरूग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार और सरकारी नौकरियों से सम्मानित किया। स्वर्ण पदक विजेताओं को डेढ करोड़ रूपये, रजत पदक जीतने वालों को 75 लाख और कांस्य पदक विजेताओं को 50 लाख रूपये दिये गए। चौथे स्थान पर रहने वालों को 15 लाख और इन खेलों में भाग लेने वालों को 7 . 50 लाख रूपये दिये गए। हरियाणा के 29 खिलाड़ियों ने बर्मिंघम खेलों में पदक जीते। इन्हें कुल 25 . 80 करोड़ रूपये प्रदान किये गए जिसके साथ नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया। इस साल हरियाणा से 42 खिलाड़ियों ने राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लिया। कांस्य पदक जीतने वाली महिला हॉकी टीम के नौ सदस्य हरियाणा की थी। कप्तान सविता पूनिया भी हरियाणा के सिरसा से है।

# भारत के स्टार ओलंपिक फुटबॉल कप्तान समर 'बद्रू' बनर्जी का निधन

एजेंसी

**कोलकाता।** मेलबर्न 1956 ओलंपिक में एतिहासिक चौथे स्थान पर रहने के दौरान भारतीय फुटबॉल की टीम अगुआई करने वाले पूर्व कप्तान समर 'बद्रू' बनर्जी का लंबी बीमारी के बाद शनिवार तड़के यहां निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। बनर्जी के परिवार में उनकी बहू है। बद्रू दा के नाम से मशहूर बनर्जी अल्जाइमर, एजोटेमिया और उच्च रक्तचाप से संबंधित बीमारियों से पीड़ित थे। उन्हें कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद 27 जुलाई को एमआर बांगर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मोहन बागान के सचिव देबाशीष दत्ता ने पीटीआई को बताया, ''उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें राज्य के खेल मंत्री अरूप विश्वास की देखरेख में सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने तड़के करीब दो बजकर 10 मिनट पर अंतिम सांस ली।'' उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा, ''वह हमारे प्रिय बद्रू दा थे और हमने उन्हें 2009 में मोहन बागान रत्न से नवाजा था। यह हमारे लिए एक और बड़ी क्षति है।'' उनके पार्थिव शरीर को क्लब में लाया गया जहां सदस्यों और प्रशंसकों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। भारतीय फुटबॉल टीम ने अब तक तीन ओलंपिक में भाग लिया है और बनर्जी के नेतृत्व वाली 1956 की टीम ने इन खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। तब भारतीय टीम कांस्य पदक के प्ले आफ में बुल्गारिया से 0-3 से हारकर चौथे स्थान पर रही। इस युग को भारतीय फुटबॉल का 'स्वर्ण युग' माना जाता है। पहले दौर में वॉकओवर पाने के बाद सैयद अब्दुल रहीम के मार्गदर्शन में खेल रही टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-2 से हराया। इस टीम में पीके बनर्जी, नेविल डिसूजा और जे किट्टू कृष्णास्वामी भी थे। डिसूजा ने मैच में शानदार हैट्रिक लगाई। टीम अंतिम चार चरण में यूगोस्लाविया से 1-4 से हारकर फाइनल में जगह बनाने में विफल रही। मोहन बागान की अपने पहले डूरंड कप (1953), रोवर्स कप (1955) सहित कई ट्रॉफिया जीतने में मदद करने वाले बनर्जी ने एक खिलाड़ी (1953, 1955) के रूप में दो और कोच (1962) के रूप में एक बार संतोष ट्रॉफी भी जीती। वह भारतीय राष्ट्रीय टीम के चयनकर्ता भी रहे।

# जीवनभर कप्तानी नहीं कर सकते हैं डेविड वार्नर

एजेंसी

**सिडनी।** सिडनी थंडर के साथ बीबीएल में वापसी के लिए दो साल के करार पर हस्ताक्षर करने के बाद डेविड वार्नर ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से किसी भी कप्तानी पद पर आजीवन प्रतिबंध को हटाने के लिए उनसे संपर्क करने का आह्वान किया है। वार्नर को 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में गेंद से छेड़छाड़ की घटना में शामिल तीन खिलाड़ियों में स्टीवन स्मिथ और कैमरन बैनक्रॉफ्ट के साथ सबसे भारी सजा दी गई थी।

उन्हें करियर के बाकी हिस्सों में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में किसी भी नेतृत्व की स्थिति को बनाए रखने से रोका गया था। हालांकि, खेल में यह भावना बढ़ रही है कि वार्नर को कम से कम बीबीएल में कप्तानी करने की अनुमति देने के लिए निर्णय को



पलटने की जरूरत है। उस्मान ख्वाजा के ब्रिस्बेन हीट में चले जाने के बाद थंडर को 2022-23 सीजन के लिए एक नए कप्तान की आवश्यकता होगी। डेविड वॉर्नर ने रविवार को कहा कि वह उन पर लगे कप्तानी के आजीवन प्रतिबंध को हटाने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ बातचीत करने को तैयार हैं। दक्षिण अफ्रीका में 2018 में गेंद से छेड़छाड़ के मामले के बाद तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ से कप्तानी छीन ली गई थी और उन पर दो साल तक ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व नहीं करने का प्रतिबंध लगाया गया था। दूसरी तरफ वॉर्नर को और कड़ी सजा दी गई और उन्हें कप्तानी से आजीवन प्रतिबंधित कर दिया गया था। वर्तमान टेस्ट कप्तान पैट कमिंस सहित कई पूर्व और वर्तमान खिलाड़ी वॉर्नर पर लगे आजीवन प्रतिबंध को खत्म करने की अपील कर चुके हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार वॉर्नर ने कहा, ''इस मामले में कभी बातचीत हुई ही नहीं। मैं कई बार कह चुका हूं कि अब बोर्ड पर निर्भर है कि वह इस मामले में मुझसे बातचीत करे।

बोर्ड अपने दरवाजे खोले और तब मैं उनके साथ बैठकर इस मामले पर बातचीत कर सकता हूं।'' वॉर्नर, स्मिथ और कैमरन बैनक्रॉफ्ट को गेंद से छेड़छाड़ के मामले में उनकी भूमिका को लेकर कुछ समय के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने से प्रतिबंधित कर दिया गया था। वॉर्नर और स्मिथ पर एक साल का प्रतिबंध लगा था जबकि बैनक्रॉफ्ट को नौ महीने के लिए प्रतिबंधित किया गया था। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस वार्नर पर लगे प्रतिबंध को हटाने के प्रबल पक्षधर रहे हैं। एससीजी में चैपल फाउंडेशन के हालिया रात्रिभोज में उन्होंने कहा, ३मुझे समझ नहीं आता कि क्यों नहीं। वह एक शानदार नेता हैं। मुझे उम्मीद है। स्मिथ, जो 2018 में न्यूलैंड्स में कप्तान थे, को दो साल का नेतृत्व प्रतिबंध दिया गया था और पिछले साल एडिलेड में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व किया था, जब कमिंस को कोविड के निकट संपर्क होने के कारण बाहर कर दिया गया था।

हालाँकि, चाहे ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में फिर से कप्तानी की स्थिति हो, वार्नर का मानना है कि वह एक नेतृत्व की भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा, ३मेरे पास अनुभव है, मैं वैसे भी बिना किसी खिताब के टीम का नेता हूं।३ ३मैं यही कर रहा हूं, वापस दे रहा हूं, इसलिए यदि वे [युवा खिलाड़ी] किसी भी तरह से मेरे दिमाग को चुन सकते हैं, तो मेरा फोन हमेशा होता है।

# जब पीवी सिंधु बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं

एजेंसी

**तोक्यो।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू चोटिल होने के कारण पिछले एक दशक में पहली बार बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले पाएगी और उनकी अनुपस्थिति में सोमवार से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट भारत का दारोमदार युवा लक्ष्य सेन और एच एच प्रणय पर होगा। सिंधू ने विश्व चैंपियनशिप में पांच पदक जीते हैं जिनमें 2019 में जीता गया स्वर्ण पदक भी शामिल है। राष्ट्रमंडल खेलों में अपने खिताबी अभियान के दौरान वह चोटिल हो गई थी जिसके कारण उन्हें इस चैंपियनशिप से उन्हें हटना पड़ा। सिंधू का टखना चोटिल है। ऐसी स्थिति में इस टूर्नामेंट में भारत का अच्छा प्रदर्शन बरकरार रखने का दारोमदार युवा लक्ष्य के अलावा अनुभवी प्रणय और किदांबी श्रीकांत पर आ गया है। भारत ने 2011 के बाद इस चैंपियनशिप में हमेशा पदक जीता है। पिछले साल श्रीकांत ने जहां रजत पदक जीता था वहीं लक्ष्य कांस्य पदक जीतने में सफल रहे थे लेकिन इस साल मुकाबला अधिक कड़ा नजर आता है। वर्ष 2021 में जापान के केंटो मोमोटा तथा जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी गिंटिंग की इंडोनेशियाई जोड़ी ने विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लिया था लेकिन इस बार किसी खिलाड़ी ने नाम वापस नहीं लिया है। इसके साथ ही भारत के पुरुष खिलाड़ियों से उम्मीदें काफी की जा रही हैं क्योंकि हाल में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद लक्ष्य का



आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ है और वह विश्व चैंपियनशिप में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। यह 20 वर्षीय खिलाड़ी डेनमार्क के दिग्गज हैंस-क्रिस्टियन सोलबर्ग विटिंगस के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। भारत के तीनों पुरुष खिलाड़ी एक ही क्वार्टर में है और ऐसे में उनका आमना सामना हो सकता है। नौवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य तीसरे दौर में प्रणयसे भिड़ सकते हैं। प्रणय को इससे पहले दूसरे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त मोमोटा को हराना होगा। प्रणय ने पिछले कुछ समय से अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखी है। वह तीन बार सेमीफाइनल और एक बार फाइनल में पहुंचे और उनसे इसी तरह के प्रदर्शन को बरकरार रखने की उम्मीद की जा रही है। श्रीकांत को 12वीं वरीयता दी गई है और वह भी लक्ष्य और प्रणय की तरह अच्छी फॉर्म में है। राष्ट्रमंडल खेलों में उन्होंने कांस्य पदक जीता लेकिन आयरलैंड के नाट गुयेन और चीन के झाओ जून पेंग जैसे खिलाड़ियों को हराने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। यदि श्रीकांत शुरुआती बाधाओं को पार कर लेते हैं तो क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला दुनिया के पांचवें नंबर के मलेशियाई ली जिया जिया से हो सकता है। इनके अलावा पुरुष युगल में चिराग सेठी और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी पर भी सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। इस भारतीय जोड़ी ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। विश्व में सातवें नंबर की इस भारतीय जोड़ी को पहले दौर में बाई मिली है। दूसरे दौर में उनका मुकाबला मलेशिया के गोह वी शेम और टैन वी किओंग की 13वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से हो सकता है। इनके अलावा साइना नेहवाल पर भी निगाहें टिकी रहेंगी जो हाल में कम चर्चा में रही है। साइना ने विश्व चैंपियनशिप में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता है लेकिन यहां उन्हें पदक जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। साइना पहले दौर में हांगकांग की चेउंग नगन यी से भिड़ेंगी। महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी तथा गायत्री गोपीचंद और त्रेसा जॉली भी अपनी चुनौती पेश करेंगी।

# 'शेरशाह' का जलवा बरकरार, मिले सबसे ज्यादा नामांकन, रणवीर सिंह की 83 भी लिस्ट में



अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा अभिनीत 'शेरशाह' और रणबीर सिंह की '83' को 67वें फिल्मफेयर पुरस्कारों में सबसे ज्यादा नामांकन मिले हैं। आयोजकों ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 'शेरशाह' फिल्म को 19 और '83' फिल्म को 15 नामांकन मिले हैं। इसके बाद विक्की कौशल अभिनीत 'सरदार उधम' को 13 व तापसू पन्नू की 'रश्मि रॉकेट' को 11 नामांकन हासिल हुए हैं।

'शेरशाह', '83' और 'सरदार उधम' के साथ-साथ 'रामप्रसाद की तेरहवी' सर्वश्रेष्ठ फिल्म के शीर्ष पुरस्कार के लिए दौड़ में हैं। 'रामप्रसाद की तेरहवीं' का निर्देशन वरिष्ठ अभिनेत्री सीमा पाहवा ने किया है और इस फिल्म के जरिये उन्होंने निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखा है। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक की श्रेणी में, मुकाबला कबीर खान ('83'), सुजीत सरकार ('सरदार उधम'), विष्णुवर्धन ('शेरशाह'), आकर्ष खुराना ('रश्मि रॉकेट') और पाहवा के बीच होगा। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की श्रेणी में मल्होत्रा, सिंह, कौशल और धनुष के बीच मुकाबला होगा। धनुष को आनंद एल. राय की 'अतरंगी रे' के लिए नामांकन मिला है। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की श्रेणी में पन्नू के साथ-साथ 'थलाइवी' के लिए कंगना रनौत को, 'शेरशाह' के लिए कियारा आडवाणी को, 'मिमी' के लिए कृति सेनन को, 'संदीप और पिंकी फरार' के लिए परिणीति चोपड़ा को और 'शेरनी' के लिए विद्या बालन को नामांकन मिला है। पाहवा ने सर्वश्रेष्ठ कहानी के लिए तीसरा नामांकन हासिल किया है। इस श्रेणी में उनके अलावा 'चंडीगढ़ करे आशिकी' के लिए अभिषेक कपूर, सुप्रतीक सेन और तुषार परांजपे को, 'संदीप और पिंकी फरार' के लिए दिवाकर बनर्जी और वरुण ग्रोवर को, 'हसीन दिलरुबा' के लिए कनिका ढिल्लो को और 'रश्मि रॉकेट' के लिए नंदा पेरियासामी को नामांकन मिला है। बनर्जी और ग्रोवर को सर्वश्रेष्ठ पटकथा के लिए भी नामांकन मिला है। उनके साथ ही 'शेरनी' के लिए आस्था टीकू, 'रश्मि रॉकेट' के लिए अनिरुद्ध गुहा, '83' के लिए खान, संजय पूरन सिंह चौहान और वासन बाला, 'शेरशाह' के लिए संदीप श्रीवास्तव को और शुभेंदु भट्टाचार्य और रितेश शाह को 'सरदार उधम' के लिए नामांकन हासिल हुआ है। पंकज त्रिपाठी को '83' और 'मिमी' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के लिए दो नामांकन प्राप्त हुए हैं। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री की श्रेणी में कीर्ति कुल्हारी ('द गर्ल ऑन द ट्रेन'), कोंकणा सेन शर्मा ('रामप्रसाद की तेरहवीं), मेघना मलिक ('साइना'), नीना गुप्ता ('संदीप और पिंकी फरार') और साईं ताम्हनकर ('मिमी') को नामांकन मिला है। एआर रहमान को सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम ('मिमी' और 'अतरंगी रे') के लिए दो नामकांन हासिल हुए हैं। उनके अलावा अमाल मलिक ('साइना'), अमित त्रिवेदी ('हसीन दिलरुबा'), सचिन-जिगर ('चंडीगढ़ करे आशिकी') समेत अन्य को भी नामांकन मिला है। सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक की श्रेणी में गायक अरिजीत सिंह को '83' के 'लहरा दो' और 'अतरंगी रे' के 'रेत ज़रा सी' के लिए दो नामांकन मिले हैं। सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका की श्रेणी में असीर कौर को ('शेरशाह' के 'लकीरां' और 'रातां लम्बियां' गाने के लिए) और श्रेया घोषाल को ('अतरंगी रे' के 'चका चक' और 'मिमी' के 'परम सुंदरी' गाने के लिए) नामांकन हासिल हुआ है। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह, अर्जुन कपूर और मनीष पॉल के साथ फिल्मफेयर पुरस्कार 2022 समारोह की मेजबानी करेंगे। यह कार्यक्रम 30 अगस्त को स्थानीय बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होगा।

# चर्चा में जिया खान सुसाइड केस, साइकोलॉजिस्ट ने सूरज पंचोली को लेकर किए चौकाने वाले खुलासे, CBI कोर्ट को सौपी रिपोर्ट



बॉलीवुड दिवंगत अभिनेत्री जिया खान का सुसाइड मामला एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। हाल ही में अभिनेत्री की मां राबिया खान ने मुंबई की विशेष सीबीआई अदालत में गवाही दी थीं। उन्होंने अभिनेता सूरज पंचोली पर अपनी बेटी को मौखिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। राबिया खान के इस बयान के बाद से ही अभिनेता सुर्खियों में बने हुए थे कि अब उनको लेकर एक और चौकाने वाली बात सामने आई है। दरअसल, जिया खान मामले में एक साइकोलॉजिस्ट ने सीबीआई अदालत को एक रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें उन्होंने सूरज की बातों को अधूरा और मनगढ़ंत बताया है। साइकोलॉजिस्ट की इस रिपोर्ट के बाद अभिनेता की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। जिया खान के सुसाइड मामले में Central Forensic Science Laboratory की एक सीनियर साइकोलॉजिस्ट ने सूरज पंचोली के इंटरव्यू पर एक फॉरेंसिक जांच की थी, जिसकी रिपोर्ट उन्होंने हाल ही में सीबीआई अदालत को सौंपी है। साइकोलॉजिस्ट ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि इंटरव्यू के दौरान अभिनेता कुछ बोलने को तैयार नहीं थे और बनावटी बातें कर रहे थे। जिया खान की मौत से जुड़े सबूतों पर सवाल किये जाने पर सूरज घुमा फिरा कर बात कर रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि अभिनेता के बात करने के तरीके से साफ़ पता चल रहा था कि वह कुछ छुपाने की कोशिश कर रहे थे। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि जिया के सुसाइड के पीछे के सच से सूरज वाकिफ हैं। जानकारी के लिए बता दें कि ये इंटरव्यू 2015 में स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर मनोज चलादन के अंडर किया गया था। इसकी रिकॉर्डिंग पर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट ने अपनी रिपोर्ट तैयार की है। बॉलीवुड अभिनेत्री जिया खान ने 3 जून 2013 को अपने जुहू अपार्टमेंट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। अभिनेत्री के कमरे से पुलिस को 6 पेज का सुसाइड नोट भी मिला था, जिसमें उन्होंने सूरज और अपने बिगड़ते रिश्ते, ब्रेकडाउन को लेकर बातें लिखी थीं। जिया की माँ राबिया खान ने अभिनेता पर उनकी बेटी को आत्महत्या करने के लिए उकसाने का आरोप लगाया था। अभिनेत्री को मरे 9 साल गुजर गए हैं, लेकिन उनकी मौत की गुत्थी अभी तक अनसुलझी है। बता दें कि इस मामले की जाँच फ़िलहाल सीबीआई कर रही है।

# आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा के राइट्स नेटफ्लिक्स ने क्यों नहीं खरीदे?



रिपोर्ट्स के मुताबिक आमिर खान और करीना कपूर स्टारर लाल सिंह चड्ढा ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, जिससे आमिर खान को सबसे बड़े ओटीटी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के साथ अपनी डील गंवानी पड़ी। फिल्म ने सप्ताहांत में केवल INR 37.95 करोड़ की कमाई की, साथ ही स्ट्रीमिंग दिग्गज नेटफ्लिक्स ने भी फिल्म के डिजिटल अधिकारों को स्वीकार करने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। आमिर ने INR 150 Cr के साथ बातचीत शुरू की थी क्योंकि उन्हें फिल्म को लेकर पूरा विश्वास था कि फिल्म लोगों को पसंद आएगी लेकिन जैसे ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर विफल होने लगी, नेटफ्लिक्स ने रकम कम कर दी। बॉलीवुड हंगामा के एक सूत्र ने बताया, नेटफ्लिक्स ने आमिर को थियेट्रिकल और ओटीटी रिलीज़ के बीच की लागत और समय की अवधि को कम करने पूरी कोशिश की। अमिर खान लगभग 80 से 90 करोड़ के आंकड़े की पेशकश करने के लिए तैयार थे। अभिनेता कीमत और समय पर पक्के रहे क्योंकि वह चीन में भी फिल्म को रिलीज करना चाहते थे। नेटफ्लिक्स ने आखिरकार 50 करोड़ रुपये में एक सौदे की पेशकश की लेकिन आमिर खान नहीं मानें। हालांकि फिल्म के असफल होते ही नेटफ्लिक्स पीछे हट गया। अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म भी अब राइट्स खरीदने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, इसलिए आमिर औपचारिकता के तौर पर वूट पर फिल्म रिलीज करेंगे।

# पूनम पांडे सड़कों पर निकल पड़ी गोलगप्पे खाने, रीविलिंग ड्रेस पहन कर बोल्ड अंदाज में खाई पानी पूरी



मॉडल और एक्ट्रेस पूनम पंडे अपने बोल्ड अंदाज के लिए जानी जाती हैं। जब जब वह मुंबई की सड़कों पर निकलती हैं पैपराजी उनके पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। हाल ही में लगता है पूनम पांडे को खट्टा और तीखा खाने का मन हुआ इस लिए वह घर से बाहर निकल कर एक गोलगप्पे वाली शॉप पर पहुंची। पूनम जैसे ही गोलगप्पे की शॉप पर पहुंची फोटो और वीडियों बनाने वालों की भीड़ भी उनके पीछे चल पड़ी। अब सोशल मीडिया पर पूनम पांडे का वीडियो खूब वायरल हो रहा हैं। जैसे की पूनम पांडे अपने अंदाज के लिए जानी जाती हैं तो, गोल गप्पे की शॉप पर भी वह अपने रीवीलिंग अंदाज में पहुंची। पूनम पांडे ने एक स्लीम स्कर्ट पहन रखी थी और एक वाइट कलर का टॉप। उनके टॉप में पीछे केवल एक डोरी थी। उनकी ड्रेस काफी रीवीलिंग थी। उपर ने पूनम का पानीपुरी खाने का स्टाइल। यह पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरस हुआ। आपको बता दे कि इससे पहले पूनम पांडे मुंबई की सड़कों पर आम खाने निकली थी। जिस अंदाज में उन्होंने आम खाया था वह वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हु था। एक्ट्रेस पूनम पांडे अपनी बोल्ड तस्वीरों और वीडियो को लेकर हमेशा चर्चा में बनीं हुई रहती हैं। पूनम पांडे की खास बात यह है कि सोशल मीडिया पर उन्हें कोई कितना ही ट्रोल क्यों न करें लेकिन वह हमेशा अपने ही अंदाज में रहती हैं। पुलिस ने उन्हें ओपन में सेमी न्यूड वीडियो शूट करने के मामले में हिरासत में भी लिया था लेकिन नियमों का पालन करने के साथ वह फिर अपने ही अंदाज में सुर्खियां बटोरती रहती हैं। पूनम पांडे ने साथ 2020 में अपने ही कैमरामैन और निर्माता सैम बॉम्बे के साथ शादी रचाई थी। शादी के एक महीने भी नहीं बीते थे कि दोनों के बीच मारपीट की भी शिकायते भी सामने आने लगी। पूनम पांडे ने कई बार अपने पति के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई हैं। उन्होंने अपने पति पर घरेलू हिंसा करने का आरोप लगाया हैं।

## नाम में 'कपूर' जोड़ने वाली हैं आलिया, अब तक ऐसा नहीं करने की बताई वजह

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। जहाँ एक तरफ बॉलीवुड की फिल्में लगातार फ्लॉप पर फ्लॉप हो रही हैं, वहीं आलिया एक मात्र ऐसी हस्ती है जिन्होंने इस साल आरआरआर, गंगूबाई काठियावाड़ी और डार्लिंग्स जैसी लगातार तीन हिट फिल्में दी हैं। इसके अलावा पर्सनल लाइफ की बात करें तो अभिनेत्री की जिंदगी में एक नन्हा मेहमान आने वाला है, जिसका वेलकम करने के लिए उन्होंने और उनके परिवारवालों ने पूरी तैयारियां भी कर ली हैं। इन सब के बीच आलिया ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कुछ ऐसा खुलासा किया है, जिसे सुनकर उनके फैंस काफी खुश हैं। हाल ही में मिड-डे से बातचीत के दौरान आलिया भट्ट ने अपना नाम कानूनी तौर पर बदलने की बात कही है। अभिनेत्री ने कहा, ३मैं इसे कर रही हूं। मुझे इन सभी चीजों को जोड़ना है। मैं इसे करके खुश हूं। अब हमारा बच्चा होने वाला है।

मैं भट्ट नहीं बने रहना चाहती, कपूर एक साथ यात्रा कर रहे हैं; आप जानते हैं मेरा क्या मतलब है? मैं लेफ्ट आउट नहीं फील करना चाहती३। आलिया ने आगे कहा, ३मैं हमेशा आलिया भट्ट ही रहूंगी, लेकिन अब मैं एक कपूर भी हूँ३। जानकारी के लिए आपको बता दें कि रणबीर कपूर से शादी के तुरंत बाद आलिया भट्ट ने अपने पासपोर्ट पर अपना मैरिटल स्टेटस बदल लिया था। लेकिन काम में व्यस्त होने के कारण वह अपना नाम नहीं बदल पाई थीं, जिसे वह अब जल्द ही क़ानूनी तौर पर बदलने वाली हैं। अभिनेत्री हाल ही में रिलीज हुई डार्क कॉमेडी फिल्म डार्लिंग्स में नजर आई थीं और अब ब्रह्मास्त्र में नजर आने वाली है। इस फिल्म में आलिया अपने पति और अभिनेता रणबीर कपूर के साथ मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी। यह फिल्म 9 सितम्बर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके अलावा आलिया फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन से अपना हॉलीवुड डेब्यू करेगी। इस फिल्म में वह हॉलीवुड की मशहूर हस्तियां गैल गैडोट और जेमी डोर्नन के साथ नजर आएंगी।

# हार्दिक ने पत्नी नताशा के लिए शेयर की पोस्ट



हार्दिक ने अपनी और नताशा की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में लुक्स की बात करें तो नताशा मोनोकिनी बिकिनी पहनें नजर आ रही हैं, वहीं हार्दिक शर्टलेस होकर पोज देते दिखाई दे रहे हैं। इन तस्वीरों में दोनों ही बड़े हॉट लग रहे हैं और उनके फैंस को उनका यह अवतार काफी पसंद भी आ रहा है। बॉलीवुड अभिनेत्री नताशा स्टैनकोविक और उनके पति-क्रिकेटर हार्दिक पांड्या फैमिली के साथ छुट्टियां मनाने के लिए ग्रीस गए थे।

इस दौरान वह सैंटोरिनी आइलैंड पर भी गए, जहाँ दोनों अपने बेटे और फैमिली के साथ जमकर मस्ती करते नजर आए। दोनों लवबर्ड ने अपनी फैमिली ट्रिप की तस्वीरें और वीडियोज अपने-अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की, जो उनके फैंस को खूब पसंद आ रही हैं। इन सब के बीच हार्दिक ने अपनी पत्नी नताशा की तारीफ में एक पोस्ट शेयर किया है। क्रिकेटर का यह पोस्ट इस समय सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। हार्दिक पांड्या ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट किया, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, ३मेरे प्यार के लिए प्रशंसा पोस्ट३। इस पोस्ट में हार्दिक ने अपनी और नताशा की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में लुक्स की बात करें तो नताशा मोनोकिनी बिकिनी पहनें नजर आ रही हैं, वहीं हार्दिक शर्टलेस होकर पोज देते दिखाई दे रहे हैं। इन तस्वीरों में दोनों ही बड़े हॉट लग रहे हैं और उनके फैंस को उनका यह अवतार काफी पसंद भी आ रहा है। फैंस दिल और आग वाले इमोजी के साथ लवबर्ड की तारीफ करते हुए तस्वीरों पर कमेंट कर रहे हैं।

# फिर टूट कर चकनाचूर हो गया मिया खलीफा दिल! बॉयफ्रेंड से हुआ ब्रेकअप



पूर्व पोर्नस्टार मिया खलीफा (Mia Khalifa) की जिंदगी में लगता है एक बार फिर से अकेलापन आ गया हैं। पिछले दो साल से वह झाय कॉर्टेज़ को डेट कर रही हैं लेकिन उन्होंने सोशल मीडिया पर एक ऐसा हिंट दिया है जिसके बाद लग रहा हैं कि मिया खलीफा और झाय कॉर्टेज़ (Puerto Rican musician Jhay Cortez) के बीच सबकुछ ठीक नहीं हैं। लगता है दोनों का ब्रेकअप हो गया हैं। मिया खलीफा ने अपने प्यूर्टो रिकान प्रेमी के साथ सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें भी शेयर की हुई हैं। साल 2021 में उन्होंने वाइट गाउन में एक तस्वीर पोस्ट की थी जिसके बाद यह अफवाह थी कि दोनों ने सगाई कर ली हैं। हैरानी की बात यह है कि वह कलाकार के साथ अपने संबंधों के बारे में खुलकर बात करती थीं, अक्सर उनकी तस्वीरें साझा करती थीं। लेकिन अब ऐसा लग रहा था कि सब कुछ बिखर रहा है। मिया खलीफा ने टीकटॉक पर एक वीडियो शेयर करते हुए कुछ ऐसा लिखा है जिसके बाद से ही लोगों को लग रहा है कि उनके ब्रॉयफ्रेंड से उनका ब्रेकअप हो गया है। मिया ने पोस्ट में लिखा- ''जब आप भावनात्मक रूप से पूरे रिश्ते को परिपक्व कर चुके होते हैं, लेकिन आप किसी और के बड़े बेटे को पालने के लिए अपने अंदर की जंग से नहीं बच पाते हैं।

# लाखों लोगों का दिल जीतने वालीं पाकिस्तान की मशहूर गायिका नय्यरा नूर का निधन



भारत-पाकिस्तान की साझी सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करने वाली मशहूर पाकिस्तानी गायिका नय्यरा नूर का एक लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। उनके परिवार ने रविवार को यह जानकारी दी। मीडिया खबरों के मुताबिक, नूर (71) का कराची में कुछ समय से इलाज चल रहा था। उनके भतीजे रज़ा ज़ैदी ने ट्वीट किया, "अत्यंत दुख के साथ मैं अपनी प्यारी ताई नय्यरा नूर के निधन की खबर दे रहा हूं। अल्लाह उनकी रूह को सुकून दें।" गायकी के मामले में वह कानन बाला, बेगम अख़्तर और लता मंगेशकर की प्रशंसक थीं।

उन्होंने 1971 में पाकिस्तानी टेलीविजन सीरियल से पार्श्व गायन की शुरुआत की थी और उसके बाद उन्होंने घराना और तानसेन जैसी फिल्मों में अपनी आवाज दी। उन्हें फिल्म घराना के लिए सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका घोषित किया गया और 'निगार' पुरस्कार से नवाज़ा गया। नूर को उनकी गज़लों के लिए याद किया जाएगा। उन्होंने भारत-पाकिस्तान में गज़ल प्रेमियों के लिए कई महफ़िलों में प्रस्तुति दीं। उनकी प्रसिद्ध ग़ज़ल "ऐ जज्बा-ए-दिल घर मैं चाहूं" थी, जिसे प्रसिद्ध उर्दू कवि बेहज़ाद लखनवी ने लिखा था। उन्होंने डॉन अखबार को बताया था, "संगीत मेरे लिए एक जुनून रहा है, लेकिन मेरी पहली प्राथमिकता कभी नहीं। मैं पहले एक छात्र, एक बेटी थी और बाद में एक गायिका। मेरी शादी के बाद मेरी प्राथमिक भूमिकाएं एक पत्नी और एक मां की रही हैं।" नूर को 2006 में "बुलबुल-ए-पाकिस्तान" के खिताब से नवाज़ा गया था। वर्ष 2006 में, उन्हें "प्राइड ऑफ परफॉर्मेंस पुरस्कार" से सम्मानित किया गया और 2012 तक, उन्होंने पेशेवर गायिकी को अलविदा कह दिया था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नूर के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मृत्यु संगीत जगत के लिए "एक अपूरणीय क्षति" है। उन्होंने ट्वीट किया, "ग़ज़ल हो या गीत, नय्यरा नूर ने जो भी गाया, उसे संपूर्णता के साथ गाया। नय्यरा नूर की मृत्यु के बाद पैदा हुई खाली जगह कभी नहीं भर पाएगी।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DELHIHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स -WA30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276 , संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोन:8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।